निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



पुण्यतिथि पर अपने भाई दुर्गा सोरेन को श्रद्धांजलि देते सीएम हेमंत सोरेन

• बोकारो, शुक्रवार 22 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 05 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

# झारखंड में पांच लाख के इनामी कमांडरों समेत 27 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत गुरुवार को रांची में झारखंड पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सामने 27 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में पांच लाख रुपये के इनामी दो एरिया कमांडर सचिन बैक और श्रवण गोप भी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों को 16 हथियार भी सौंपे। इस कार्यक्रम में डीजीपी तदाशा मिश्रा, सीआरपीएफ आईजी साकेत कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सीआरपीएफ आईजी साकेत कुमार ने कहा कि हाल के दिनों में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को अंतिम बड़ा ऑपरेशन किया गया था जिसके बाद कई नक्सली इधर-उधर चले गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर अब उग्रवादी मुख्यधारा में लौट रहे हैं और विकास की राह चुन रहे हैं। आईजी साकेत कुमार ने अन्य नक्सलियों से भी हिंसा छोड़कर सरकार की नीति के तहत समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नक्सली आत्मसमर्पण नहीं करेंगे तो सुरक्षा बलों का अभियान आगे भी जारी रहेगा। आईजी साकेत कुमार ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के परिवारों ने भी लंबे समय तक संघर्ष और कठिनाइयों का सामना किया है। उनके लिए यह एक भावुक और महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि झारखंड को नक्सल मुक्त बनाना और विकास को गति देना सुरक्षा बलों का मुख्य उद्देश्य है। वहीं डीजीपी तदाशा मिश्रा ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि भटके हुए लोग अब समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं। डीजीपी ने भरोसा दिलाया कि आत्मसमर्पण करने वालों और उनके परिवारों को सरकार और पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर द्वारा चलाया जा रहा संयुक्त अभियान लगातार सफल हो रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं।

## बेटे ने पिता की कुदाल से मारकर की हत्या

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मनिका थाना अंतर्गत शिंजो पंचायत में एक सनकी बेटे ने कुदाल से मारकर अपने पिता की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रभात दास के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन की। फिलहाल घटना के बाद से आरोपी फरार है। दरअसल मनिका थाना क्षेत्र के शिंजो पंचायत निवासी चंदन सिंह को किसी बात को लेकर उनके पिता राजकुमार सिंह ने बुधवार की रात हल्की डांट फटकार लगाई थी। इसी बात से नाराज होकर चंदन सिंह ने घर में रखे कुदाल से अपने पिता के सिर पर हमला कर उनकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद चंदन सिंह घर से भाग गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को भी दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रभात दास के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी प्रभात दास ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी की जा रही है। मृतक राजकुमार सिंह की पत्नी और हत्यारे चंदन सिंह की मां ने बताया कि चंदन की दिमागी हालत ठीक नहीं थी।

## सीबीआइ ने सेंट्रल जीएसटी के सुपरिटेंडेंट और इंस्पेक्टर को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** रिश्वतखोरी मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई धनबाद की टीम ने गिरिडीह के सेंट्रल जीएसटी कार्यालय में छापेमारी की और बुधवार देर रात सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी तथा इंस्पेक्टर बिरजू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी बुधवार के दिनभर हुई छानबीन और पूरी तरह से सत्यापन के बाद की गई है। गिरफ्तारी के बाद गुरुवार को दोनों को सीबीआई अपने साथ लेकर धनबाद चली गई। दरअसल बिरनी प्रखंड के खाखीपीपर निवासी राजू अंसारी ने एक शिकायत सीबीआई से की थी। राजू के अनुसार उनके पास 95 लाख रुपये का जीएसटी टैक्स जमा करने का नोटिस आया था। विभाग की ओर से उन्हें तीन बार नोटिस भेजा गया। राजू अंसारी ने बताया कि नोटिस मिलने के बाद जब वे सच्चाई जानने जीएसटी कार्यालय पहुंचे तो उन्हें अपने साथ धोखाधड़ी होने का संदेह हुआ। आरोप है कि उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट, गिरिडीह जीएसटी कार्यालय में पदस्थापित सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी तथा इंस्पेक्टर बिरजू कुमार ने आपसी मिलीभगत कर उन्हें नोटिस भेजा था। इस नोटिस के बाद संबंधित अधिकारियों और सीए द्वारा मामले को सेटलमेंट के जरिए खत्म करने की बात कही जाने लगी। इसके एवज में 90 हजार रुपये की घूस मांगी गई। मामले से परेशान होकर राजू अंसारी सीधे धनबाद स्थित सीबीआई कार्यालय पहुंचा और पूरे मामले की जानकारी सीबीआई के एसपी भंवर लाल मीणा को दी। सीबीआई के निर्देश पर घूस की रकम कम कराने को लेकर बातचीत हुई जिसके बाद 65 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। ऐसे में सीबीआई ने योजना बनायी। तय योजना के अनुसार बुधवार को राजू अंसारी 50 हजार रुपये लेकर गिरिडीह के सेंट्रल जीएसटी कार्यालय पहुंचा। यहां अधिकारियों ने हाथ में खुद पैसे लेने के बजाय किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से रकम मंगवाई और उसे सुपरिटेंडेंट के घर भिजवा दिया। इस बीच बुधवार सुबह तकरीबन 11 बजे इंस्पेक्टर रघुनाथ कुमार के नेतृत्व में टीम जीएसटी कार्यालय पहुंची और दबिश दी। इसके बाद करीब 13 घंटे तक अधिकारियों से गहन पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दबाव बढ़ने पर सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी के घर से घूस की राशि मंगवाई गई। चूंकि नोटों पर सीबीआई ने पहले से केमिकल लगा रखा था। ऐसे में केमिकल टेस्ट नोट रिश्वत का है। इसकी पुष्टि होने के बाद जीएसटी सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी और इंस्पेक्टर बिरजू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### संक्षिप्त समाचार

#### लाइनमैन रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बिजली विभाग के एक लाइनमैन को 5 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हजारीबाग एसीबी की टीम ने की है। गिरफ्तार लाइनमैन की पहचान सुनील कुमार के रूप में हुई है, जो झुमरीतिलैया स्थित विद्युत कार्यालय में कार्यरत है।

#### ससुराल गए दामाद की मौत

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में ससुराल गए दामाद की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मारपीट के बाद युवक को पुल के नीचे फेंक दिया गया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस जांच में जुटी है। मामला मझिआंव थाना क्षेत्र अंतर्गत खरसोता गांव का है जहां स्वर्गीय प्रगाश चौधरी के 34 वर्षीय पुत्र सुनील चौधरी की मारपीट कर हत्या करने का आरोप ससुराल वालों पर लगा है।

#### हाथी की संदिग्ध मौत, जांच में जुटा वन विभाग

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सरिया रेंज में एक हाथी की मौत हो गई। हाथी की मौत बीच जंगल में हुई है। हाथी का शव सरिया रेंज के धोबारी जंगल में मिला है। जिस जगह पर हाथी का शव मिला है, वह इलाका हजारीबाग पूर्वी वन क्षेत्र में आता है। घटना की सूचना पर स्थानीय वन कर्मियों के साथ साथ हजारीबाग पूर्वी वन प्रक्षेत्र के डीएफओ विकास उज्जवल भी मौके पर पहुंचे हैं। इसके अलावा पशु चिकित्सक भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं।

## दो कारों से 50 लाख का अफीम डोडा जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** चतरा पुलिस ने नशा माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सिमरिया थाना क्षेत्र से लगभग 50 लाख रुपए मूल्य का अवैध अफीम डोडा बरामद किया है। तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए लेकिन पुलिस ने उनकी दो कारों से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ जब्त कर लिया। पुलिस ने कुल 324 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया। यह खेप हजारीबाग भेजने की तैयारी थी। चतरा एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि चतरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अफीम तस्करों का एक गिरोह बधार इलाके से देलहो (सिमरिया) होते हुए सक्रिय है। सूचना मिलते ही सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। जांच के दौरान चतरा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही दो कारें दिखाई दीं। पुलिस को देखकर तस्कर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर गाड़ियां छोड़कर भागने में सफल रहे। जब पुलिस टीम ने दोनों लावारिस खड़ी गाड़ियों की सघन तलाशी ली, तो एक कार की डिक्की और सीट के नीचे से कुल 169 किलोग्राम और दूसरी कार से कुल 155 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा बरामद किया गया। दोनों वाहनों को मिलाकर कुल 324 किलोग्राम डोडा जब्त किया गया है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपए आंकी जा रही है।

### भाई दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर भावुक हुए सीएम हेमन्त सोरेन, बोले

## इनकी बदौलत मिला अलग झारखंड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता एवं पूर्व विधायक और अपने भाई दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर लोवाडीह, नामकुम स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक स्थल पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रेस को संबोधित करते हुए स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि दुर्गा सोरेन ने अलग झारखंड राज्य की लड़ाई और वंचितों के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोग एकत्रित होकर स्वर्गीय दुर्गा सोरेन को याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्गा सोरेन एक दूरदर्शी, संघर्षशील और जनभावनाओं से जुड़े नेता थे, जिनका पूरा जीवन जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। हेमन्त सोरेन ने कहा कि स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के विचार और आदर्श हमेशा सभी को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि दुर्गा सोरेन जैसे संघर्षशील लोगों की शहादत और आंदोलन के बदौलत ही झारखंड को अलग राज्य का दर्ज़ा मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े भाई स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जैसे कर्मठ और युवा नेताओं पर पूरे राज्य को गर्व है। उन्होंने उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन किया। दुर्गा सोरेन स्मारक स्थल पर कई जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने भी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को स्मरण किया।


## कोयला कंपनी से लेवी मांगने वाले दो गिरफ्तार

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो स्थानीय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन पर एक कोयला कंपनी से नक्सली संगठन के नाम पर 50 लाख रुपए की लेवी मांगने का आरोप है। एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि बीजीआर कोल माइन्स कंपनी बरदाहा गांव के पास इकड़ी नाला में एक पुल का निर्माण कर रही है। 14 मई की रात दो नकाबपोश बदमाश निर्माण स्थल पर पहुंचे और नक्सली संगठन के नाम पर 50 लाख रुपए की लेवी मांगी। इस संबंध में थाना में कांड संख्या 34/26 दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया। इसके बाद अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के बड़दाहा निवासी चांद हांसदा उर्फ चुटरोय और पचुवाड़ा निवासी चानुस सोरेन को गिरफ्तार किया गया।

## सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। ये तीनों दोस्त डुमरी थाना क्षेत्र के एक ही गांव आकाशी उजड़ा के निवासी थे। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। लोग रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। परिजनों के मुताबिक तीनों युवक चैनपुर से अपने घर लौट रहे थे। डढ़गांव के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक आम के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों की



मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान उजड़ा गांव निवासी 19 वर्षीय अक्षय केरकेट्टा, 18 वर्षीय आर्यन टोप्पो और 18 वर्षीय संजीत केरकेट्टा के रूप में हुई है। अक्षय ने 2026 में संत अन्ना विद्यालय से इंटर प्रथम श्रेणी में पास किया था जबकि आर्यन संत पैट्रिक स्कूल में 11वीं का छात्र था। संजीत ने 10वीं पास करने के बाद दो साल पहले पढ़ाई छोड़ दी थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के एसआई धर्मपाल संतोष लगून मौके पर पहुंचे। घटना की पुष्टि करते हुए उन्होंने गुरुवार को तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। घटना कैसे घटी इन सभी विषयों पर बारीकी से जांच शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। परिजनों ने यह भी बताया कि वे कथित तौर पर नशे में थे। पूरे मामले का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा।

## पति ने पत्नी व बच्ची की हत्या कर दफनाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पाकुड़।** जिले के महेशपुर प्रखंड अंतर्गत इच्छानगर गारामारा गांव में एक परिवार में हुए आपसी विवाद में पति ने अपनी पत्नी व मासूम बच्ची की निर्मम तरीके से हत्या कर दी और उसे दफना दिया। घटना बुधवार देर रात्रि की है। गुरुवार को जब गांव में चर्चा हुई और महिला व बच्ची की खोजबीन लोगों ने की तो कुछ पता नहीं चला और मामले की जानकारी रद्दीपुर ओपी पुलिस को दी। इस घटना की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी संजय सिन्हा, ओपी प्रभारी अजय उपाध्याय दलबल के साथ पहुंचे और महिला व बच्ची की तलाश जारी की लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने हत्यारोपित पति को हिरासत में लिया और कड़ी पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांव के ही एक निर्माणाधीन मकान में गड्ढा खोदकर दोनों शव को दफना दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नरेश टुडू एवं उसकी पत्नी शर्मीला किस्कू के बीच किसी बात को लेकर कहासूनी हुई थी। बात इतनी बिगड़ गयी कि नरेश ने अपनी पत्नी शर्मीला किस्कू व उसकी 12 वर्षीय बेटी नेहा टुडू की हत्या कर दी और उसके बाद पास में ही जूनाश टुडू की जमीन पर बन रहे प्रधानमंत्री आवास में शव को दफना दिया है। पुलिस व स्थानीय लोग नरेश की बात सुनकर हैरान हो गये। ओपी प्रभारी ने इसकी सूचना अपने वरीय अधिकारियों को दी। जानकारी मिलते ही अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी संजय सिन्हा पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से पीएम आवास में खुदाई की तो दोनों का शव मिला। पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में उच्च शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने और विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने को लेकर गुरुवार को रांची स्थित चाणक्य बीएनआर होटल में दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविद् और विभागीय अधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन में उच्च शिक्षा की चुनौतियों, सुधार की जरूरत, शोध, रोजगारोन्मुखी शिक्षा, तकनीकी बदलाव और प्रशासनिक पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की पहचान केवल भवनों से नहीं बल्कि वहां के शैक्षणिक वातावरण, शोध, अनुशासन और नवाचार से होती है। राज्यपाल ने झारखंड में उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य का सकल नामांकन अनुपात राष्ट्रीय औसत से कम है और उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समय पर परीक्षा और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की कमी के कारण बड़ी संख्या में छात्र राज्य से बाहर जाने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति आत्ममंथन की मांग करती है। उन्होंने कहा कि अब समय केवल समस्याओं की चर्चा करने का नहीं बल्कि परिणाम देने का है। विश्वविद्यालयों को ऐसे संस्थान के रूप में विकसित करना होगा जहां छात्रों को बेहतर शिक्षा और अवसर राज्य के भीतर ही मिल सकें। सम्मेलन में विश्वविद्यालयों में एकेडमिक कैलेंडर का सख्ती से पालन, नियमित कक्षाएं, समय पर पाठ्यक्रम पूरा करना और निर्धारित समय सीमा में परीक्षा परिणाम जारी करने पर विशेष जोर दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य किसी भी प्रशासनिक शिथिलता का शिकार नहीं होना चाहिए। बैठक में शोध और नवाचार को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। विश्वविद्यालयों को केवल डिग्री बांटने वाले संस्थान नहीं बल्कि स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप और इंडस्ट्री लिंकज के केंद्र के रूप में विकसित करने की जरूरत बताई गई। साथ ही स्थानीय समस्याओं से जुड़े शोध कार्यों को बढ़ावा देने की बात कही गई ताकि शिक्षा का लाभ समाज और राज्य के विकास में सीधे तौर पर दिखाई दे सके। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालयों में पारदर्शिता, जवाबदेही और शैक्षणिक उत्कृष्टता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कुलपतियों और विश्वविद्यालय अधिकारियों से नए अधिनियम का गंभीरता से अध्ययन करने और उसे प्रभावी ढंग से लागू करने का आग्रह किया।




C M Y K

# केशवारी-दलांगी पुल निर्माण को लेकर प्रशासन सक्रिय, उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**गिरिडीह।** जिले में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से उपायुक्त श्री रामनिवास यादव ने गुरुवार अहले सुबह सरिया प्रखंड के केशवारी तथा बिरनी प्रखंड के दलांगी गांव को जोड़ने वाले प्रस्तावित पुल निर्माण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और अभियंताओं से पुल निर्माण की संभावनाओं, पहुंच मार्ग और भू-भाग की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली निरीक्षण के दौरान नक्शा एवं गुनिया की सहायता से पुल निर्माण हेतु चयनित भूमि का सीमांकन कार्य भी कराया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सीमांकन कार्य पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक समस्या उत्पन्न न हो उपायुक्त यादव ने कहा कि प्रस्तावित पुल क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। पुल निर्माण से सरिया और बिरनी प्रखंड के बीच संपर्क और अधिक मजबूत होगा तथा ग्रामीणों को वर्षा ऋतु में होने वाली परेशानियों से बड़ी राहत मिलेगी उन्होंने संबंधित विभाग के अभियंताओं से पुल निर्माण की प्रारंभिक रूपरेखा, तकनीकी पहलुओं एवं आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी भी प्राप्त की।

उपायुक्त ने कहा कि पुल बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य शुरू होने से पूर्व सभी आवश्यक प्रक्रियाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बगोदर सरिया संतोष गुप्ता, अंचलाधिकारी सरिया, अंचलाधिकारी बिरनी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सरिया, संबंधित विभाग के अधिकारी, अभियंता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उद्योग विभाग एवं मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** उद्योग विभाग, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, जनजागरण मंच तथा विभिन्न कलाओं से जुड़े आर्टिजन के साथ उपायुक्त श्री हेमन्त सती



ने समीक्षा बैठक की। बैठक में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा जिले में संचालित लघु एवं कुटीर उद्योगों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में बोर्ड से जुड़कर हैंडीक्राफ्ट का कार्य रहे विभिन्न संस्था के कारीगर उपस्थित थे। बैठक के दौरान लघु कुटीर उद्योग के जिला उद्यमी समन्वयक ने जानकारी दी कि वर्तमान में जिले में लगभग 2000 आर्टिजन जूट उत्पाद निर्माण, सोहराई कला, सिलाई एवं कढ़ाई, काष्ठ कला, बांस से निर्मित सामग्री एवं टेराकोटा कला से जुड़े कार्य कर रहे हैं। जूट आधारित उत्पादों का निर्माण मुख्य रूप से बरही, कटकमदाग, विष्णुगढ़, सदर एवं बड़कागांव क्षेत्र में किया जा रहा है, जहां कारीगर जूट के थैले, जूट वाटर बोतल बैग, फोल्डर सहित अन्य उपयोगी सामग्री तैयार कर रहे हैं। उपायुक्त ने सभी कारीगरों का आर्टिजन कार्ड बनाने का निर्देश दिया तथा जूट कारीगरों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि जूट एवं अन्य हस्तशिल्प उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने हेतु एक समर्पित हृक्राफ्ट सेंटरह विकसित किया जाए, जहां जिले के विभिन्न प्रकार के क्राफ्ट का प्रदर्शन एवं विपणन किया जा सके। उपायुक्त ने जन जागरण केन्द्र द्वारा जूट प्रशिक्षण के लिए आधारभूत संरचना निर्माण, टूलकिट वितरण एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी हैंडीक्राफ्ट समूहों एवं संस्था का आर्टिजन कार्ड, सोसाइटी रजिस्ट्रेशन तथा कोऑपरेटिव रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने महिला कारीगरों के आर्थिक उत्थान हेतु सतत एवं दीर्घकालिक कार्य करने पर विशेष बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि बोर्ड से जुड़े सभी आर्टिजन का प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकरण कराया जाना आवश्यक है, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में कुम्हार समुदाय के लोगों से इलेक्ट्रिक चाक वितरण के बाद उनके अनुभवों की भी जानकारी ली गई।

## संक्षिप्त समाचार

### चिद्री गांव में डीवीसी का विशेष स्वच्छता अभियान, ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

**कोनार/हजारीबाग (नबिटासं)।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) कोनार परियोजना द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत चिद्री गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान चलाया गया। भारत सरकार के निदेर्शानुसार 16 मई से 30 मई तक आयोजित इस अभियान में डीवीसी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की गई तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कोनार परियोजना के परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास साफ-सफाई रखने, प्लास्टिक मुक्त वातावरण अपनाने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। इस अवसर पर डॉक्टर बी.एन. मंडल, वरीय प्रबंधक विशाल यादव, प्रबंधक चंदन कुमार, सुनील कुमार, राउत सोरेन (असैनिक) सहित ग्रामीण सोहन साव, धनेश्वर महतो, सिकंदर एवं गांव की महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी ने अभियान को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया।



### बरवाडीह ग्राउंड में ड्राइविंग टेस्ट, सड़क सुरक्षा को लेकर अभ्यर्थियों को किया जागरूक

**गिरिडीह (नबिटासं)।** गिरिडीह जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के निदेर्शानुसार बुधवार को बरवाडीह ग्राउंड में नए ड्राइविंग लाइसेंस अभ्यर्थियों के लिए ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मोटरयान निरीक्षक गौरी शंकर कुमार रवि ने किया इस दौरान ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने पहुंचे अभ्यर्थियों का ड्राइविंग टेस्ट लिया गया तथा उन्हें सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की सलाह दी साथ ही हिट एंड रन, राहवीर स्कीम एवं गुड सेमेरिटन योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले लोगों को सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है कार्यक्रम में मौजूद अभ्यर्थियों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।



### समर कैंप 2026 का रंगारंग समापन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** जी .डी बगरिया मॉडर्न एंड वैदिक स्कूल में आयोजित पाँच दिवसीय समर कैंप 2026 का पाँचवें एवं अंतिम दिन उत्साह और उमंग के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, फैशन शो, खेलकूद एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया कैंप के दौरान बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ सीखी गई कला एवं कौशल को मंच पर प्रस्तुत किया। पूरा कार्यक्रम ऊर्जा, खुशी और टीमवर्क की भावना से भरपूर रहा। विद्यालय के शिक्षकों ने भी कैंप को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अजय बगरिया , सचिव संगीता बगरिया , सोनल बगरिया तथा प्राचार्या लवली मिश्रा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और संवाद कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं समापन समारोह तालियों और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। समर कैंप 2026 बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ सीखने का भी यादगार अनुभव साबित हुआ।

### जिला कांग्रेस कार्यालय में राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**गिरिडीह (नबिटासं)।** जिला कांग्रेस कार्यालय में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने अत्याचार, अन्याय और आतंकवाद के खिलाफ कभी न झुकने की शपथ भी ली।श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा कि आज पूरा देश कृतज्ञ होकर राजीव गांधी को याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने अपने अल्पकालीन शासन में भारत को आधुनिक राष्ट्र बनाने की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने, संचार क्रांति, अंतरिक्ष एवं रक्षा कार्यक्रम को नई दिशा देने तथा देश को तकनीकी रूप से अग्रणी बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा उन्होंने कहा कि युवाओं को लोकतंत्र की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने का ऐतिहासिक निर्णय भी राजीव गांधी ने ही लिया था। इसके साथ ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए दल-बदल विरोधी कानून लागू किया तथा महिला आरक्षण के लिए संसद में बिल पेश किया सतीश केडिया ने कहा कि वर्तमान समय में लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं, ऐसे में कांग्रेस कार्यकताओं का दायित्व है कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेजाम, सुलेमान अख्तर, राजेश तुरी, धनंजय सिंह, लड्डू खान, अशोक विश्वकर्मा, जुनैद आलम, नेसाब, मंजूर अंसारी, सोहेल, चांद राशिद, सोनू खान, गोरु, बेलाल हुसैनी, इरफान, शाहनवाज, दिनेश विश्वकर्मा, चंद्रशेखर सिंह, मोहम्मद मनीर, मोहम्मद नवाब समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## उपायुक्त ने की आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय खाद्य निगम, राज्य खाद्य निगम के गोदामों, खाद्यान्नों के प्रखंडवार उठाव, डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था एवं राशन वितरण प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राशन कार्ड धारकों की संख्या, अंत्योदय, हरा एवं पीला राशन कार्ड की स्थिति तथा पीडीएस के माध्यम से खाद्यान्न आपूर्ति की जानकारी ली। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जिले में लगभग 14 लाख 58 हजार राशन




कार्ड लाभुक हैं तथा वर्तमान में लगभग 200 रिक्तियां हैं, जिनमें पात्र लाभुकों/सदस्यों को जोड़े जाने की प्रक्रिया चल रही है।

उपायुक्त ने डिलीशन कार्य गंभीरता से करने का निर्देश देते हुए कहा कि अयोग्य लाभुकों का नाम हटाकर योग्य लाभुकों को लाभ से जोड़ना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लाभुकों का ई-केवाईसी कराया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वास्तविक पात्र लाभुकों की पहचान सुनिश्चित हो सके तथा अपात्र लाभुकों को हटाया जा सके। बैठक में जिले के गोदामों की स्थिति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में 2 एफसीआई एवं 14 जेएसएफसी गोदाम संचालित हैं। उपायुक्त ने सभी गोदामों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने खाद्यान्नों के सुरक्षित एवं बेहतर रख-रखाव हेतु गोदामों में बिजली व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, चूहों से बचाव के लिए रसायनों का उपयोग तथा गोदामों की छतों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने गोदामों की क्षमता की जानकारी लेते हुए प्रत्येक माह गोदाम सत्यापन कराने का निर्देश दिया। साथ ही गोदामों से निकलने वाले खाद्यान्नों के आगत-निर्गत पंजी के संधारण एवं उसकी नियमित जांच करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सप्लाई ऑफिसर सोमवार से शनिवार तक गोदामों का निरीक्षण करें, स्टॉक एवं शॉर्टेज की जांच करें तथा अभिलेखों का सत्यापन सुनिश्चित करें।

## कोनार प्रमंडल बगोदर एवं डुमरी का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने गुरुवार को कोनार प्रमंडल बगोदर एवं कोनार प्रमंडल डुमरी क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने विभिन्न स्थलों पर चल रहे कार्यों की भौतिक स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने, तकनीकी मानकों का पालन करने तथा पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। यादव ने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को नियमित मॉनिटरिंग, जवाबदेही तय करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि क्षेत्रीय समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने यह भी कहा कि विकास योजनाओं की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा और सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना अनिवार्य है।

## ब्राउन शुगर सिंडिकेट का भंडाफोड़, 52 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 5 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** हजारीबाग जिले के ईचाक थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर तस्करी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने ग्राम लोटवा जंगल के रास्ते से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 52 ग्राम ब्राउन शुगर एवं 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 20 एवं 21 मई 2026 को छापेमारी की।



कार्रवाई के दौरान राहुल कुमार, दीपक कुमार, विशाल कुमार, अमित कुमार और मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। बरामद पदार्थ की जांच डी.डी. किट से की गई, जिसमें ब्राउन शुगर होने की पुष्टि हुई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का नेटवर्क ईचाक के अलावा पदमा, बरही और हजारीबाग शहर तक फैला हुआ था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी चतरा जिले के सप्लायरों से करीब 1400 रुपये प्रति ग्राम की दर से ब्राउन शुगर खरीदते थे और 2200 से 2400 रुपये प्रति ग्राम तक बेचते थे। गिरोह संचालन के लिए व्हाट्सएप ग्रुप का इस्तेमाल किया जाता था। इस मामले में ईचाक थाना कांड संख्या 91/26 दर्ज करते हुए पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट एवं बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किसी भी आरोपी को नशा करने की लत नहीं थी, बल्कि सभी सप्लाई नेटवर्क से जुड़े हुए थे। अवैध कमाई की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल कुमार (गुंजा), विशाल कुमार (रतनपुर), अमित कुमार (बरकाकला), दीपक कुमार (बरका खूर्द) और मुकेश कुमार (सायलखुर्द) शामिल हैं। इनमें राहुल कुमार पर एनडीपीएस, चोरी, आर्म्स एक्ट और हिंसक घटनाओं समेत करीब 19 मामले पहले से दर्ज हैं। छापेमारी दल में अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, एसडीपीओ अमित आनंद, ईचाक थाना प्रभारी गौतम कुमार, लोहसिंघना थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा, पेलावल ओपी प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय सहित ईचाक थाना पुलिस बल शामिल थे।

## स्वच्छ भारत अभियान के तहत पीवीयूएनएल में पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आज ऐश माउंड क्षेत्र में विशाल वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ए.के. सहगल, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) अनुपम मुखर्जी, महाप्रबंधक (परिचालन एवं अनुरक्षण) मनीष खेतरपाल, महाप्रबंधक परियोजना विष्णु दत्ता दास तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख जियाउल रहमान सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।




इस वृक्षारोपण अभियान में आसपास के गांव बलकुदरा, जयनगर एवं लबगा के मुखियाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं स्वच्छता के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाने से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया। पीवीयूएनएल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत समय-समय पर इस प्रकार के जनहितकारी अभियान चलाए जाते रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन सख्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त-सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर जिले में यातायात व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे बैठक के दौरान उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रमों और सुरक्षा उपायों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिवहन विभाग को हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ नियमित जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गयाउपायुक्त ने लंबित हिट एंड रन मामलों की समीक्षा करते हुए त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। साथ ही दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर वहां सुरक्षा उपाय लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जागरूकता अभियान लगातार चलाया जाए और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए बैठक में सभी थाना प्रभारियों को नियमित वाहन जांच अभियान चलाने तथा लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा अवैध परिवहन और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की बात कही गई।उपायुक्त ने गुड समेरिटन रिपोर्ट एवं इराड एंट्री से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की और सभी लंबित प्रविष्टियों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित सड़कों और चौक-चौराहों पर स्पीड लिमिट बोर्ड लगाने तथा आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण कराने का निर्देश दिया। विशेष रूप से डुमरी रेफरल अस्पताल के सामने स्पीड ब्रेकर निर्माण सुनिश्चित करने को कहा गया उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सड़क सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## गिरिडीह में अवैध खनन पर प्रशासन सख्त डीसी रामनिवास यादव ने दिए कड़े निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, खनन इंस्पेक्टर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जिले में किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित संयुक्त छापेमारी अभियान चलाने तथा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को राजस्व क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। उपायुक्त ने खनन विभाग और पुलिस प्रशासन को समन्वय बनाकर संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही चेक पोस्ट एवं पिकेट पर वाहनों की नियमित जांच करने तथा बिना चालान एवं ओवरलोड खनिज परिवहन करने वाले वाहनों को तत्काल जब्त करने को कहा। विशेष रूप से अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज करने और नियमानुसार जुमार्ना वसूली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

## सीबीआई की बड़ी कारवाई, घूसखोरी मामले में जीएसटी के दो अधिकारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बुधवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सेंट्रल जीएसटी विभाग के सुपरिटेंडेंट और इंस्पेक्टर को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। धनबाद से आई सीबीआई टीम ने शहर के बजरंग चौक स्थित सेंट्रल जीएसटी कार्यालय में छापेमारी कर यह कार्रवाई की, जिससे पूरे विभाग में हड़कंप मच गया जानकारी के अनुसार बिरनी प्रखंड के खाखीपीपर निवासी राजू अंसारी ने सीबीआई से शिकायत की थी कि वर्ष 2023 में उनके वेंडर अनीश कुमार सेठ तथा जीएसटी विभाग में पदस्थापित सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी और इंस्पेक्टर बिरजू कुमार ने कथित मिलीभगत कर उन्हें 95 लाख रुपये का जीएसटी टैक्स



नोटिस भेजा था। राजू अंसारी का आरोप है कि मामले को सेटलमेंट के नाम पर निपटाने के लिए उनसे 90 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई पीड़ित राजू अंसारी ने मामले को लेकर माले नेता राजेश सिन्हा से संपर्क किया। बताया जाता है कि राजेश सिन्हा ने पहले संबंधित अधिकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब बातचीत संदिग्ध लगी तो उन्होंने सीधे सीबीआई एसपी भंवर लाल मीणा से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद राजू अंसारी को धनबाद स्थित सीबीआई कार्यालय भेजा गया, जहां उन्होंने अधिकारियों को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया।

सीबीआई के निर्देश पर रिश्वत की रकम कम कराने को लेकर बातचीत हुई और अंततः 65 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। योजना के तहत बुधवार को राजू अंसारी 50 हजार रुपये लेकर गिरिडीह स्थित सेंट्रल जीएसटी कार्यालय पहुंचे। आरोप है कि अधिकारियों ने खुद पैसे हाथ में लेने के बजाय किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से राशि मंगवाई और उसे सुपरिटेंडेंट के घर भिजवा दिया। इसकी सूचना पहले से सीबीआई टीम को दे दी गई थी सीबीआई द्वारा दिए गए नोटों पर विशेष केमिकल लगाया गया था। रकम स्वीकार किए जाने की पुष्टि होते ही सीबीआई इंस्पेक्टर रघुनाथ कुमार के नेतृत्व में टीम ने सुबह करीब 11 बजे कार्यालय में दबिश दी। इसके बाद करीब 13 घंटे तक अधिकारियों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दबाव बढ़ने पर सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी के घर से घूस की राशि बरामद की गई।

# पांच बच्चियां एक साथ लापता

**☐परिजनों ने जतायी अनहोनी की आशंका**
**☐पुलिस की टीम बच्चियों की तलाश में जुटी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के लालूचक से एक साथ पांच बच्चियां देर रात से लापता हैं। सभी बच्चियों की उम्र 10 से 12 वर्ष बताई जा रही है। लापता बच्चियों में गंगा, पल्लवी, तेजस्वी, सोनम और श्वेता कुमारी शामिल हैं। परिजनों द्वारा नाथनगर थाना में लापता होने की सूचना दी गई है। सूचना मिलने के बाद नाथनगर थाना पुलिस हरकत में आ गई है और मामले की छानबीन में जुट गई है।

परिजनों ने बताया कि सभी बच्चियां एक ही स्कूल में पढ़ती हैं। मंगलवार रात करीब 9 बजे सभी अपने-अपने घरों से निकलकर एक जगह इकट्ठा हुई थीं। इसके बाद देर रात से सभी बच्चियां लापता हो गईं। परिजनों का कहना है कि जब काफी देर तक बच्चियां घर नहीं लौटीं तो उनकी खोजबीन शुरू की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। एक साथ पांच बच्चियों के लापता होने की घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। परिजन काफी भयभीत हैं और बच्चियों की सुरक्षित बरामदगी की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोग भी घटना को लेकर चिंता में हैं और तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं।

मामले की सूचना मिलने के बाद नाथनगर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और बच्चियों की तलाश में जुटी हुई है। वहीं परिजन पुलिस से जल्द से जल्द बच्चियों को खोज निकालने की मांग कर रहे हैं।

टीम पूरे जिले में सक्रिय हो गई है और रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बरारी घाट, सबौर घाट सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। एसएसपी ने कहा कि गुमशुदा बच्चियों के बारे में सूचना देने वाले को 25,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। साइबर सेल और डॉग स्क्वायड को भी खोज कार्य में लगाया गया है।

# आग से चार झुलसे, एक की हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना सिटी के चौक थाना क्षेत्र स्थित खाटू श्याम गली में बुधवार को एक मकान में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में मौजूद लोगों को संभलने का मौका भी नहीं मिला। घटना में दो महिलाएं, एक पुरुष और एक बच्चा गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) में भर्ती कराया गया है, जहां एक व्यक्ति की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार की सुबह घर के अंदर से अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और इलाके में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घर में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। संकरी गली होने के कारण राहत और बचाव कार्य में काफी दिक्कत आई, लेकिन स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।घटना की सूचना मिलते ही चौक थाना पुलिस और पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी डॉ. गौरव कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। परिवार के एक सदस्य ने आरोप लगाया है कि किसी ने जानबूझकर आग लगाई है। इस गंभीर आरोप को देखते हुए मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया जा रहा है, ताकि वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए जा सकें।

## दलित को घर में घूसकर पीटा

**डोभी।** गयाजी जिलांतर्गत डोभी प्रखंड स्थित सिंघ पोखर के परशुराम यादव, चंदन यादव, सोनू यादव, सियाराम यादव, जयराम यादव और बलिराम यादव बबन मांझी के घर में घुसकर गाली गलौज किया और मारा - पीटा ।जिससे बबन और बबन की पत्नी को चोटिल हो गयी। दूसरे दिन ही सुबह करीब 9 बजे डोभी पहुंचकर घटना की जानकारी थाना प्रभारी को आवेदन देकर जानकारी दी। इसके साथ ही दलित थाना चंदौती और आरक्षी अधीक्षक, गया को भी घटना की जानकारी दी गई लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आरोपित लोग बेखौफ हैं। बबन को गांव छोड़कर हमेशा के लिए भाग जाने को कहा जा रहा है। बबन मांझी और परिवार दहशत में हैं ।

मजदूरी कर किसी तरह घर चलाने वाले बबन मांझी पास घर के अलावा थोड़ी सी जमीन भी है जो आरोपियों के आंख पर चढ़ा हुआ है। बबन मांझी और परिवार को जबरन बेदखल कर कब्जा जमाना चाहते हैं। पूर्व सरपंच मल्लू मांझी और लोक समिति के बालेश्वर मांझी ने कहा कि दलितों पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ी है ।

# नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। मुंगेर के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के झील पर 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ मंगलवार की शाम तीन आरोपियों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद जैसे-तैसे पीड़िता हवेली खड़गपुर पीएनबी बैंक के पास पहुंची और लोगों से मदद की गुहार लगाई। वहीं स्थानीय लोगों ने फोन कर पीड़िता के परिवारवालों को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजन बच्ची को घर ले गए।

पीड़िता ने परिजनों को बताया कि उसका प्रेमी, शामपुर थाना क्षेत्र के गोबबड्डा गांव निवासी रामशरण बिंद का पुत्र टुनटुन बिंद, मंगलवार की शाम बहला-फुसलाकर अपनी बाइक से झील पर ले गया। वहां पहुंचने पर उसके दो दोस्त पहले से मौजूद थे। इसके बाद तीनों ने मिलकर बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे छोड़कर फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने हवेली खड़गपुर पुलिस को सूचना दी। पीड़िता के पिता के आवेदन पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में कांड दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी टुनटुन बिंद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

पीड़िता के पिता ने आवेदन में बताया है कि करीब चार महीने पहले आरोपी टुनटुन शादी का रिश्ता लेकर उनके घर आया था। लेकिन लड़की के नाबालिग होने के कारण परिवार ने शादी से इनकार कर दिया था। इसके बावजूद आरोपी चोरी-छिपे उनकी बेटी से बातचीत करता था और उसी भरोसे का फायदा उठाकर घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के परिजनों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# मौसम का पारा पहुंचा 42 डिग्री पार

**आहर, पइन में राहत तलाश रहे बच्चे**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। चार दिन पहले 17 मई को 42 डिग्री सेल्सियस के तापमान से झुलसने के बाद गुरुवार को एक बार फिर शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

वहीं, न्यूनतम तापमान भी 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे दिन के साथ-साथ रात में भी लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा। उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित रहा।

घरों में चल रहे पंखे और कूलर भी गर्म हवा के आगे बेअसर दिखाई दिए। ऊपर से बिजली की आंख-मिचौली ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। गुरुवार को करीब 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली पुरवइया हवा भी गर्मी से राहत देने में नाकाम रही। मौसम विभाग के अनुसार, औसत आर्द्रता घटकर 37 प्रतिशत पर पहुंच गई, जिससे उमस और अधिक महसूस की गई।

स्कूलों में छुट्टियां होने के कारण बच्चे भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए नहरों और तालाबों की ओर रुख करते दिखे। दोपहर के समय बच्चे घंटों पानी में मस्ती करते नजर आए।

दूसरी ओर जरूरी काम से बाहर निकले लोग सड़क किनारे पेड़ों की छांव में राहत तलाशते दिखाई दिए, जबकि शर्बत और ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों पर भी अच्छी-खासी भीड़ देखी गई।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले 10 दिनों तक तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव हो सकता है, लेकिन उमस भरी गर्मी से फिलहाल राहत मिलने की संभावना कम है।

## शराब तस्कर ने जदयू नेता को रौंदा

**सुपौल।** रतनपुरा थाना क्षेत्र के रतनपुर नया बाजार एनएच 106 पर तेज रफ्तार होंडा सिटी कार सवार शराब तस्करों ने रतनपुर पंचायत जदयू अध्यक्ष मनोज कुमार मेहता (58) को रौंद दिया।

इस हादसे में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दो शराब तस्करों को 1050 बोतल शराब सहित गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 6 बजे के करीब गश्ती पर निकली रतनपुरा थाना की गश्ती गाड़ी को भगवानपुर के समीप देखकर भीमनगर की तरफ से आ रहे शराब तस्कर तेज रफ्तार में भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसका पीछा किया। इसी दौरान होंडा सिटी कार अपनी पोती को स्कूल छोड़कर आ रहे रतनपुर वार्ड नंबर 5 बचनुचकला निवासी जदयू नेता को रतनपुर नया बाजार चौक के समीप रौंदते हुए एक ट्रैक्टर से टकरा कर अनियंत्रित होकर एनएच के किनारे लुढ़क गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। तुरंत ही मनोज कुमार मेहता को राघोपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# स्वस्तैं वाचन के साथ अनुमंडलीय कार्यालय का उदघाटन व व्रत निर्णय पंचांग का विमोचन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकारी की तत्वाधान में एक आवश्यक बैठक आहूत किया गया। इस बैठक में बहु प्रतीक्षित मांग में एक अनुमंडलीय कार्यालय का शुभारंभ स्वस्तैन वाचन के साथ फीता काट कर किया गया। अनुमंडलिय स्तर पर लेकिन किंतु परंतु रहित व्रत निर्णय पंचांग का विमोचन कार्य भी किया गया। लोगों ने ब्राह्मण जागृति मंच जिंदाबाद का नारा बुलंद करते हुए मंच की मजबूती पर प्रकाश डाला गया।




मौके पर कार्यालय उदघाटन सहित व्रत निर्णय पंचांग का विमोचन कार्य में मंचीय सदस्य पदाधिकारीगणों में डाक्टर जितेंद्र मिश्र, अनुमंडलीय संरक्षक गोविन्द पाठक, अनुमंडलीय उपाध्यक्ष रामकृष्ण त्रिवेदी, जगदीश मिश्र,अनुमंडलीय सचिव शिवबल्लभ मिश्र, वरीय सदस्य डाक्टर ललित कुमार मिश्र, प्रखंड अध्यक्ष टिकारी जयभारत पांडेय, नवीन पाण्डेय, क्षणदाकांत मिश्र, मिथलेश पाठक, टिकारी नगर अध्यक्ष योगेन्द्र वैध, जयकांत पाण्डेय, शैलेश दिवेदी, जयननदन मिश्र, सहजानंद सरस्वती, रवींद्र कुमार मिश्र,अशोक दुबे,नरेंद्र मिश्र, विपिन मिश्र, अरविंद मिश्र, प्रोफेसर संतोष कुमार पाण्डेय, अवकाश प्राप्त सब इंस्पेक्टर विनय शुक्ला, प्रीतम मिश्र, पप्पू मिश्र, अवकाश प्राप्त शिक्षक शंभू दत्त मिश्र , रमाशंकर मिश्र,शनि कुमार, सहित दर्जनों मंचीय सदस्य सहित पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

अध्यक्षता पंडित गोविंद पाठक संचालन शिवबल्लभ मिश्र ने की वही धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर ललित कुमार मिश्र जी की। प्रस्ताव में मासिक बैठक माह के अंतिम रविवार को हर माह करने और सदस्यता शुल्क हर माह हर सदस्य को इकावन रूपया करने को लाया गया।

## हॉस्टल में छात्रा की लटकी मिली लाश

**मोतिहारी।** शहर के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस गुरुवार को उस वक्त सनसनी में डूब गया, जब एक छात्रा का शव उसके बंद कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान रिमी कुमारी के रूप में हुई है, जो कॉलेज में पांचवीं सेमेस्टर की छात्रा थी। घटना के बाद पूरे कैंपस में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, रिमी अपने कमरे में अकेली थी। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने और अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर सहपाठियों को शक हुआ। मामले की सूचना कॉलेज प्रशासन को दी गई। जब कमरे का दरवाजा खोला गया तो अंदर का दृश्य देख सभी सन्न रह गए। छात्रा का शव फंदे से झूल रहा था।

# गांजा की बड़ी खेप के साथ पिता-पुत्र चढ़े पुलिस के हत्थे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के सिकरहटा थाना की पुलिस ने पटना एसटीएफ के सहयोग से मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 28.8 किलो गांजा के साथ पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है।

गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए वाहन जांच अभियान में पुलिस को यह अहम सफलता मिली है।गिरफ्तारी फतेहपुर बाजार के समीप से हो सकी। गिरफ्तार आरोपितों में चरपोखरी थाना के पसौर गांव के वार्ड पांच निवासी शशि भूषण सिंह एवं उसका पुत्र सूरज कुमार शामिल है।

इसे लेकर दारोगा प्रभात कुमार सिंह के बयान पर इमादपुर थाना के बिहटा निवासी सुरेश सिंह एवं गिरफ्तार आरोपित पिता-पुत्र समेत गाड़ी मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। गांजा के अलावा प्रयुक्त स्कार्पियो व तीन मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है।




इधर, एसपी राज ने बताया कि पटना एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि एक चारपहिया वाहन से भारी मात्रा में गांजा की खेप गुजरने वाली है।

सूचना मिलते ही सिकरहटा थानाध्यक्ष सनोज कुमार ने एक टीम गठीत कर फतेहपुर बाजार के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

वाहन जांच के दौरान एक सफेद रंग की स्कार्पियो को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में रखे दो काले बैग से कुल 28.8 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर ही वाहन सवार पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पसौंर गांव निवासी श्रीराम सिंह के पुत्र शशि भूषण सिंह तथा उनके पुत्र सूरज कुमार के रूप में की गई है।

पुलिस ने गांजा के साथ स्कार्पियो वाहन को भी जब्त कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि इमादपुर थाना के बिहटा गांव निवासी सुरेश सिंह के पास से गांजा की खेप लेकर जा रहे थे।

दोनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।लगातार चल रहे अभियान से पुलिस ने साफ संकेत दिया है कि मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# छिनतई गिरोह के दो बदमाश धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** जिला पुलिस ने कटिहार रेल थाना में तैनात एक महिला पुलिसकर्मी से हुई छिनतई की हाई-प्रोफाइल घटना का सफल पदार्फाश किया है। कांटी थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस अंतरजिला गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए एसडीपीओ (पश्चिमी-1) सुचित्रा कुमारी ने बताया कि पकड़े गए दोनों अपराधियों का पुराना और गंभीर आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस ने इनके पास से लूटा गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

घटना बीते 8 मई की है, जब कटिहार रेल थाने में पदस्थापित महिला पुलिसकर्मी सुषमा कुमारी (निवासी नरसंडा) ड्यूटी पर जाने के लिए नरसंडा चौक पर ऑटो का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान दोपहर के समय पहाड़पुर ओवरब्रिज के समीप एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका हैंडबैग छीन लिया और फरार हो गए।

पीड़ित महिला सिपाही के बैग में दो कीमती मोबाइल फोन, सोने के आभूषण, 10 हजार रुपये नकद, पैन कार्ड, [आधार कार्ड संपादन], बिहार पुलिस का आधिकारिक पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी कार्ड और एसबीआई का डेबिट कार्ड समेत कई बेहद महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज मौजूद थे। घटना को लेकर कांटी थाने में मामला दर्ज कराया गया था।

पुलिसकर्मी से दिनदहाड़े हुई इस छिनतई को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसडीपीओ पश्चिमी-1 के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया, जिसमें कांटी थानाध्यक्ष सहित अन्य तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल किया गया।

# अवैध खनन में पुलिस ने पांच को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** स्थानीय नगर थाना क्षेत्र के सोहनीपट्टी में नहर के किनारे स्थित सिंगरई पोखरा से मिट्टी निकालने का पूरा मामला अब पूरी तरह से अवैध खनन का निकला है।

इस मामले में नया मोड़ तब आया जब नगर परिषद के कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर खुलासा किया कि जिस योजना का हवाला देकर यह खनन किया जा रहा था, वह कई महीने पहले ही बंद हो चुकी है।

बावजूद इसके, खनन माफिया उसी बंद योजना के नाम पर स्थानीय लोगों और प्रशासन को गुमराह कर तालाब से दिनदहाड़े मिट्टी निकाल रहे थे। आम लोगों और प्रशासन की आंखों में धूल झोंकते हुए नगर परिषद का नाम लेकर यह पूरा खेल चल रहा था।

इस मामले की शुरूआत तब हुई जब पूर्व वार्ड पार्षद और भाजपा नेता राकेश सिंह ने बीते सात मई को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अविनाश कुमार से लिखित शिकायत की थी।

उन्होंने अपनी शिकायत में कहा था कि बिना किसी योजना का बोर्ड लगाए तालाब से लगातार मिट्टी काटी जा रही है।

शिकायत के बाद कुछ दिनों के लिए खनन बंद हुआ, लेकिन खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने फिर से रात के अंधेरे में मिट्टी काटने का काम शुरू कर दिया।

जब बुधवार की अलसुबह पक्की सूचना के आधार पर पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर जांच शुरू की, तो वहां मौजूद लोगों ने फिर से नगर परिषद का नाम लेकर पुलिस को बरगलाने की कोशिश की। मौके पर कोई कार्य आदेश प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी और दो ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया, साथ ही पांच लोगों को हिरासत में ले लिया।

# आधा दर्जन होटलों को पुलिस ने खंगाला, हड़कंप

**वेश्यावृत्ति का वीडियो हुआ था वायरल**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** नगर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के निकट स्थित आधा दर्जन होटलों में बुधवार रात पुलिस ने अचानक छापेमारी की। इंटरनेट मीडिया पर वेश्यावृत्ति का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। हालांकि रेड के दौरान पुलिस को कोई आपत्तिजनक सामान या व्यक्ति नहीं मिला। छापेमारी की सूचना मिलते ही होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो तेजी से प्रसारित हुआ था।

वीडियो में दिख रहा है कि होटल कर्मी ग्राहक को होटल की दूसरी मंजिल पर ले जाते हैं। वहां उसे कई लड़कियां दिखाई जाती हैं और अलग-अलग रेट बताए जाते हैं। वीडियो में कई युवतियां नजर आ रही हैं।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो रेलवे स्टेशन के पास स्थित होटल रिलैक्स का है। हालांकि दैनिक जागरण वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सदर 1 एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से होटल रिलैक्स में देह व्यापार से संबंधित फुटेज की जानकारी मिली।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नगर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पांच से छह होटलों में एक साथ रेड की गई। पुलिस ने होटलों के रजिस्टर खंगाले, कमरों की तलाशी ली और कर्मचारियों से पूछताछ की। लेकिन जांच में कोई संदिग्ध व्यक्ति या आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन के निकट कई होटलों में पिछले कई वर्षों से देह व्यापार का धंधा चल रहा है। लोगों का आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत से होटल संचालकों का यह धंधा फल-फूल रहा है। होटल में देह व्यापार से आसपास का माहौल खराब हो रहा है। लोगों ने मांग की है कि पुलिस को सिर्फ वीडियो वायरल होने पर नहीं, बल्कि नियमित रूप से होटलों में छापेमारी करनी चाहिए।

गौरतलब है कि पिछले साल भी वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर रेलवे स्टेशन के पास कई होटलों में छापेमारी हुई थी। उस दौरान होटल संचालक और मैनेजर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कई होटलों को सील किया गया था। कार्रवाई के कुछ दिन बाद धंधा बंद रहा, लेकिन अब फिर से शुरू हो गया है।

एसडीपीओ सुबोध कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच की जा रही है।

# सिक्स लेन पुल से युवक का शव बरामद

**पुलिस पहचान में जुटी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फतुहा।** कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल के पाया नंबर-8 की रेलिंग के पास गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के सिर और गर्दन पर धारदार हथियार से वार के निशान हैं और शर्ट पूरी तरह खून से सनी है।

आशंका है कि हत्या कर शव को पुल पर फेंका गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को सुरक्षित रखा गया है। पुलिस शव की पहचान कर स्वजन को सुचना देने में जुटी है।

गुरुवार की सुबह राहगीरों ने पुल की रेलिंग के पास शव देखा तो पुल निर्माण में लगे कर्मी और अधिकारी मौके पर जुट गए। सूचना पर रुस्तमपुर थानाध्यक्ष कुमार अभिषेक पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने



स्थानीय लोगों की मदद से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है। पुलिस शव की पहचान कर परिजनों को सूचना देने में जुटी है।

मृतक ब्लैक पेंट, व्हाइट शर्ट और बेल्ट पहने हुए था। शर्ट पूरी तरह खून से लाल है। सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया है। पुलिस दो बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# चार वर्षों में ही धंसा करोड़ों का पुल

**धंस रहा पाया, फट रही रेलिंग, कभी भी हो सकता है हादसा**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** अररिया प्रखंड अंतर्गत परमान नदी पर बना झमटा-महिशाकोल पुल अब गंभीर खतरे का संकेत दे रहा है। लगभग 7.32 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 206.72 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण मई 2022 में पूर्ण हुआ था, लेकिन मात्र 3 वर्षों में ही इसकी हालत चिंताजनक हो गई है। पुल का पाया धंस रहा है, रेलिंग में दरारें पड़ चुकी हैं और संरचना कई जगह कमजोर दिखाई दे रही है। हालांकि अभी पुल पर आवागमन जारी है, किंतु इसकी वर्तमान स्थिति को देखते हुए किसी गंभीर दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पार्षद सबा फैसल ने जिलाधिकारी, अररिया को आवेदन देकर तत्काल तकनीकी जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## लोग कार्रवाई की कर रहे मांग

वहीं सामाजिक कार्यकर्ता गैर सरकारी संगठन ₹अररिया का मुद्दा₹ के फाउंडर फैसल जावेद यासीन ने भी जिलाधिकारी से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराया है।

गौरतलब है कि पुल निर्माण के दौरान ही कार्य की गुणवत्ता को लेकर कई सवाल उठे थे। फैसल जावेद यासीन ने कई बार संवेदक एवं इंजीनियर को घटिया निर्माण कार्य की शिकायत दी थी। ग्रामीणों ने भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए काम रुकवाया था, लेकिन शिकायतों को नजरअंदाज कर कार्य जारी रखा गया।

इस पुल के संवेदक प्रकाश कंस्ट्रक्शन बताए जाते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में भारी अनियमितता और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसका परिणाम आज पुल की जर्जर स्थिति के रूप में सामने आ रहा है।

अब बड़ा सवाल यह है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद पुल इतनी जल्दी जर्जर कैसे हो गया? और पहले से शिकायत मिलने के बावजूद संबंधित विभाग एवं अधिकारियों ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की?

फैसल जावेद यासीन ने कहा कि विभाग के एस डी ओ से बात हुए है वो उसे अब संवेदक से ठीक करवाने की ना कह रहे है।

जिला पार्षद सबा फैसल ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पुल की तत्काल उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए तथा दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके।

CMYK

# दाखिल-खारिज में गड़बड़ी पर तुरंत होगी कार्रवाई, विभाग में तैनात हुई इओयू टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में व्यवस्था सुधारने के साथ ही भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देश पर विभाग में आर्थिक अपराध इकाई का विशेष सेल गठित किया गया है। विभाग में लगातार मिल रही भ्रष्टाचार, अवैध वसूली तथा राजस्व कार्यों में अनियमितता की शिकायतों के बाद यह निर्णय लिया गया है। आर्थिक अपराध इकाई, बिहार पटना द्वारा जारी पत्र के अनुसार राजस्व एवं



भूमि सुधार विभाग में विशेष टीम की प्रतिनियुक्ति की गई है। यह टीम भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों की जांच और कार्रवाई में सहयोग करेगी। प्रतिनियुक्त अधिकारियों में पुलिस उपाधीक्षक राकेश कुमार, पुलिस निरीक्षक हरि ओझा तथा पुलिस अवर निरीक्षक श्री चर्तुवेदी सुधीर कुमार शामिल हैं। इन अधिकारियों को विभाग में विशेष दायित्व सौंपा गया है। राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम जनता को पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचारमुक्त राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि मापी, भू लगान समेत अन्य ऑनलाइन सेवाओं व राजस्व कार्यों में भ्रष्टाचार और अनियमितता की लगातार शिकायतें मिल रही थीं जिससे आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराध इकाई के विशेष सेल के गठन से विभागीय कार्यों की निगरानी मजबूत होगी और भ्रष्टाचार में संलिप्त कर्मियों एवं अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि जनता से जुड़े मामलों का निष्पादन समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए।

## सिसवा में मंत्री श्रवण कुमार का भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्वी चम्पारण जिले के सिसवा में आयोजित 'बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव' में जाने के क्रम में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, ग्रामीण विकास विभाग सह जदयू विधायक दल के नेता और पूर्वी चम्पारण जिला के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, वाल्मीकि नगर के सांसद सुनील कुमार और सिकटा के विधायक समृद्ध वर्मा का भव्य और उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। केसरिया मोड़ और अरेराज चौक पर जदयू कार्यकर्ताओं व स्थानीय नागरिकों ने मंत्री के पहुंचते ही उनके नाम का नारा लगाया जिससे पूरा क्षेत्र जयघोष से गूंज उठा। मंत्री श्रवण कुमार ने कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनता का यह स्नेह और समर्थन हमें समाज और बिहार के विकास के लिए निरन्तर काम करने की प्रेरणा देता है।

## सत्तारूढ़ दल के नव नियुक्त मुख्य उप सचेतक सुधांशु शेखर ने मंत्री श्रवण कुमार से की शिष्टाचार मुलाकात




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के नव नियुक्त सत्तारूढ़ दल के मुख्य उप सचेतक मंजीत सिंह, सचेतक सुधांशु शेखर, अरूण मांझी, राम विलास कामत तथा विनय कुमार चौधरी ने मंत्री, ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग-सह-जनता दल यू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर विधान सभा के सदस्यों ने विधान सभा की कार्यवाही, जनहित के मुद्दे तथा सरकार के नीतियों को प्रभावी ढंग से सदन में रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की। नव नियुक्त सचेतकों एवं मुख्य उप सचेतक ने उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ निभाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना तथा सदन की गरिमा बनाएं रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। नेता विधायक दल, जद यू श्रवण कुमार ने सभी जन प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकानाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व एवं सक्रिय योगदान से विधान सभा की कार्यवाही और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनेगा।

# नई दिल्ली में नितिन नवीन से मिले बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रो. रणबीर नंदन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत शॉल एवं गुलदस्ता भेंट कर किया। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई। प्रो. रणबीर नंदन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन के नेतृत्व, कार्यशैली और संगठन के प्रति उनकी सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा, आत्मीयता और स्नेहपूर्ण व्यवहार हर कार्यकर्ता को प्रेरित



करने वाला है। प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नीतिन नवीन का मार्गदर्शन पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष का आत्मीय स्नेह एवं प्रेरणादायक शब्द उन्हें सदैव जनसेवा और सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि नीतिन नवीन का व्यक्तित्व, कार्य के प्रति समर्पण तथा सभी के प्रति अपनापन विशेष रूप से प्रभावित करता है। गुरु महाराज की कृपा उन पर सदैव बनी रहे और उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे। इस अवसर पर प्रो. रणबीर नंदन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वस्थ, सफल एवं दीर्घ राजनीतिक जीवन की कामना भी की।

## टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान की तीसरी कड़ी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, पटना में ओपीडी परिसर में भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे 'सघन 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत उन्मूलन' के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान की तीसरी कड़ी का आयोजन चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रेक्षी श्रीवास्तव, पोषण आहार विशेषज्ञ द्वारा टीबी रोगियों में उचित पोषण के महत्व, संतुलित आहार, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में पोषण की भूमिका तथा विभिन्न खाद्य पदार्थों के लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही टीबी की रोकथाम एवं शीघ्र सुधार के लिए संतुलित खानपान की आवश्यकता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। डॉ गोविन्द प्रसाद, एसीएचडी/शिशु विशेषज्ञ के द्वारा टीबी के मरीजों में पोषण की आवश्यकता के महत्व पर महत्वपपूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सा निदेशक डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा ने उचित पोषण एवं सामुदायिक सहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किये।

# भारत में आतिथ्य उद्योग तेजी से हो रहा विकसित, लगातार बढ़ रही पर्यटकों की संख्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्थान होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करता है। ये पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उत्कृष्ट रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराते हैं। प्राचार्य पुलक मंडल आईएचएम हाजीपुर ने बताया कि होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं केटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद, नोएडा से संबद्ध है। यह संस्थान आतिथ्य उद्योग में सफल करियर बनाने के इच्छुक इंटरमीडिएट उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए होटल प्रबंधन शिक्षा का सुनहरा अवसर प्रदान करता है।



आईएचएम हाजीपुर में एनसीएचएमसीटी, नोएडा द्वारा प्रस्तावित एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त तीन वर्षीय बी.एससी. इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। पुलक मंडल ने आगे बताया कि तीन वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के साथ-साथ आईएचएम हाजीपुर में विभिन्न प्रकार के रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा कोर्स भी संचालित किए जाते हैं। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर नामांकन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जा रहा है। सुमित चटर्जी, विभागाध्यक्ष ने बताया कि भारत में आतिथ्य उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है तथा पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उनके अनुसार युवाओं के लिए होटल उद्योग से जुड़ने का यह उपयुक्त समय है, क्योंकि यह क्षेत्र सुरक्षित रोजगार एवं आकर्षक करियर के अवसर प्रदान करता है। हॉस्पिटैलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन के विद्यार्थियों के लिए रिटेल सेक्टर, क्रूज लाइन, एयरलाइंस, भारतीय रेलवे, सशस्त्र बलों के खानपान प्रतिष्ठान, सरकारी आतिथ्य सेवाएं, बहुराष्ट्रीय कंपनियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं।

## भारतीय व्यवसायियों के लिए वैश्विक विकास मंच के रूप में दुबई की भूमिका मजबूत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दुबई चैंबर्स के तहत संचालित 'दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स' ने घोषणा की है कि वर्ष 2026 की पहली तिमाही के दौरान 3,995 नई भारतीय कंपनियां चैंबर में शामिल हुई है। मार्च 2026 के अंत तक दुबई चैंबर ऑफ कॉमर्स में पंजीकृत भारतीय सदस्य कंपनियों की कुल संख्या बढ़कर 84,088 हो गई है जिससे भारतीय कंपनियां दुबई का सबसे बड़ा विदेशी व्यापारिक समुदाय बन गई है। दुबई चैंबर्स के प्रेसिडेंट एवं सीईओ मोहम्मद अली राशिद लूटा ने कहा कि भारतीय कंपनियों की लगातार बढ़ती मौजूदगी इस बात का प्रमाण है कि वे दीर्घकालिक सफलता और वैश्विक विस्तार के लिए दुबई पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि दुबई विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुकूल कारोबारी माहौल और वैश्विक कनेक्टिविटी उपलब्ध कराता है। जॉयलुक्कास ग्रुप के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जॉय अलुक्कास ने कहा कि यूएई ने हमेशा व्यापार समुदाय को स्थिरता, सुरक्षा और निरंतर सहयोग प्रदान किया है जिससे व्यवसायों को आगे बढ़ने का भरोसा मिला है। इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल काउंसिल के चेयरमैन सिद्धार्थ बालचंद्रन ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बीच दुबई स्थिरता और दूरदर्शी नीतियों का प्रतीक बनकर उभरा है। वहीं ऐपकॉर्प होल्डिंग के चेयरमैन एवं अपैरल ग्रुप के मालिक नीलेश वेद ने कहा कि दुबई भारतीय व्यवसायों को वैश्विक जुड़ाव, स्थिरता और विस्तार के लिए मजबूत कारोबारी वातावरण प्रदान करता है। दुबई का कारोबारी माहौल स्पष्ट नीतियों, मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे पर आधारित है। दुबई इंटरनेशनल चैंबर मुंबई और बेंगलुरु स्थित अपने कार्यालयों के माध्यम से भारतीय कंपनियों को दुबई में कारोबार स्थापित करने और विस्तार करने में सहयोग प्रदान कर रहा है।

## ग्रामीण सड़कों-पुलों की गुणवत्ता से समझौता नहीं : सुनील कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि उनका विभाग सीधे तौर पर आम-जनजीवन से जुड़ा विभाग है और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की विकासात्मक प्रतिबद्धता का सबसे महत्वपूर्ण आधार भी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण की गुणवत्ता के साथ किसी भी स्तर पर कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिन योजनाओं के लिए विभागीय कोष उपलब्ध हैं उन्हें हर हाल में निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार बुधवार को विभागीय मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं प्रगति यात्रा से संबंधित परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता नियंत्रण तथा समयबद्ध निष्पादन की समीक्षा कर रहे थे।

# कौशल विकास केन्द्रों पर संकट, जवाब देने के बाद भी नवीकरण लंबित : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा/वैशाली।** विशाल युवा केंद्र के प्रोपराइटर डॉ. आनंद रंजन झा ने बिहार कौशल विकास मिशन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि विभाग को शो-कॉज नोटिस का विस्तृत एवं तथ्यात्मक जवाब दिए जाने के बावजूद केंद्र के नवीकरण की प्रक्रिया अब तक लंबित रखी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग मूल मुद्दे पर निर्णय लेने के बजाय अलग-अलग मामलों का हवाला देकर नवीकरण प्रक्रिया को प्रभावित कर रहा है। डॉ. झा ने बताया कि विभाग द्वारा जारी शो-कॉज नोटिस के जवाब में सभी आवश्यक दस्तावेज, न्यायालय में लंबित मामलों की जानकारी तथा केंद्र संचालन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत कर दी गई थी। इसके बावजूद अब तक कोई



अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि विशाल युवा केंद्र वर्ष 2017 से लगातार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है तथा केंद्र की संपूर्ण आधारभूत संरचना–कंप्यूटर लैब, सर्वर, हाई-स्पीड इंटरनेट, सी.सी.टी.वी, बायोमेट्रिक सिस्टम एवं प्रशिक्षित स्टाफ सहित सभी व्यवस्थाएं आज भी सुचारू रूप से उपलब्ध हैं। डॉ. आनंद रंजन झा ने यह भी आरोप लगाया कि विभाग द्वारा 40 प्रतिशत से कम नामांकन का हवाला देकर बिहार के लगभग 500 कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों को बंद करने की तैयारी की जा चुकी है जबकि नामांकन से संबंधित कार्य जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का तथा केवाईपी केंद्रों की मुख्य जिम्मेदारी केवल प्रशिक्षण प्रदान करना था। उन्होंने कहा कि यदि नामांकन प्रक्रिया में कमी रही है तो उसके लिए सीधे केंद्र संचालकों को जिम्मेदार ठहराना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक एवं आत्मनिर्भर बनाना है, लेकिन विभागीय विलंब एवं प्रशासनिक नीतियों के कारण कार्यशील केंद्रों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 21 लाख की वैध राशि रोकी गई तथा 5-5 लाख के दो चेक दिए गए, जो बैंक से बाउंस हो गए।

## एलआइसी का समाप्त वर्ष पर कुल प्रीमियम आय 5,35,984 करोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडअलोन तथा समेकित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित किया एवं स्वीकृति प्रदान की। 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए कर पश्चात लाभ 57,419 करोड़ रहा जबकि 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष में यह 48,151 करोड़ था जिससे 19.25% की वृद्धि दर्ज हुई। निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 10 अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 10 प्रति शेयर अंतिम लाभांश की सिफारिश की है (जो बोनस इश्यू से पहले के आधार पर 20 प्रति इक्विटी शेयर के बराबर है)। यह लाभांश निगम की 5वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन होगा। प्रथम वर्ष प्रीमियम आय के आधार पर बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ मे भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है, एफवाइ 26 में इसकी कुल बाजार हिस्सेदारी 56.66% रही जबकि एफवाइ 25 में यह 57.05% थी। 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए व्यक्तिगत व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी 36.60% तथा समूह व्यवसाय में 70.11% रही। 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए कुल प्रीमियम आय 5,35,984 करोड़ रही जबकि 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष में यह 4,88,148 करोड़ थी जिससे 9.80% की वृद्धि दर्ज हुई। व्यक्तिगत नवीन व्यवसाय प्रीमियम 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष के लिए 67,676 करोड़ रहा जबकि तुलनीय पिछले वर्ष की अवधि में यह 62,495 करोड़ था जिससे 8.29% की वृद्धि दर्ज हुई।

# भारतीय भाषा समिति की योजना के अंतर्गत कार्यशाला संपन्न, देश भर से जुटे भाषा विशेषज्ञ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की 'भारत भाषाओं में पुस्तक लेखन योजना' के अंतर्गत एकदिवसीय शैक्षणिक कार्यशाला स्थानीय रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय, पटना में आयोजित की गई। इस अवसर पर पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय कुमार सिंह, जे पी विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार वाजपेयी, बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य व केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के प्रो. अरुण कुमार भगत, कॉलेज के प्राचार्य डॉ दिवाकर प्रसाद, कार्यक्रम समन्वयक एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के वरीयतम प्रो. अरुण कुमार सिंह,



मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, मुजफ्फरपुर विश्वविद्यालय के सह समन्वयक डॉ राजेश्वर कुमार तथा भारतीय भाषा समिति के शैक्षिक पदाधिकारी डॉ चंदन श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अपने स्वागत भाषण में प्रो. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सभी भाषाओं के शिक्षकों को इस आह्वान में सहयोग देना होगा तभी अपनी भाषाओं का स्तर मजबूत हो सकेगा। उन्होंने बताया कि अगले तीन वर्षों में ढाई लाख किताबें भारतीय भाषाओं में प्रकाशित करने की योजना है। मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, मुजफ्फरपुर विश्वविद्यालय के सह समन्वयक डॉ राजेश्वर कुमार ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि यह कार्यशाला मात्र एक शुरुआत है और भविष्य में व्यापक स्तर पर औ भी कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। भारतीय भाषा समिति के शैक्षिक पदाधिकारी डॉ चंदन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बताया कि विद्यालय और उच्च शिक्षा के कार्यक्रमों के लिए 22 भारतीय भाषाओं में डिजिटल इंटरैक्टिव पुस्तकों के रूप में उत्कृष्ट गुणवत्ता वाली शिक्षण सामग्री तैयार करना, जो छात्रों को वेब पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध हो। पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय कुमार सिंह ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय भाषा समिति संपूर्ण देश में विभिन्न विषयों की पाठ्य पुस्तकों के लेखन हेतु कृत संकल्पित है।

# बिहार में बढ़ी ईंधन मांग के बीच पीएसयू तेल कंपनियों ने सुनिश्चित की निर्बाध आपूर्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो/पसूका**

**पटना।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने बिहार समेत देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने कहा है कि ईंधन की मांग में अचानक आई तेज बढ़ोतरी के बावजूद आपूर्ति व्यवस्था सामान्य रूप से जारी है। तेल कंपनियों के अनुसार हाल के दिनों में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी प्रमुख वजह कई राज्यों में चल रही कृषि गतिविधियां और फसल कटाई का मौसम है। इसके अलावा कम कीमतों के कारण खुदरा उपभोक्ताओं का रुझान सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की ओर बढ़ा है। संस्थागत और व्यावसायिक उपभोक्ता भी अब रिटेल आउटलेट्स से ईंधन खरीद रहे हैं जिससे मांग पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां अपने विशाल नेटवर्क के माध्यम से आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए हुए हैं। इसमें टर्मिनल, डिपो, पाइपलाइन, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और खुदरा आउटलेट्स शामिल हैं। कंपनियों की आपूर्ति टीमें, परिवहन नेटवर्क और कई खुदरा आउटलेट कार्य कर रहे हैं, ताकि ईंधन की उपलब्धता बनी रहे और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बिहार में वर्तमान समय में कुल 3697 रिटेल आउटलेट्स कार्यरत हैं, जिनमें 3590 सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों और 107 निजी क्षेत्र के आउटलेट शामिल हैं। राज्य में 8 ऑयल डिपो एवं टर्मिनल केंद्र भी संचालित हैं। यहां प्रतिदिन लगभग 5700 किलोलीटर पेट्रोल तथा 9000 किलोलीटर डीजल की आपूर्ति की जा रही है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर भी कंपनियों ने स्थिति सामान्य बताई है। राज्य में लगभग 2000 एलपीजी वितरकों के माध्यम से घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। हालांकि वर्तमान में लगभग 4.5 दिनों का बैकलॉग बताया गया है। कंपनियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 30 जून 2026 तक अपना इकेवाईसी अवश्य पूरा कर लें, ताकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं पहल योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी निर्बाध रूप से जारी रह सके। तेल उद्योग ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा आपूर्ति बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## मातृ-मृत्यु दर में ऐतिहासिक कमी, राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बड़ी उपलब्धि : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम की ताजा रिपोर्ट के अनुसार बिहार में मातृ मृत्यु अनुपात में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। जो प्रशंसनीय है। यह स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों व पदाधिकारियों की अथक मेहनत का प्रतिफल है जो इस बात को प्रमाणित करता है कि पूर्व की सरकार की तुलना में एनडीए सरकार ने बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में अतुलीय योगदान दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जो विकास की नींव रखी है उसे मौजूदा एनडीए सरकार मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में कायम रखेगी यही मंगल कामना है जिससे प्रदेश के लोग स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि ताजा आंकड़ा बिहार के लिए गर्व का विषय है और राज्य की सुदृढ़ होती स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बिहार में मातृ मृत्यु दर अब प्रति 1 लाख प्रसव पर घटकर 96 हो गई है जो पहले 104 थी।

## सरकार को हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर और काम के बेहतर माहौल पर ध्यान देना चाहिए : एसोसिएशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सरकारी डॉक्टरों ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को लागू करने और प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिस पर रोक लगाने के प्रस्ताव पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि ऐसे कदमों से उनके मनोबल और पेशेवर आजादी पर बुरा असर पड़ सकता है। सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले डॉक्टरों ने कहा कि वे अपने काम के घंटों के दौरान अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से निभाते हैं, लेकिन ड्यूटी खत्म होने के बाद उनमें से कई अपनी आमदनी बढ़ाने और अपने पेशेवर कौशल को बनाए रखने के लिए प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि प्राइवेट प्रैक्टिस पर पूरी तरह से रोक लगाने से मेडिकल प्रोफेशनल्स में असंतोष पैदा होगा। डॉक्टरों के अनुसार बायोमेट्रिक अटेंडेंस से प्रशासनिक दबाव बढ़ सकता है और हेल्थकेयर सिस्टम के अंदर अविश्वास का माहौल बन सकता है। उनका कहना है कि डॉक्टर पहले से ही तनावपूर्ण माहौल में लंबे समय तक ड्यूटी करके और सीमित संसाधनों के साथ काम करते हैं। बिहार हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन के अनुसार अस्पताल के काम के घंटों के बाद प्राइवेट प्रैक्टिस करने से डॉक्टरों की सरकारी जिम्मेदारियों में कोई रुकावट नहीं आती है। एसोसिएशन ने कहा कि पाबंदियां लगाने के बजाय, सरकार को हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर और काम करने के माहौल को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए। संघ ने इस बात पर भी चिंता जताई है कि कड़े नियमों के कारण काबिल प्रोफेशनल्स सरकारी नौकरी में आने या उसमें बने रहने से हतोत्साहित हो सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे फैसलों का असर आखिरकार हेल्थकेयर सेवाओं पर पड़ सकता है, खासकर ग्रामीण और उन इलाकों में जहां डॉक्टरों की पहले से ही कमी है। एसोसिएशन ने 17 मई को पटना में हुई एक बैठक में मांग की है कि इस आदेश को लागू करने से पहले, सरकार के प्रतिनिधियों को डॉक्टरों के साथ चर्चा करनी चाहिए। ताकि कोई हल निकाला जा सके।

## 'हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप से 96 फीसदी शिकायतों का समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में बारहमासी सड़क संपर्कता सुनिश्चित करने के साथ-साथ ग्रामीण सड़कों से जुड़ी शिकायतों के निष्पादन को लेकर बेहद गंभीर है। विभाग के स्तर से संचालित 'हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है। इस डिजिटल पहल के माध्यम से ग्रामीण जनता अब सीधे तौर पर अपने क्षेत्र की ग्रामीण सड़कों से संबंधित समस्याओं की जानकारी विभाग को उपलब्ध करा रही है। इन शिकायतों का विभाग द्वारा त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्यभर में ऐप के माध्यम से विभाग को कुल 3,213 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से विभाग के स्तर से त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 3,102 शिकायतों का सफलता पूर्वक निष्पादन किया जा चुका है। इस प्रकार 96 प्रतिशत से भी अधिक मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा चुका है। प्राप्त शिकायतों में से 2,476 मामलों में आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। इन शिकायतों के तहत संबंधित ग्रामीण सड़कों की मरम्मत, सतह सुधार, गड्ढा भराई तथा अन्य अनुरक्षण कार्य सुनिश्चित किये गए हैं। इसके अतिरिक्त 626 शिकायतों की विस्तृत जांच एवं सत्यापन के बाद उन्हें विधिवत बंद किया गया है। इन त्वरित प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्तमान में राज्यभर में मात्र 111 शिकायतें ही लंबित हैं जो कुल शिकायतों का महज 3.45 प्रतिशत है। प्रमंडलवार शिकायतों के निष्पादन के मामले में गयाजी जोन का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है जहां सबसे कम 2.11 प्रतिशत शिकायतें फिलहाल लंबित हैं। यहां प्राप्त कुल 426 शिकायतों में से 417 का समाधान किया जा चुका है।

# संपादकीय

## पेपर लीक मामलों में उच्च स्तर पर जवाबदेही तय करने की जरूरत

अगर खुद एनटीए की ओर से इतनी अहम जिम्मेदारी संभालने वाला कोई शख्स ही प्रश्नपत्र लीक करने का आरोपी हो, तो ऐसे में किसी संस्था की साख की क्या अहमियत रह जाती है? इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि लाखों विद्यार्थी एक भरोसे के साथ जिस परीक्षा में अपना भविष्य बेहतर बनाने के लिए बैठें, वह सिर्फ उनके हित में साबित हो, जिनकी पहुंच उसके प्रश्नपत्र तक हो।देश भर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा यानी नीट-यूजी को सबसे अच्छे प्रबंधन के तहत संचालित करने का दावा किया जाता रहा है। मगर पिछले कुछ वर्षों में इसमें जिस स्तर की गड़बड़ियां सामने आई हैं, उसमें यह सवाल उठा है कि हर बार कार्रवाई के तौर पर कुछ औपचारिक और दिखावे के कदम उठा कर क्या परीक्षा के प्रश्नपत्र बाहर आने की घटनाओं पर काबू पाया जा सकता है?यह इस वर्ष फिर साबित हुआ है कि पहले की घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया गया और ऐसे जरूरी कदम नहीं उठाए गए, जिससे इस परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित हो। नतीजतन, इस महीने के शुरू में आयोजित नीट के प्रश्नपत्र लीक होने की खबर आई। फिर मामले के तूल पकड़ने के बाद परीक्षा को रद्द कर देना ही सबसे आखिरी उपाय माना गया, जिसकी वजह से करीब बाईस लाख विद्यार्थियों का भविष्य फिलहाल अधर में लटक गया।सवाल है कि इस अफसोसनाक स्थिति के लिए मुख्य जिम्मेदारी किसकी बनती है। जो राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए सबसे बेहतर व्यवस्था के तहत परीक्षाओं के आयोजन का भरोसा देती रही है, क्या नीट-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने सहित अन्य गड़बड़ियों की निरंतरता कायम रहने की स्थिति में अब भी वह अपनी साख और प्रतिष्ठा के बने रहने का दावा कर सकती है?प्रश्नपत्र लीक होने के तथ्य सामने आने, उसके राजस्थान के कई कोचिंग संस्थानों में पहुंचने और मोटी रकम लेकर विद्यार्थियों को बेचने की खबरों के बाद सरकार ने मामले की विस्तृत जांच की जिम्मेदारी सीबीआइ को सौंपी। उसके बाद से अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जिसमें नीट परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी एनटीए की एक विशेषज्ञ भी शामिल हैं।अगर खुद एनटीए की ओर से इतनी अहम जिम्मेदारी संभालने वाला कोई शख्स ही प्रश्नपत्र लीक करने का आरोपी हो, तो ऐसे में किसी संस्था की साख की क्या अहमियत रह जाती है?गौरतलब है कि इस तरह की गड़बड़ियों पर काबू पाने के लिए राधाकृष्णन समिति ने अपनी रिपोर्ट में एनटीए में ढांचागत सुधार की सिफारिश की थी। इसके अलावा, संसद में परीक्षाओं के संदर्भ में संगठित तौर पर पेपर लीक जैसी किसी गड़बड़ी के लिए दस वर्ष की कैद के प्रावधान वाला कानून पारित किया गया। साथ ही अन्य सभी कमियों को दुरुस्त करने के मद्देनजर कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले सीसीटीवी कैमरों सहित आधुनिक तकनीक से लैस बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई।इस सबके बावजूद अगर नीट-यूजी का प्रश्नपत्र लीक हो जाता है और यहां तक कि परीक्षा रद्द करने की नौबत आती है, तो यह किसकी नाकामी है? अब तक जो गिरफ्तारियां हुई हैं, क्या इस व्यापक गड़बड़ी का दायरा वैसे ही निचले स्तर के आरोपियों तक सिमटा हुआ है? ऐसा नहीं है कि नीट परीक्षा के आयोजन में यह कोई पहला मामला सामने आया है।

# फिर कैसे मिले सुर मेरा-तुम्हारा

**राहुल गांधी का पश्चिम बंगाल में बीजेपी की बढ़त के लिए ममता को खुलेआम जिम्मेदार ठहराना एक तरह से तृणमूल की ताबूत का कील ही साबित हुआ। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि विपक्षी एकता का विचार सिरे से परवान चढ़ सकता है ? अतीत में एकता को लेकर जिस तरह विपक्षी खेमे में एक-दूसरे को शह और मात देने का खेल चला है, उससे क्या मुकम्मल एकता की उम्मीद बचती है? 2024 के आम चुनावों के पहले विपक्षी राजनीति को एक मंच पर लाने और भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की कोशिश तो हुई, लेकिन आपसी टकराव और वर्चस्व के चलते यह हकीकत नहीं बन पाया। 23 जून 2023 को पटना में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुआई में विपक्षी क्षत्रपों की बैठक में इंडिया ब्लॉक बनाने का फैसला तो हुआ,लेकिन नेतृत्व के मुद्दे पर एक राय नहीं बन पाई। नीतीश कुमार ने खुलकर भले ही कभी नहीं कहा, लेकिन उनकी चाहत थी कि विपक्षी गठबंधन का संयोजक उन्हें बनाया जाय।**

**(उमेश चतुर्वेदी)**

ममता को राजनीति में पहला बड़ा ब्रेक बेशक राजीव गांधी ने दिया, लेकिन वाममोर्चा के साथ राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेसी सहयोग ने उन्हें बाद के दिनों में गांधी-नेहरू परिवार से दूर कर दिया। हालिया हार के बावजूद अपनी संघर्षशीलता के चलते ममता विपक्षी राजनीति का अब भी बड़ा चेहरा हैं।

विधानसभा चुनावों में बड़े विपक्षी चेहरों की बड़ी नाकामी से विपक्षी खेमे में खलबली मच गई है। बंगाल की शेरनी कही जाने वाली ममता बनर्जी की हार ने विपक्षी खेमे के उन दलों के माथे पर पसीने की बूंदें उभर आई हैं, जो इन चुनावों से बेपरवाह थे। केरल की गठबंधन सरकार में वापसी की वजह से कांग्रेस थोड़ी राहत में भले ही हो, लेकिन ज्यादातर क्षेत्रीय दलों को अपने अस्तित्व पर खतरा नजर आने लगा है। तमिलनाडु में सत्ता की चाहत में विपक्षी गठबंधन टूट भी चुका है। कांग्रेस के हाथ ने डीएमके का बरसों पुराना साथ छोड़ नवेली टीवीके का दामन थाम लिया है। दूसरी तरफ धांधली का आरोप लगाने के साथ ही ममता बनर्जी को विपक्षी एकता, खासकर इंडिया ब्लॉक की याद आने लगी है। अब उन्हें विपक्षी एकता मजबूत करने की याद भी आने लगी हैं।

दिलचस्प यह है कि अतीत में इंडिया ब्लॉक की एकता से बेपरवाह रहीं ममता को अब उसी की बहुत याद आने लगी है। वैसे विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस की ओर से भी कम गलतियां नहीं हुई हैं। राहुल गांधी का पश्चिम बंगाल में बीजेपी की बढ़त के लिए ममता को खुलेआम जिम्मेदार ठहराना एक तरह से तृणमूल की ताबूत का कील ही साबित हुआ। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि विपक्षी एकता का विचार सिरे से परवान चढ़ सकता है ? अतीत में एकता को लेकर जिस तरह विपक्षी खेमे में एक-दूसरे को शह और मात देने का खेल चला है, उससे क्या मुकम्मल एकता की उम्मीद बचती है? 2024 के आम चुनावों के पहले विपक्षी राजनीति को एक मंच पर लाने और भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की कोशिश तो हुई, लेकिन आपसी टकराव और वर्चस्व के चलते यह हकीकत नहीं बन पाया। 23 जून 2023 को पटना में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुआई में विपक्षी क्षत्रपों की बैठक में इंडिया ब्लॉक बनाने का फैसला तो हुआ,लेकिन नेतृत्व के मुद्दे पर एक राय नहीं बन पाई। नीतीश कुमार ने खुलकर भले ही कभी नहीं कहा, लेकिन उनकी चाहत थी कि विपक्षी गठबंधन का संयोजक उन्हें बनाया जाय। लेकिन कांग्रेसी आलाकमान की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। दरअसल कांग्रेस विपक्षी राजनीति की लगाम खुद के हाथ में ही रखना चाहती है। नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और एमके स्टालिन का साथ तो उसे चाहिए, लेकिन इनमें से किसी का भी नेतृत्व उसे गवारा नहीं। अपने पहले परिवार की पूरी स्वीकार्यता भले ही ना हो, लेकिन अगुआई कांग्रेस को ही चाहिए। यही वजह है कि विपक्षी राजनीति के सबसे ज्यादा स्वीकार्य चेहरा रहे नीतीश कुमार ने निराशा में उसी मोदी का हाथ थाम लिया, जिनसे वे दूर हो चुके थे। इसके बाद का इतिहास सबको पता है।

ममता को राजनीति में पहला बड़ा ब्रेक बेशक राजीव गांधी ने दिया, लेकिन वाममोर्चा



के साथ राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेसी सहयोग ने उन्हें बाद के दिनों में गांधी-नेहरू परिवार से दूर कर दिया। हालिया हार के बावजूद अपनी संघर्षशीलता के चलते ममता विपक्षी राजनीति का अब भी बड़ा चेहरा हैं। उनकी अपनी छवि अक्सर राहुल गांधी पर भी भारी पड़ती है। इंडिया ब्लॉक के विचार के वक्त पूर्व कांग्रेसी होने के नाते ममता को पता था कि कांग्रेस अपने हाथ में नेतृत्व बनाए रखने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेगी, इसीलिए उन्होंने ही नीतीश कुमार और लालू यादव को पहली बैठक पटना में कराने का सुझाव दिया था। बाद के दिनों में कांग्रेस ने जैसी चाल चली, उससे विपक्षी एकता का राग बेसुरा हो गया। जिसका नतीजा लोकसभा चुनाव नतीजों में दिखा भी। विपक्ष को उसी वक्त चेतना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। असर यह हुआ कि हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मार ली। बाकी कसर बीते विधानसभा चुनावों ने पूरी कर दी है।

गौर करने की बात है कि जब भी सत्ता पक्ष के उफान में विपक्ष बह जाता है, उसकी एकता की छटपटाहट बढ़ जाती है। ज्यादातर यह अस्तित्व संकट टालने का यह फौरी उपाय होता है। तब वह हार के बाद वोटों के गुणा-गणित में जुट जाता है। फिर उसे इलहाम होता है कि अगर वह एक रहता तो वह भारी पड़ता। 1962 के आम चुनावों में नेहरू को फूलपुर की सीट पर सीधी चुनौती में हार मिलने के बाद लोहिया को भी कुछ ऐसा ही लगा। तब भारी उत्सुकता और उत्साह के बावजूद लोहिया हार गए थे। इसके बाद उन्होंने गैर कांग्रेसवाद का विचार दिया। तब कांग्रेस को 44 प्रतिशत से कुछ ज्यादा वोट मिले थे। लोहिया को लगा कि विरोध में पड़े 56 प्रतिशत वोटों को अगर एक किया जाता तो नतीजे कुछ और होते। गैर कांग्रेसवाद के बैनर के तले उन्होंने 1963 के उपचुनावों और 1967 के आम चुनावों में इसे आजमाया। इसका असर यह हुआ कि आठ राज्यों से कांग्रेस की विदाई हो गई। तब से सत्ता में आने वाली पार्टी के खिलाफ बाकी विपक्ष की एकता के सुर उठने की परंपरा बन गई है। कभी यह कांग्रेस के खिलाफ होता था, जिसमें वाममोर्चा और जनसंघ- बीजेपी भी शामिल रहते थे, अब यह भाजपा के खिलाफ हो रहा है।

प. बगाल के बीते विधानसभा चुनाव में ममता को जहां करीब 42 प्रतिशत वोट मिला है, वहीं बीजेपी को करीब 46 प्रतिशत। कांग्रेस को 2.97 और वाममोर्चे को 4.45 प्रतिशत वोट मिले हैं। गैर बीजेपी वोटों को मिला दें तो यह आंकड़ा 49 प्रतिशत से ज्यादा हो जाता है। चुनावी राजनीति में सात प्रतिशत का अंतर बड़ा होता है। अब विपक्षी खेमे को लग रहा है कि अगर वे एक होते तो बीजेपी को ऐसी जीत नहीं मिलती। वैसे चुनावी गणित सामान्य गणित की तरह नहीं होता। 2018 के विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में कांग्रेस से बीजेपी को पांच लाख से ज्यादा वोट मिले थे, लेकिन सीटों के मामले में वह पिछड़ गई थी। चुनावी मैदान में जब सिर्फ दो खेमे होते हैं, तब मतदाताओं के बीच लंबवत ध्रुवीकरण हो जाता है। तब बिखराव वाले आंकड़े भी बदल जाते हैं। 2014 के संसदीय चुनाव में उत्तर प्रदेश में ऐसा साफ दिखा, जब बीजेपी सब पर भारी रही।

संसदीय चुनाव में सफलता के लिहाज से देखें तो कांग्रेस की 99 सीटों के बाद 37 सीटों के साथ समाजवादी पार्टी विपक्ष का दूसरा बड़ा दल है। तीसरे नंबर पर 29 सीटों के साथ ममता ही हैं। इंडिया ब्लॉक की पहली बैठक के पीछे ममता का भी विचार था, फिर भी ना तो लोकसभा और ना ही विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस या ब्लॉक के दूसरे दलों को तवज्जो दिया। तमिलनाडु में डीएमके के साथ कांग्रेस की खींचतान जारी रही। विपक्ष के किसी भी दल ने एकता की कीमत पर त्याग स्वीकार नहीं किया। विपक्षी खेमे का संकट यह है कि वह अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में सहयोगियों से हिस्सेदारी बांटना ही नहीं चाहता।

मजबूत एकता के लिए विपक्ष के पास राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य साफ छवि वाला चेहरा होना जरूरी है। लेकिन विपक्ष के पास ऐसा चेहरा है भी नहीं। ममता बड़ी नेता तो हैं, लेकिन उनकी तुनकमिजाजी उन्हें सर्वमान्य चेहरा मानने के राह की बड़ी बाधा है। राहुल मोदी-शाह की जोड़ी को चाहे जिस अंदाज में चुनौती दें, मोदी विरोधी बौद्धिकों को उनका यह अंदाज चाहे जितना भी पसंद हो, लेकिन आमजन को उनमें कई बार बचकानापन नजर आता है तो कई मर्तबा प्रहसन। स्टालिन चाहे जितनी अच्छी तमिल बोलें, लेकिन राष्ट्रीय स्तर स्वीकार्यता के लिए वे अयोग्य हैं। इसी तरह केजरीवाल के पास बड़ा आधार नहीं है। रही बात अखिलेश यादव की तो, वे भी जमीनी राजनीति के बजाय बयानों के गुब्बारे उड़ाने के उस्ताद होते गए हैं।

आपसी अहं के टकराव के चलते नीतीश विपक्षी खेमा छोड़ चुके हैं। दूसरी बड़ी नेता ममता को चुनावी मैदान में करारी शिकस्त मिल गई है। अखिलेश को भी अगले साल उत्तर प्रदेश के सियासी मैदान में बीजेपी से दो-दो हाथ करना है। बीजेपी की कोशिश उन्हें तीसरी बार शिकस्त देने की होगी। अगर वह ऐसा करने में कामयाब रही तो उसके सामने दूर-दूर तक कोई चुनौती नहीं होगी। ऐसे में विपक्षी खेमे का संकट बड़ा है। अतीत के विपक्षी व्यवहार से नहीं लगता कि शायद ही भविष्य में कोई मजबूत मोर्चा बन सके। खुलकर विपक्षी खेमा भले ही ना कहे, लेकिन अंदर ही अंदर वह जरूर गुनगुना रहा है, कैसे मिले सुर हमारा-तुम्हारा....लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# आवारा कुत्तों की भयावह समस्या पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला- लेकिन जिम्मेदारी तय किए बिना कैसे बनेगी बात?

**(संतोष कुमार पाठक)**

लेकिन क्या इससे देश के आम नागरिकों को खुश होना चाहिए? क्या इससे देश में आवारा कुत्तों से परेशान लोगों - खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को राहत मिल पाएगी? यह इतना भी आसान नहीं है। जब तक किसी खास अधिकारी की जिम्मेदारी तय नहीं की जाएगी तब तक इस समस्या का निदान नहीं हो सकता है।

देश की सर्वोच्च अदालत ने आवारा कुत्तों की नसबंदी और दूसरी जगह भेजने के अपने पहले के आदेश को वापस लेने के लिए दायर की गई सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने डॉग लवर्स की याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि यह अदालत देश भर में कुत्ता काटने की घटनाओं की अनदेखी नहीं कर सकती है। इसका सबसे ज्यादा शिकार बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त शब्दों में अपने पहले के आदेश की फिर से याद दिलाते हुए कहा कि सड़क के कुत्तों पर 7 नवंबर, 2025 को दिया गया उनका आदेश ही लागू होगा। इन आदेशों को लागू करने वाले अधिकारियों को कानूनी सुरक्षा दी जाए और जो अधिकारी इनका पालन न करे, उन पर विभागीय और अवमानना की कार्यवाही की जा सकती है।

लेकिन क्या इससे देश के आम नागरिकों को खुश होना चाहिए? क्या इससे देश में आवारा कुत्तों से परेशान लोगों - खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को राहत मिल पाएगी? यह इतना भी आसान नहीं है। जब तक किसी खास अधिकारी की जिम्मेदारी तय नहीं की जाएगी तब तक इस समस्या का निदान नहीं हो सकता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद व्यवहारिक स्थिति तो यही है कि ज्यादातर राज्य सरकारें और जिला प्रशासन इसे गंभीरता से लेती नज़र नहीं आ रही है। इसलिए इस आदेश को लागू करने के लिए हर जिले में जिलाधिकारी यानी सीधे ष्ठरूको ही जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के नवंबर में दिए गए आदेश के 6 महीने बीत जाने के बावजूद हालत यह है कि देश की राजधानी दिल्ली का नगर निगम - एमसीडी कुत्तों को रखने के लिए एक डॉग सेंटर तक तैयार नहीं कर पाई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की सरकार ने यह आदेश जारी कर दिया है कि जो कुत्ता एक से अधिक बार लोगों को काट चुका हो, उसे सार्वजनिक स्थानों पर नहीं छोड़ा जाएगा लेकिन दिल्ली से सटे गाजियाबाद समेत राज्य के कई जिलों में भी अभी भी जरूरी डॉग सेंटर का निर्माण फाइल्स में ही अटका पड़ा है। क्या इस तरह की लापरवाही और लेट-लतीफी के लिए जिलों के डीएम को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए?

समय आ गया है कि हर जिले, हर राज्य और सबसे ऊपर सीधे सुप्रीम कोर्ट को अपनी निगरानी में एक टोल फ्री नंबर जारी करना चाहिए जिस पर कॉल करने वाले हर व्यक्ति को तुरंत उनकी शिकायत का एक नंबर भी अलॉट कर देना चाहिए। अगर सुप्रीम कोर्ट चाहे तो टोल फ्री नंबर पर बैठने वाले अदालत के स्टॉफ का खर्चा भी लोगों से ले सकता है और इसके लिए प्रति कॉल 3 से 5 रुपए की राशि भी फिक्स की जा सकती है लेकिन हर कॉल का उचित फॉलोअप सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है। इस काम को युद्धस्तर पर करने की जरूरत है क्योंकि भारत में आवारा कुत्तों के काटने की समस्या दिन-प्रतिदिन भयावह होती जा रही है। वैसे तो देश में कुत्तों द्वारा काटने के सारे आंकड़े दर्ज नहीं करवाए जाते हैं लेकिन जो भी आंकड़े दर्ज होते हैं, उसके मुताबिक वर्ष 2024 में हर मिनट पर डॉग बाइट के 7, हर घंटे में 430, रोजाना 10,321 , हर महीने 3,09,643 और वर्ष भर में 37,15,713 मामले दर्ज किए गए हैं। यानी सरकार भी यह मान रही है कि एक साल में 37 लाख से भी ज्यादा लोग कुत्तों के काटने का शिकार बनते हैं। वहीं वर्ष 2025 में कुत्तों के काटने की संख्या 47 लाख से भी ज्यादा बताई जा रही है।

सरकारी रिपोर्ट की माने तो, भारत में हर साल रेबीज के कारण 300 लोगों की मौत होती है। लेकिन डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में हर साल रेबीज के कारण 18 से 20 हज़ार लोगों की मौत हो जाती है। यहां इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि इस तरह के ज्यादातर मामले आंकड़ों में दर्ज ही नहीं किए जाते हैं। वर्ष 2019 में हुई पशु जनगणना में, देश में आवारा कुत्तों की संख्या 1.53 करोड़ बताई गई थी। लेकिन एक मोटे अनुमान के तौर पर यह माना जाता है कि देश में वर्तमान में आवारा कुत्तों की संख्या 6 से 7 करोड़ के लगभग हो गई है।

यह समस्या हर गुजरते दिन के साथ भयावह होती जा रही है। मोहल्लों, कॉलोनियों, सोसायटियों यहां तक कि पार्कों में भी इन आवारा कुत्तों ने कब्जा जमा रखा है। लगभग हर मोहल्ले/कॉलोनी और सोसायटी में आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो इन्हें अपने घर ले जाकर खाना नहीं खिलाएंगे, बल्कि उनकी जिद होगी कि वो इन्हें बाहर ही खाना खिलाएंगे। रही-सही कसर देश के टीवी चैनलों पर आने वाले तथाकथित ज्योतिषियों ने पूरी कर दी है, जो खास रंग के कुत्तों को खाना खिलाने पर किस्मत बदल जाने यानी अच्छे दिन आने का सपना दिखाकर इस समस्या को और ज्यादा भयावह बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# पीएम की यात्रा से पूरी दुनिया में मची हलचल, भारत की ताकत देखकर दंग रह गए यूरोपीय देश

**(नीरज कुमार दुबे)**

प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत और नॉर्वे की साझेदारी अब स्वच्छ ऊर्जा, हरित विकास, हरित नौवहन और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। उन्होंने इसे दोनों देशों के भविष्य के लिए निर्णायक कदम बताया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नॉर्वे यात्रा ने भारत और नॉर्वे के संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। ओस्लो में दोनों देशों ने अपने रिश्तों को हरित रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाने की घोषणा की। यह कदम स्वच्छ ऊर्जा, हरित प्रौद्योगिकी, समुद्री अर्थव्यवस्था, अनुसंधान, निवेश और व्यापार के क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग का आधार भी माना जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार इस नई साझेदारी से जलवायु परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित आपूर्ति श्रृंखला, समुद्री अर्थव्यवस्था और टिकाऊ विकास के क्षेत्रों में सहयोग को रणनीतिक दिशा मिलेगी। नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास गार स्तोरे ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता के बाद कहा कि भारत और नॉर्वे के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन दोनों देशों को उन ताकतों के खिलाफ साथ खड़ा होना होगा जो कूटनीति, व्यापार और प्रौद्योगिकी का हथियार की तरह उपयोग करती हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत और नॉर्वे की साझेदारी अब स्वच्छ ऊर्जा, हरित विकास, हरित नौवहन और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। उन्होंने इसे दोनों देशों के भविष्य के लिए निर्णायक कदम बताया।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की नॉर्वे यात्रा इसलिए भी ऐतिहासिक मानी जा रही है क्योंकि चार दशक से अधिक समय बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने नॉर्वे का दौरा किया है। ऐसे समय में जब भारत पारंपरिक साझेदारों पर निर्भरता कम कर नए आर्थिक सहयोगियों की तलाश कर रहा है, नॉर्वे एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभर रहा है। नॉर्वे का सरकारी पेंशन कोष दुनिया के सबसे बड़े संप्रभु



निवेश कोषों में गिना जाता है और पिछले कुछ वर्षों में उसने भारतीय बाजारों में निवेश लगातार बढ़ाया है।

आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 में भारत में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के मामले में नॉर्वे का हिस्सा 1.95 प्रतिशत था, जो 2025 तक बढ़कर 3.87 प्रतिशत हो गया। महामारी के बाद प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भी तेजी आई है। भारत को हाल के वर्षों में नॉर्वे से लगभग 693 मिलियन डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ है। व्यापार के स्तर पर भी संबंध मजबूत हो रहे हैं। वित्त वर्ष 2026 में भारत का नॉर्वे को निर्यात बढ़कर लगभग 472 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि आयात लगभग 635 मिलियन डॉलर रहा।

प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धियों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग को नया आयाम देना भी शामिल है। वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद और वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान विभाग ने नॉर्वे में पांच महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा, समुद्री ऊर्जा, अपतटीय पवन ऊर्जा, कार्बन नियंत्रण, जैव आधारित प्रौद्योगिकी और भू विज्ञान के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना है। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को नॉर्वे के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया गया। मोदी को यह सम्मान भारत-नॉर्वे संबंधों को प्रगाढ़ बनाने में उनके योगदान और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए दिया गया। यह प्रधानमंत्री को मिला 32वां विदेशी सम्मान है।

इसके अलावा, भारत और नॉर्वे के अनुसंधान संस्थानों के बीच संयुक्त कार्यशालाओं, अनुसंधान परियोजनाओं और वैज्ञानिक आदान प्रदान की भी योजना बनाई गई है। विशेष रूप से समुद्री ऊर्जा और अपतटीय पवन ऊर्जा पर सहयोग भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को मजबूत करेगा और कार्बन तटस्थता के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। इसके अतिरिक्त सतत विकास, चक्रीय अर्थव्यवस्था, समुद्री विज्ञान, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचा प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भी साझेदारी बढ़ाने पर सहमति बनी है।

प्रधानमंत्री मोदी की नॉर्डिक देशों के नेताओं के साथ बैठकें भी इस दौरे का महत्वपूर्ण हिस्सा रहीं। उन्होंने आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रन फ्रॉस्टडॉटिर, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ अलग अलग वार्ता की। इन बैठकों में व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और निवेश सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

हम आपको बता दें कि नॉर्डिक देश उत्तरी यूरोप और उत्तरी अटलांटिक का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं, जिनमें डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन शामिल हैं। इन पांच देशों की संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद क्षमता 1.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है और ये नवीकरणीय ऊर्जा तथा सतत समुद्री शासन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व रखते हैं। साथ ही ओस्लो में आयोजित तीसरा भारत नॉर्डिक शिखर सम्मेलन भारत और इन देशों के बीच प्रौद्योगिकी, हरित परिवर्तन, रक्षा, अंतरिक्ष, समुद्री अर्थव्यवस्था और आर्कटिक सहयोग को नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर भी चर्चा तेज हुई है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लेयेन ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच निवेश समझौते को सहयोग की अधूरी कड़ी बताया। माना जा रहा है कि भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के बीच हाल में हुए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते से भारत में एक लाख करोड़ डॉलर तक का निवेश आ सकता है और अगले पंद्रह वर्षों में दस लाख रोजगार सृजित हो सकते हैं।

हम आपको बता दें कि फिनलैंड, आइसलैंड और डेनमार्क के साथ भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध भी लगातार मजबूत हो रहे हैं। फिनलैंड की सौ से अधिक कंपनियां भारत में कारोबार कर रही हैं, जबकि डेनमार्क की कई कंपनियों ने मेक इन इंडिया अभियान के तहत नए कारखाने स्थापित किए हैं। आइसलैंड में भारतीय संस्कृति, योग, संगीत और भारतीय भोजन के प्रति विशेष रुचि देखी जा रही है।

बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी की नॉर्वे और नॉर्डिक देशों की यह यात्रा केवल औपचारिक कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हरित विकास, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और वैश्विक आर्थिक सहयोग की नई संभावनाओं का संकेत मानी जा रही है। भारत और नॉर्डिक देशों के बीच बढ़ती निकटता आने वाले वर्षों में वैश्विक हरित अर्थव्यवस्था और रणनीतिक साझेदारी के नए मॉडल के रूप में उभर सकती है।

# पति-पत्नी के विवाद में विवाहिता की संदिग्ध मौत, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

## मृतका की मां ने लगाया हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस, तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोढ़ा (कटिहार)।** कोढ़ा प्रखंड के रौतारा थाना क्षेत्र के राजवाड़ा पंचायत स्थित चापी गांव में बुधवार देर रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान चापी गांव निवासी अशोक मुंडा की पत्नी डोली कुमारी के रूप में की गई है। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार देर रात ग्रामीणों ने नया टोला रेलवे फाटक रौतारा के समीप रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव पड़ा देखा। शव मिलने की सूचना आसपास के लोगों में तेजी से फैल गई।

ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी मृतका के परिजनों को दी गई। जिसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। शव की पहचान डोली कुमारी के रूप में होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि डोली कुमारी और उसके पति के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। घटना के बाद कई तरह की चचाएं भी शुरू हो गई हैं। वहीं मृतका की मां ने अपनी बेटी की मौत को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतका की मां का कहना है कि उसकी बेटी के साथ ससुराल में लगातार मारपीट और प्रताड़ना की जाती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि डोली की हत्या कर मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को रेलवे पटरी पर फेंक दिया गया। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।वहीं मृतका के पति अशोक मुंडा बताते हैं कि वे पत्नी को दारू पीने से मना करते थे फिर भी वो पी लेती थी जिस कारण वे एक दो थप्पड़ मारे थे। जिससे नाराज होकर ऐसा कदम उठा ली। घटना की सूचना मिलते ही रौतारा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और परिजनों सहित आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।घटना के बाद मृतका के तीन छोटे-छोटे बच्चों की स्थिति देख हर कोई भावुक हो उठा। डोली अपने पीछे छह वर्ष, पांच वर्ष और तीन वर्ष के तीन मासूम बच्चों को छोड़ गई है। बच्चों को शायद अभी यह भी एहसास नहीं है कि उनकी मां अब इस दुनिया में नहीं रही। गांव की महिलाएं बच्चों को संभालती नजर आईं, जबकि पूरे गांव में घटना को लेकर शोक का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि डोली स्वभाव से शांत महिला थी और अक्सर अपने बच्चों की परवरिश को लेकर चिंतित रहती थी। अचानक हुई इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। वहीं लोग पुलिस जांच के निष्कर्ष का इंतजार कर रहे हैं, ताकि मामले की सच्चाई सामने आ सके।


# 7.32 करोड़ का झमटा-महिशाकोल पुल 4 साल में ही धंस गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** अररिया प्रखंड अंतर्गत परमान नदी पर बना झमटा-महिशाकोल पुल अब गंभीर खतरे का संकेत दे रहा है। लगभग 7.32 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 206.72 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण वर्ष 2022 में पूर्ण हुआ था, लेकिन मात्र 3 वर्षों में ही इसकी हालत चिंताजनक हो गई है। पुल का पाया धंस रहा है, रेलिंग में दरारें पड़ चुकी हैं और संरचना कई जगह कमजोर दिखाई दे रही है। हालांकि अभी पुल पर आवागमन जारी है, किंतु इसकी वर्तमान स्थिति को देखते हुए किसी गंभीर दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पार्षद सबा फैसल ने जिलाधिकारी, अररिया को आवेदन देकर तत्काल तकनीकी जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता गैर सरकारी संगठन "अररिया का मुद्दा" के फाउंडर फैसल जावेद यासीन ने भी जिलाधिकारी से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराया है। गौरतलब है कि पुल निर्माण के दौरान ही कार्य की गुणवत्ता को लेकर कई सवाल उठे थे। फैसल जावेद यासीन ने कई बार संवेदक एवं इंजीनियर को घटिया निर्माण कार्य की शिकायत दी थी। ग्रामीणों ने भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए काम रुकवाया था, लेकिन शिकायतों को नजरअंदाज कर कार्य जारी रखा गया। इस पुल के संवेदक प्रकाश कंस्ट्रक्शन बताए जाते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में भारी अनियमितता और घटिया सामग्री का









उपयोग किया गया, जिसका परिणाम आज पुल की जर्जर स्थिति के रूप में सामने आ रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद पुल इतनी जल्दी जर्जर कैसे हो गया? और पहले से शिकायत मिलने के बावजूद संबंधित विभाग एवं अधिकारियों ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की? फैसल जावेद यासीन ने कहा कि विभाग के एस डी ओ से बात हुए है वो उसे अब संवेदक से ठीक करवाने की ना कह रहे है। जिला पार्षद सबा फैसल ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पुल की तत्काल उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए तथा दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### मनिहारी में एनसीसी चयन शिविर आयोजित, 80 छात्र हुए चयनित

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** नगर पंचायत के बीपीशुप्र उच्च विद्यालय परिसर में गुरुवार को एनसीसी में नामांकन के लिए चयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार एनसीसी में चयन हेतु कुल 90 छात्रों ने आवेदन दिया था।एनसीसी पूर्णिया 35 वीं बिहार बटालियन के कमांड अधिकारी कर्नल उमेश खेत्री के निर्देशन में चयन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान सूबेदार सिकंदर यादव एवं हवलदार संजीत कुमार ने छात्रों की शारीरिक दक्षता,अनुशासन तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप जांच की। चयन प्रक्रिया में दौड़,शारीरिक फिटनेस और आवश्यक परीक्षाएं शामिल थीं।कड़ी जांच एवं परीक्षण के बाद कुल 80 छात्रों का चयन एनसीसी के लिए किया गया। चयनित छात्रों में काफी उत्साह देखा गया। विद्यालय के शिक्षक सह एनसीसी प्रभारी मो. शमीम ने बताया कि एनसीसी छात्रों में अनुशासन,नेतृत्व क्षमता और देश सेवा की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में उन्हें बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों की सक्रिय भूमिका रही।

### कोढ़ा में बैटरी चोरी का खुलासा, चार गिरफ्तार

**कोढा/कटिहार (नबिटासं)।** कोढ़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बैटरी चोरी के एक मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कोढ़ा थाना अंतर्गत ग्राम गेड़ावाड़ी बस्ती से तीन युवक राजू कुमार (19) ,सागर कुमार (20) एवं निर्भय कुमार (25) को बैटरी चोरी के आरोप में हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस की सख्ती से पूछताछ के दौरान तीनों आरोपियों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पूछताछ के क्रम में आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई बैटरियों को बरामद कर लिया। बरामदगी कोढ़ा थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 02 स्थित एक कबाड़ी दुकान से की गई। जिसे विश्वनाथ चौधरी (65) संचालित करते हैं। पुलिस ने कबाड़ी दुकानदार को भी इस मामले में संलिप्त पाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने चोरी की गई बैटरियों को कबाड़ी दुकान पर बेच दिया था। इस पूरे घटनाक्रम में चारों व्यक्तियों की भूमिका सामने आने के बाद उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में कोढ़ा थाना अध्यक्ष पंकज आनंद ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के दायरे में लाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यार्थी परिषद के 12 वर्षों की जा रही मांग को किया गया पूरा

**कटिहार (नबिटासं)।** केबी झा कॉलेज के लगभग 600 छात्रों का परीक्षा देने वाले हॉल लगभग 12 वर्षों से जर्जर की स्थिति में पड़ा हुआ था। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने महाविद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक ज्ञापन देकर इस भवन की मरम्मत की मांग की थी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मांग थी कि केबी झा कॉलेज में बराबर किसी न किसी कोर्स का परीक्षा या कार्यक्रम का आयोजन होते रहता है। इसको देखते हुए एक बड़ी हॉल की आवश्यकता बनी रहती है। इस हॉल को सही हो जाने से महाविद्यालय में छात्रों को परीक्षा देने में और कार्यक्रम होने में सही रहेगा।महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में हॉल को सही किया गया। इसको लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने प्रधानाचार्य को बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद दिया है। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल ठाकुर, नगर मंत्री राजा यादव, नगर सह मंत्री रवि सिंह, विशाल सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### तेज आंधी व वर्षा से 15 घंटे से ज्यादा बिजली बाधित

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र में बीते देर रात्रि को अचानक तेज आंधी एवं वर्षा से क्षेत्र में जहां बिजली गुम हो गई वहीं कई जगह बिजली के तार क्षतिग्रस्त हुई हैं जिस कारण से बुधवार की आधी रात से अब तक बिजली के आपूर्ति क्षेत्र में नहीं हुई है बता दें कि तेज आंधी और वर्षा के बाद कुरेठा मोड़ के पास 440 वोल्ट के कॉपर तार गिर जाने से कई गांव में बिजली बाधित हुई हैं जबकि अन्य जगहों पर बिजली के तार पर पेर गिर जाने से तार टूट कर जमीन पर गिरी हुई है जिसको लेकर स्थानीय बिजली मिस्त्री के द्वारा जांच कर उसे सुचारू रूप से बिजली चालू करने की कोशिश में लगे हुए हैं। इस संदर्भ में विद्युत विभाग के जेई रोशन कुमार राकेश ने कहा कि जल्द ही बिजली की तार को रिपेयरिंग कर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली मुहैया कराई जाएगी बता दें की बुधवार की रात्रि एक बजे बिजली कटे समाचार प्रेषण तक बिजली क्षेत्र में ठप पड़ी थी। 15 घंटा से ऊपर हो गया हैं अब तक बिजली सेवा बहाल नहीं की गई हैं।

### अंचलाधिकारी की उपस्थिति में शराब का हुआ विनष्टीकरण

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** जिला पदाधिकारी के आदेशानुसार मनसाही थाना में अंचलाधिकारी मो. इस्माइल के देखरेख



में मनसाही थाने में जप्त 529 लीटर शराब का विनष्टीकरण किया गया। जिसने 330 लीटर विदेश शराब एवं 199 लीटर देशी शराब शामिल हैं। मौके पर थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद कुमार, एसआई मुस्तफा अंसारी, प्रियरंजन पासवान आदि उपस्थित रहे ।

# संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त व मजबूत बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत फारबिसगंज नगर और प्रखंड कांग्रेस की संयुक्त बैठक पूर्व रक्षा राज्य मंत्री स्वगीय डूमर लाल बैठा के आवास पर आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्षता अमितेश कुमार गुड्डू ने किया और संचालन प्रखंड अध्यक्ष गुलाब चंद ऋषिदेव ने किया। बैठक के दौरान पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ता दुगार्नंद ठाकुर को जिला अध्यक्ष व प्रवेक्षक के द्वारा सम्मानित किया गया।





बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाने, नए कार्यकताओं को जोड़ने तथा आगामी राजनीतिक एवं जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मासूम रेजा ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से गांव गांव और बूथ स्तर तक पार्टी को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्रदान की जाएगी तथा समर्पित कार्यकताओं को संगठन में उचित सम्मान और जिम्मेवारी दी जाएगी। वही बिहार कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रवेक्षक नैयर मसूद खान ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत पार्टी का कार्यकता है।उन्होंने कहा कि नगर और प्रखंड में संगठन को ओर अधिक सक्रिय एवं धारदार बनाना है। कार्यकताओं से अपील की वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुने और कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को घर घर तक पहुंचाने का कार्य करे। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष शाद अहमद अनिल सिन्हा, यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव करण कुमार पप्पू, कपिल अंसारी, तस्दुख खान, इरशाद सिद्दीकी, मनोज जसवाल, विनय सिंह, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुलशन आरा, अवसान हसन, प्रीति कुमारी,जोया खान,शंकर साह, अमन राजा, दिलकश, साकिब राजा, रामदेव यादव शशि मोहन ठाकुर, सुधीर मेहता, कंचन विश्वास नसीम रजा, मो सलाहुद्दीन, मायानाद ऋषिदेव दुगार्नंद ठाकुर, गुलाम सरोवर, दीपेंद्र रजक, मो सज्जाद, जय प्रकाश ऋषिदेव, विद्यानंद ऋषिदेव, केली देवी, डोमनी देवी, जितनी देवी, सावित्री देवी, सहित दर्जनों कार्यकता मौजूद थे।

# राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक सोच तकनीकी विकास और युवा नेतृत्व की नई दिशा दी : सुनील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। कटिहार कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव की अध्यक्षता में मिरचाईबाड़ी स्थित आवासीय कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा देश के लिए उनके योगदान को याद किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक सोच, तकनीकी विकास और युवा नेतृत्व की नई दिशा दी। उन्होंने देश को 21वीं सदी में ले जाने का सपना देखा और कंप्यूटर, दूरसंचार तथा शिक्षा क्षेत्र में कई ऐतिहासिक पहल कर भारत के विकास की मजबूत नींव रखी। सुनील कुमार यादव ने कहा कि राजीव गांधी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि आधुनिक भारत के दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने युवाओं को राजनीति और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। उनकी सोच और नीतियों ने देश को नई दिशा देने का काम किया।

# जन भागीदारी शिविर को लेकर पदाधिकारियों ने किया पैदल मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बाहुल दो पंचायतों के चिह्नित चार टोलों में जनजाति गरिमा उत्सव के तहत जन भागीदारी शिविर का आयोजन किया जा रहा है।शिविर की सफलता के लिए जनजाति परिवार के लोगों के बीच सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है।वहीं योजनाओं को लेकर प्राप्त आवेदनों का ऑन-द्-स्पॉट निष्पादन करने की व्यवस्था की गई है। कल्याण विभाग की ओर से 19 से 25 तक चलने वाले इस इस अभियान के माध्यम से योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाने का उद्देश्य कितना पूरा होगा। यह तो समय हीं बताएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी



शुभम प्रकाश के नेतृत्व में अंचल अधिकारी सादी रऊफ, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवानी गुप्ता,चिकित्सा पदाधिकारी डा. आरपी मंडल, कार्यक्रम पदाधिकारी सतीश प्रसाद सिंह, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा. आनंद कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने स्थानीय मुखिया पार्वती हेम्ब्रम, समाजसेवी राजेन सोरेन आदि के साथ रतनपुरा गांव में पैदल मार्च किया।जिला कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन देसाई ने भी शिविर का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने आदिवासी समाज के लिए आयोजित शिविर के उद्देश्य तथा उससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया।वहीं चारों टोले के चिह्नित स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था।जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों का स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त आवश्यक दवाई और चिकित्सीय सलाह दी गई। वहीं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन भी प्राप्त किया गया।बीडीओ ने बताया कि यह एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। जिसे आदिवासी बाहुल प्रखंडों के चिह्नित आदिवासी टोले में चलाया जा रहा है। इसको लेकर प्रखंड के रायपुर पंचायत के पड़रिया खुर्द,गोरफर और कलसरा तथा डंडखोरा पंचायत के रत्नपुरा गांव का चयन किया गया है।उन्होंने बताया कि पैदल मार्च निकालकर जनजाति समुदाय के लोगों को उनके लिए चलाई जा रही योजनाओ की जानकारी देना और उससे लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है।

# कटिहार-बारसोई रेलखंड में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को लेकर राजधानी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का बदलेगा मार्ग : सीनियर डीसीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेलमंडल के कटिहार-बारसोई रेलखंड में रेलवे सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाएगा। इस कार्य के कारण राजधानी एक्सप्रेस सहित एक दर्जन से अधिक लंबी दूरी की ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। इस



संबंध में कटिहार रेलमंडल के सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कटिहार-डंडखोरा,सनोली एवं कटिहार- मनियां सेक्शन में 10 जून से 13 जून तक सेफ्टी इंप्रूवमेंट एवं यात्री सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। जिस दौरान रेल प्रशासन द्वारा राजधानी एक्सप्रेस समेत कई महत्वपूर्ण ट्रेनें कटिहार - बारसोई रेलखंड के बजाय पूर्णिया एवं ठाकुरगंज मार्ग से अप एवं डाउन दिशा में परिचालित की जाएंगी।

कटिहार रेलमंडल में ट्रेनों का यह डायवर्सन आगामी 7 जून से 13 जून तक प्रभावी रहेगा। वही डायवर्सन के दौरान सभी ट्रेनों का पूर्णिया और ठाकुरगंज में ठहराव भी दिया गया है। मार्ग परिवर्तित ट्रेनों में मुख्य रूप से ट्रेन नंबर 12424, 15716, 15651, 15653, 15624, 22411 आदि रेगुलर वो साप्ताहिक ट्रेन अप डाउन में शामिल हैं। वहीं जोगबनी-कोलकाता चितपुर एक्सप्रेस इस अवधि में कटिहार से जोगबनी के बीच रद्द रहेगी। सीनियर डीसीएम सह पीआरओ अनूप कुमार सिंह ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि यात्रा से पूर्व अपनी ट्रेन की सही स्थिति एवं मार्ग की जानकारी रेलवे की आधिकारिक रेलवे की टोलफ्री नंबर, वेबसाइट, एनटीईएस अथवा हेल्पलाइन से अवश्य प्राप्त कर लें। ताकि सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके।

# घरेलू विवाद में युवक ने खायी चूहे मारने की दवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्रखंड के रोशना थाना क्षेत्र के शाहनगर गांव निवासी राजा (22) पिता शेख सोजील ने घरेलू विवाद से परेशान होकर चूहे मारने की दवा खा ली। उसके बाद युवक की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजन एवं ग्रामीणों ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राणपुर लाया। जहां प्रथम उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल कटिहार रेफर कर दिया।बताया जाता है कि युवक का अपनी पत्नी के साथ पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। इसी तनाव में आकर उसने यह कदम उठा लिया। घटना के बाद गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# मक्का सहित ट्रैक्टर के साथ दो आरोपि गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** सालमारी थाना क्षेत्र के गोगरा गांव के पास पहले से घात लगा कर बैठे अपराधी ने चालक को बंदी बना कर मक्का लदा ट्रेक्टर को जप्त कर मक्का सहित ट्रेक्टर लेकर फरार हो गया। पिडित किसान अमरनाथ मंडल ने सालमारी थाना में आवेदन दे कर न्याय की गुहार लगाने के बाद सालमारी थाना की पुलिस हरकत में आने के बाद घटना के 12 घंटा के अन्दर पिडित के निशानदेही पर एवं पुलिस अनुसंधान के आधार पर अज्ञात अपराधी की पहचान कर आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ट्रेक्टर सहित मक्का को बरामद करने में सफलता पायी। पिडित किसान ने आवेदन दे कर बताया है की वह 50 क्विंटल मक्का ले कर गुलाबबाग मंडी जा रहा था की अहले सुबह 2.40 बजे में गोगरा गांव के पास पांच अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रेक्टर को रोककर उसे बंदी बना कर मक्का के खेत में ले जा कर बांध दिया। कई घंटा के बाद खाली ट्रेक्टर वापस करने के बाद उसे छोड़ा गया। इस घटना की लिखित शिकायत सालमारी थाना में किये। थानाध्यक्ष कुमारी जुली ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद अनि निप्पू कुमार के सहयोग से अनुसंधान के आधार पर पहचान कर दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही ट्रेक्टर और लुटा गया मक्का को बरामद कर लिया गया है।

# रंगदारी एवं जमीन हड़पने के मामलों में भू-माफिया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भू-माफिया के विरुद्ध कटिहार पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है।पुलिस ने इलाके के कुख्यात भू-माफिया आनंद कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ मुफस्सिल,नगर और हसनगंज थाना में जमीन हड़पने,रंगदारी मांगने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोपों को लेकर कई मामला दर्ज है। जानकारी के अनुसार 01 अप्रैल 2026 को सिरसा निवासी पुष्पेंद्र कुमार पिता-सीताराम शर्मा ने मुफस्सिल थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया था कि भू-माफिया आनंद कुमार सिंह और उसके साथी उनकी पत्नी की पुश्तैनी जमीन को हड़पने की नीयत से लगातार रंगदारी की मांग कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में तोड़फोड़, चोरी,मारपीट और फायरिंग जैसी हिंसक वारदातों को अंजाम



दिया।अपने आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने दबाव बनाकर उनके पत्नी के नाम की जमीन की जबरन रजिस्ट्री भी करवा ली थी।आवेदन के आधार पर मुफस्सिल थाने में कांड दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। संज्ञान में आते हीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर -01 के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया।टीम ने छापेमारी कर मुख्य आरोपी आनंद कुमार सिंह (40) पिता विनोद सिंह निवासी सिरसा, थाना मुफस्सिल को गिरफ्तार कर लिया।

# कांग्रेस ने मनायी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** नगर कांग्रेस कमेटी अ के अध्यक्ष पुतुल सिंह व नगर अध्यक्ष ब के अध्यक्ष रिंकू मिश्रा के नेतृत्व में देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गयी ।सर्वप्रथम स्थानीय सदर अस्पताल मे कांग्रेस नेताओं द्वारा मरीजों के बीच फलों एवं ब्रेड का वितरण किया गया। उसके बाद कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा स्व. राजीव गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही दो मिनट का मौन रखा गया।

इस मौके पर कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने। वो अक्सर अपने बयानों मे कहते थे कि भारत एक



युवा देश है और उसे युवा सोच चाहिए। भारत एक प्राचीन देश, लेकिन एक युवा राष्ट्र है। भारत को मजबूत, स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और दुनिया के सभी देशों मे से प्रथम रैंक मे लाना और मानव की सेवा करना ही उनकी हमेशा से सोच रही। कांग्रेस नेताओं ने स्व . गांधी की कीर्तियो की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने आधुनिकीकरण और टेक्नोलॉजी मे भारत मे कम्प्यूटर और टेलीकॉम क्रांति की नींव रखी। उनको भारत मे सूचना प्रद्योगिकी और दूरसंचार क्रांति का जनक माना जाता है। सन् 1986 मे उन्होंने नई शिक्षा नीति लाए एवं नवोदय विद्यालय की शुरूआत भी उन्हीं के द्वारा की गई। पंचायती राज भी उन्हीं की देन है। उनकी विदेश नीति काफी सुलझी हुई थी। देश ने उन्हें हमेशा नई सोच का नेता माना। उनकी छवि बेहद लोकप्रिय रही। लोगों से सीधे तौर पर मिलने जुलने पर यकीन रखते थे। उनके जीवन का अंतिम शब्द यही था कि भारत को 21वी सदी मे ले जाना है। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी अर्बन अध्यक्ष संजय कुमार सिंह,राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम, जिला प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला,फिरोज अहमद कुरैशी, डॉ बिपिन सिंह,अल्तमश दीवान, मीनाक्षी श्वेता, मेजर जमाल, राज आनंद सिंह, पप्पू कश्यप, धनंजय ठाकुर,अमर तिवारी, बेचन पाण्डेय, फिरोज मुतुन, मो. साबिर, जटा शंकर झा, योगेंद्र यादव, मिथिलेश सिंह, संतोष चौबे, मसूद रजा खान, मोहर्रम खान आदि नेताओं ने राजीव गांधी जी को नमन किया।

# एलन मस्क की स्पेस एक्स ला रही दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ, वैल्युएशन 1.25 ट्रिलियन डॉलर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क की कंपनी ने नैस्डैक स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट होने के लिए डॉक्युमेंट्स दाखिल कर दिए हैं। यह स्टॉक मार्केट इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी पेशकश मानी जा रही है। कंपनी इससे 50 से 75 अरब डॉलर जुटाने की योजना बना रही है, जिससे उसका वैल्युएशन 1.25 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा। इससे स्पेसएक्स ट्रिलियन डॉलर के वैल्युएशन पर पब्लिक होने वाली पहली अमेरिकी कंपनी बन जाएगी। इसका टिकर सिंबल होगा और लिस्टिंग जून के मध्य तक संभव है। पहली बार अपनी पूरी वित्तीय स्थिति सार्वजनिक की है। 2025 में कंपनी का रेवेन्यू 18.7 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल से 33 प्रतिशत अधिक है, लेकिन उसी साल कंपनी को 4.9 अरब डॉलर का शुद्ध घाटा हुआ, जबकि 2024 में 791 मिलियन डॉलर का मुनाफा था। 2026 की पहली तिमाही में ही 4.7 अरब डॉलर के रेवेन्यू पर 4.3 अरब डॉलर का घाटा दर्ज किया गया। भारी निवेश के चलते कंपनी का खर्च दोगुना होकर 20.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया।



अब खुद को सिर्फ अंतरिक्ष कंपनी नहीं, बल्कि कंपनी के रूप में पेश कर रही है। फरवरी 2026 में (ग्रोक चैटबॉट और सोशल मीडिया का मालिक) के साथ मर्जर के बाद कंपनी ने,ढ्ढ इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान केंद्रित किया है। इसकी सबसे बड़ी योजना है डेटा सेंटर को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करना। कंपनी का कहना है कि स्पेस-बेस्ड डेटा सेंटर कूलिंग, सोलर एनर्जी और ग्लोबल कम्युनिकेशन के मामले में बेहतर हैं। इसके लिए टेस्ला के साथ मिलकर टेराफैब नाम से एक एडवांस चिप फैक्ट्री भी बना रहा है। स्टारलिंक, की लो-अर्थ-ऑर्बिट सैटेलाइट इंटरनेट सेवा, अब कंपनी का सबसे बड़ा राजस्व इंजन बन चुकी है। प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, स्टारलिंक के ज़रिए कनेक्टिविटी का बाजार 1.6 ट्रिलियन डॉलर का है। वहीं एंटरप्राइज एप्लीकेशन का बाजार 22.7 ट्रिलियन डॉलर आंका गया है।

### कंपनी के बोर्ड में एलन मस्क का दबदबा

फाइलिंग के मुताबिक, एलन मस्क के पास स्पेसएक्स के 50 प्रतिशत से अधिक शेयर हैं और 85.1 प्रतिशत वोटिंग पावर है। मौजूदा वैल्युएशन के हिसाब से उनकी हिस्सेदारी 635 अरब डॉलर से अधिक है। बोर्ड में खुद मस्क, जो चेयरमैन हैं, के अलावा, प्रेसिडेंट ग्वेने शॉटवेल, सीएफओ ब्रेट जॉनसन, वेंचर कैपिटलिस्ट स्टीव जुर्वेट्सन और गूगल के डोनाल्ड हैरिसन जैसे नाम शामिल हैं।

### मस्क की कितनी है सैलरी

मस्क का सालाना वेतन सिर्फ 54,080 डॉलर है, लेकिन उनका असली मुआवजा परफॉर्मेंस आधारित शेयर अवॉर्ड से जुड़ा है। इन शर्तों में मंगल ग्रह पर एक मिलियन लोगों की कॉलोनी बसाना और 7.5 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप हासिल करना शामिल है।

## 1 लाख बन गए 21 करोड़, 11 शेयरों ने दिया 10,000 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले चार सालों में भारतीय स्टॉक मार्केट ने कई जबरदस्त वेल्थ क्रिएटर्स दिए



हैं। लेकिन, कुछ सबसे बड़े फायदे मार्केट के सबसे रिस्की कॉर्नर यानी पेनी स्टॉक्स से आए हैं। 19 मई तक के डेटा से पता चला है कि कम से कम 11 पेनी स्टॉक्स ने मई 2021 से 10,000 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। इससे हाल के सालों में सबसे मजबूत बुल मार्केट फेज में से एक के दौरान छोटे इन्वेस्टमेंट्स बड़े मुनाफे में बदल गए। इस लिस्ट में सबसे ऊपर डायमंड पावर इंफ्रास्ट्रक्चर रहा। इसके शेयर 19 मई, 2021 को सिर्फ 9 पैसे से बढ़कर 24.27 रुपये हो गए। इससे 2,10,000 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न मिला। इसका मतलब यह हुआ कि अगर किसी ने चार साल पहले इस स्टॉक में 1 लाख रुपये का इन्वेस्टमेंट किया होता तो अब यह 21 करोड़ रुपये से ज्यादा का होता। यह तेजी तब आई जब इन्वेस्टर्स ने बढ़ते सरकारी खर्च और प्राइवेट कैपेक्स रिकवरी के बीच भारत के पावर ट्रांसमिशन, केबल्स और इंफ्रास्ट्रक्चर बूम से जुड़ी कंपनियों का जोरदार पीछा किया। स्वान डिफेंस और हेवी इंडस्ट्रीज एक और बड़े आउटपरफॉर्मर के तौर पर उभरीं। इस दौरान स्टॉक 2.85 रुपये से बढ़कर 210.21 रुपये हो गया, जिससे 65,000 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न मिला। सरकार के लोकलाइजेशन पर जोर और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के बढ़ते मौकों के बाद पिछले कुछ सालों में डिफेंस सेक्टर में इन्वेस्टर्स की मजबूत दिलचस्पी देखी गई है। स्टेलेंट सिक्योरिटीज ने 38,000 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया। जबकि ईस्ट इंडिया ड्रम्स एंड बैरल्स मैन्युफैक्चरिंग लगभग 30,000 प्रतिशत बढ़ा।

## सोम सोमशेखर के निधन से स्तब्ध है सिलिकॉन वैली, सत्या नडेला ने दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोमशेखर वर्ष 1989 में माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े और लगभग 27 वर्षों तक




कंपनी में रहे। उन्होंने विंडोज के 8 एडिशन के डेवलपमेंट में योगदान दिया, जिसमें विंडोज एनटी ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम भी शामिल था। भारतीय मूल के प्रसिद्ध टेक एक्सपर्ट सोम सोमशेखर का 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व कार्यकारी और मैड्रोना वेंचर ग्रुप के प्रबंध निदेशक थे। उनके निधन से वैश्विक टेक्नोलॉजी उद्योग में शोक की लहर दौड़ गई है। सिएटल स्थित वेंचर कैपिटल फर्म ने मंगलवार, 19 मई को उनके निधन की पुष्टि की और उन्हें एक ऐसा नेता बताया जिसकी 'ब्रिलिएंस एंड जेनेरस स्प्रिट' ने कलिग्स, उद्यमियों और डेवलपर्स पर गहरी छाप छोड़ी। सोमशेखर का जन्म पुडुचेरी में हुआ था। उन्होंने टेक्नोलॉजी सेक्टर में लगभग तीन दशकों का शानदार करियर बनाया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकॉम इंजीनियरिंग में अन्ना यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की और लुइसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री प्राप्त की। अन्ना विश्वविद्यालय ने उन्हें मानद डॉक्टरेट से भी सम्मानित किया था। वर्ष 2008 में उन्हें एशियाई अमेरिकी इंजीनियर ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया था। सोमशेखर वर्ष 1989 में माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े और लगभग 27 वर्षों तक कंपनी में रहे। उन्होंने विंडोज के आठ एडिशन के डेवलपमेंट में योगदान दिया, जिसमें विंडोज एनटी ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम भी शामिल था। समय के साथ वह माइक्रोसॉफ्ट के डेवलपर डिवीजन के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट बने, जहां उन्होंने विजुअल स्टूडियो और .ह्श्वञ्ज फ्रेमवर्क जैसे प्रमुख प्लेटफार्मों की देखरेख की।

## जेपी पावर का शेयर 5 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** अडानी पावर ने गुरुवार को एक ऐलान किया और जयप्रकाश पावर वेंचर्स के शेयर पांच फीसदी से भी ज्यादा चढ़ गए। उसने घोषणा की कि जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड से जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी और उत्तर प्रदेश में स्थित 180 मेगावाट के चुर्क थर्मल पावर प्लांट अधिग्रहण के लिए जेएएल से करार किया है। यह करार एनसीएलटी द्वारा मंजूर की गई समाधान योजना के अंतर्गत हुआ है। स्टॉक एक्सचेंज की गई फाइलिंग में अडानी ग्रुप ने बताया कि उसने जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड में जेएएल की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी को लगभग 2,993.6 करोड़ रुपए में हासिल करने के लिए एक शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एक अलग फाइलिंग में कंपनी ने कहा कि उसने जेएएल के सोनभद्र स्थित 180 मेगावाट के चुर्क थर्मल पावर स्टेशन को, संबंधित संपत्तियों सहित, जिसमें प्रयागराज पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में 11.49 प्रतिशत हिस्सेदारी भी शामिल है, 1,200 करोड़ रुपए में खरीदने के लिए एक व्यापार हस्तांतरण समझौते में प्रवेश किया है। जेपीवीएल 2,220 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाले थर्मल और हाइडिल असेट का संचालन करती है, साथ ही कोयला खनन, रेत खनन और सीमेंट ग्राइंडिंग में भी इसकी हिस्सेदारी है। चुर्क प्लांट उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित है जहां 180 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट है। कंपनी ने बताया कि ये लेन-देन एनसीएलटी द्वारा अनुमोदित जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के समाधान योजना का हिस्सा हैं।

## सोने-चांदी के रेट में गिरावट, 1.60 लाख से नीचे आया गोल्ड, सिल्वर 2.73 लाख के करीब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी के दामों में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के भाव 206 रुपये गिरकर 1,59,800 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गए। वहीं, चांदी का भाव आज 1,350 रुपये लुढ़ककर 2,72,915 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ



गया। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड 0.2 प्रतिशत गिरकर 4,534.69 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जबकि स्पॉट सिल्वर 0.8 प्रतिशत टूटकर 75.40 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में कमी और दुनियाभर के शेयर बाजारों में उछाल के कारण सोने-चांदी पर दबाव बना। हालांकि, ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अब भी बना हुआ है। ईरान ने कहा है कि वह अमेरिका के नए प्रस्ताव की जांच कर रहा है, जिसका उद्देश्य मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध को समाप्त करना है। ट्रंप के बयान का भी असर : सोने-चांदी के भाव पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान का भी असर है। उन्होंने संकेत दिया कि बातचीत एक समझौते और नए हमलों के बीच की कगार पर है। उन्होंने कहा, 'अगर हमें सही जवाब नहीं मिले, तो स्थिति बहुत तेजी से बदल सकती है। हम पूरी तरह तैयार हैं।' उनके अनुसार, कूटनीति की खिड़की जल्द बंद हो सकती है। बॉन्ड यील्ड और कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव ने भी बनाया दबाव : हालांकि बुधवार को अमेरिकी 10साल का बॉन्ड यील्ड 9.4 आधार अंक गिरकर 4.576 प्रतिशत पर आ गई थी, लेकिन गुरुवार सुबह इसमें हल्की बढ़त देखी गई और यह 4.584 प्रतिशत पर पहुंच गई। साथ ही, ब्रेंट क्रूड के दाम 0.8 प्रतिशत से अधिक चढ़कर 106 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए। ये दोनों फैक्टर्स भी सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव डालने में कामयाब रहे। फेडरल रिजर्व के संकेत और गोल्ड ईटीएफ में गिरावट : अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की अप्रैल बैठक के मिनट्स के अनुसार, अधिकांश नीति निर्माताओं का मानना है कि यदि मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी रहती है, तो नीति में और सख्ती की आवश्यकता हो सकती है। इसके अलावा, दुनिया के सबसे बड़े गोल्ड ईटीएफ, गोल्ड ट्रस्ट की होल्डिंग्स में मामूली कमी आई है। करेंसी के वाइस प्रेसिडेंट और रिसर्च एनालिस्ट जतिन त्रिवेदी के अनुसार, सोने की कीमतें अमेरिका-ईरान के घटनाक्रम पर निर्भर करती रहेंगी। साथ ही, रुपये में लगातार कमजोरी से घरेलू बाजार में सोने को सपोर्ट मिल रहा है, भले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहे। उनका कहना है कि जियो-पॉलिटिकल अनिश्चितता और कच्चे तेल की चाल बुलियन की धारणा को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक बने हुए हैं।

## चीन की नई चाल से भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री में हाहाकार, सरकार से लगाई मदद की गुहार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में तेजी से आगे बढ़ रहा है लेकिन चीन इस बात को पचा नहीं पा रहा है। भारत के रास्ते में रोड़ा अटकाने के लिए वह हरसंभव प्रयास कर रहा है। चीन ने सप्लाई चेन पर तरह-तरह की बंदिशें लगाई हैं जिससे भारत का ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब बनने का सपना टूट सकता है। ईटी के एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय कंपनियों अब अब सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

चीन ने अपनी सप्लाई चेन को कंट्रोल करने के लिए अप्रैल में कई तरह की नियामकीय बंदिशें लगाई थीं। साथ ही चीन से बाहर मैन्युफैक्चरिंग शिफ्ट करने वाली कंपनियों के सीनियर अधिकारियों को भी व्यक्तिगत रूप से जबावदेह बनाया गया है। इसे आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल जैसे टॉप ब्रांड्स और भारत में इसके सप्लायर्स प्रभावित हो सकते हैं। साथ ही चीन के कंपनियों के साथ जॉइंट वेंचर बनाने की तैयारी कर रही भारतीय कंपनियों को भी इससे झटका लगा है।

ऐपल ने इस बारे में सवालों का जवाब नहीं दिया। सूत्रों के मुताबिक



मामले की गंभीरता को देखते हुए इंडियन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री ने सरकार से तत्काल मदद मांगी है। इंडस्ट्री का कहना है कि चीन ने बंदिशें लगाई हैं, उससे सप्लाई चेन की स्थिरता, निवेश और एक्सपोर्ट ग्रोथ प्रभावित होगा। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि सरकार इस बात से वाकिफ है और इंडस्ट्री से सलाह-मशविरा करने के बाद हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

इंडस्ट्री के अधिकारियों का कहना है कि भारत सप्लाई चेन बना रहा है और आयात पर निर्भरता कम कर रहा है लेकिन मैन्युफैक्चरिंग को जारी रखने और एक्सपोर्ट के लिए चिन से कंपोनेंट्स, एसेंबलीज और कैपिटल इक्विपमेंट का आयात बहुत जरूरी है। लेकिन चीन ने इसमें कई तरह बंदिशें लगा दी हैं। इसके तहत जिन कंपनियों ने अपनी सप्लाई चेन भारत शिफ्ट कर दी है या करने की योजना बना रही हैं, उनके खिलाफ एक्शन लिया जा सकता है। चीन ने सप्लाई चेन पर लगाई बंदिशें, रेगुलेटर्स के अधिकार बढ़ाए भारत सरकार ने हाल में प्रेस नोट 3 के नियमों में हाल में ढील दी थी एक अधिकारी ने कहा कि चीन के एक्शन का समय अहम है।

## रसातल में जा रहे रुपये से आइरबीआई के माथे पर पड़े बल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डॉलर के मुकाबले गिरता रुपया आरबीआई के माथे पर बल ला दिया है। अब भारतीय रिजर्व बैंक रुपये की गिरावट को रोकने के लिए हर संभव हल खोज रहा है। इस हफ्ते रुपया लगभग 97 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद के गवर्नर संजय मल्होत्रा सहित सीनियर अफसर ने कई आंतरिक बैठकें की हैं। ब्लूमबर्ग की खबर के मुताबिक इन बैठकों में रुपये को स्थिर करने के लिए उठाए जा सकने वाले कदमों पर चर्चा हुई। रुपये की गिरावट थामने के विकल्पों में सबसे अहम है, ब्याज दरों में इजाफा। हालांकि, अगली आधिकारिक मोनेटरी पॉलिसी की घोषणा 5 जून को होनी है, लेकिन पहले भी मई 2022 में निर्धारित समय से बाहर ब्याज दरों में बदलाव कर चुका है। ब्याज दरें बढ़ने से अमेरिका और भारत के बीच ब्याज दर का अंतर बढ़ेगा।

## कंपनियां आपकी सैलरी काटकर सीधे एमएफ में कर सकेंगी निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड में निवेश को आसान बनाने के लिए सेबी एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब आपके म्यूचुअल फंड का पैसा सिर्फ आपके खाते से ही जाए, यह जरूरी नहीं होगा। नए प्रस्तावों के मुताबिक, कंपनियां अपने कर्मचारियों के लिए और निवेशक अपनी मर्जी से किसी सामाजिक कार्य के लिए पैसा दे सकेंगे। बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को कहा कि कुछ खास स्थितियों में म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए थर्ड पार्टी को भुगतान करने की अनुमति दी जा सकती है।

अभी के नियमों के मुताबिक, म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए पैसा सीधे निवेशक के अपने बैंक खाते से ही आना चाहिए। यह पैसा सिर्फ आरबीआई से मान्यता प्राप्त पेमेंट गेटवे या सेबी द्वारा अधिकृत संस्थानों के जरिए ही भेजा जा सकता है। लेकिन सेबी अब कुछ ऐसी स्थितियां तय करना चाहता है जहां किसी और के खाते से भुगतान की अनुमति दी जा सके, बशर्ते इससे निवेशक की सुरक्षा और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े




कानूनों का उल्लंघन न हो।

**क्या है सेबी का प्रस्ताव:** कोई कंपनी अपने कर्मचारियों की सैलरी से पैसे काटकर उनकी तरफ से म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकती है। नए नियम से म्यूचुअल फंड कंपनियां सीधे सैलरी से होने वाले निवेश को स्वीकार कर सकेंगी।एजेंटों को यूनिट्सः सेबी का दूसरा सुझाव यह है कि म्यूचुअल फंड कंपनियां अपने एजेंटों को उनके कमीशन के बदले नकद पैसे देने के बजाय म्यूचुअल फंड की यूनिट्स दे सकती हैं। इससे एजेंटों के लिए निवेश करना आसान होगा और वे लंबे समय के लिए बचत करने के लिए प्रोत्साहित होंगे।समाज सेवा के लिए दानः सेबी ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि निवेशक अपने निवेश या मुनाफे का एक हिस्सा किसी सामाजिक कार्य के लिए दान कर सकें। इसके लिए एक पारदर्शी और सुरक्षित सिस्टम बनाया जाएगा।

गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए सेबी ने कई सुझाव दिए हैं। इसमें पैसा देने वाले और जिसे यूनिट्स मिल रही हैं, दोनों का अनिवार्य होगा। सेबी ने इन प्रस्तावों पर 10 जून तक जनता से सुझाव मांगे हैं। पैसे के लेन-देन का पूरा इलेक्ट्रॉनिक रेकॉर्ड रखना होगा।

# बेटे की सताई फिक्र तो शुरू कर दिया अपना काम, सिर्फ 6 महीने में 25 लाख की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी हिमाचल प्रदेश की जयति गोयल की है। उन्होंने बहुत थोड़े समय में एक सफल ब्रांड खड़ा कर दिया है। इसकी नींव उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में रखी थी। इसका नाम 'हे टीन' है। यह टीनएजर्स के लिए फेस वॉश, लिप बाम, फेशियल स्क्रब, बॉडी लोशन जैसे स्किनकेयर प्रोडक्ट ऑफर करता है। ज्यादातर माता-पिता अपने बच्चों के लिए सही स्किनकेयर प्रोडक्ट न मिलने पर उपलब्ध विकल्पों से समझौता कर लेते हैं। लेकिन, जयति ने ऐसा नहीं किया। जब उनका बेटा प्री-टीन उम्र में पहुंचा तो उन्होंने बाजार में बच्चों और वयस्कों के उत्पादों के बीच एक बड़ा गैप देखा। जयति ने इस समस्या को हल करने का फैसला किया। वह सर्टिफाइड कॉस्मेटिक फॉर्मुलेटर हैं। बेटे की फिक्र से ही उनके ब्रांड का जन्म हुआ। अपनी लॉन्चिंग के छह महीनों के अंदर ही इसने लगभग 25 लाख रुपये का रेवेन्यू कमाया। आइए, यहां जयति गोयल की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।





**बिजनेस और कॉस्मेटिक साइंस का ज्ञान**

जयति गोयल एक सर्टिफाइड कॉस्मेटिक फॉर्मुलेटर हैं। वह हिमाचल प्रदेश से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने ब्रिटेन के और भारत के जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से कॉस्मेटिक फॉर्मूलेशन, प्रोडक्ट सेफ्टी और डर्मेटोलॉजिकल कम्पैटिबिलिटी की पढ़ाई की है। बिजनेस स्ट्रैटजी, पोजिशनिंग और कंज्यूमर बिहेवियर को समझने के लिए उन्होंने एमबीए (फाइनेंस एंड मार्केटिंग) भी किया है।

**ऐसे आया आइडिया:** एक मां होने के नाते जब जयति का बेटा प्री-टीन उम्र में पहुंचा तो उन्हें उसके लिए सही स्किनकेयर प्रोडक्ट नहीं मिल रहे थे। बाजार में या तो छोटे बच्चों (3-10 साल) के उत्पाद थे या फिर बड़ों के केमिकल वाले प्रोडक्ट्स। इस समस्या को हल करने के लिए उन्होंने

### इन प्रोडक्ट्स की पेशकश

जयति के ब्रांड का फोकस उन रोजमर्रा के जरूरी प्रोडक्ट्स पर है जो किशोर आसानी से इस्तेमाल कर सकें। ब्रांड खास तौर पर प्री-टीन्स और टीनएजर्स के लिए डिजाइन किए गए स्किनकेयर प्रोडक्ट्स पर फोकस करता है। यह फेस वॉश, लिप बाम, फेशियल स्क्रब, बॉडी लोशन, पिंपल पैच, लिप और चीक टिंट, स्किनकेयर कॉम्बो और शुरुआती लोगों के लिए आसान स्किनकेयर किट ऑफर करता है। जयति के नेतृत्व में ब्रांड ने बिना किसी बाहरी फंडिंग के हिमाचल प्रदेश के एक छोटे शहर से काम करते हुए सिर्फ 6 महीने में 25 लाख रुपये का रेवेन्यू हासिल किया।

अक्टूबर 2025 में अपना ब्रांड लॉन्च किया। इस ब्रांड की सबसे बड़ी यूएसपी यह है कि जयति अपने प्रोडक्ट्स किसी बाहरी कंपनी से आउटसोर्स या री-ब्रांड नहीं करतीं। इसके बजाय अपनी ही लैब में खुद इन-हाउस रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग करती हैं।

## जय भारत मारुति लिमिटेड के शेयरों में तेजी, 2 दिन में 35 प्रतिशत चढ़ गया शेयर का दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मारुति सुजुकी के सपोर्ट वाली कंपनी जय भारत मारुति लिमिटेड के शेयरों में तेजी का तूफान देखने को मिल रहा है। जय भारत मारुति के शेयर गुरुवार को क्क्स्श्व में 17 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 122.17 रुपये पर पहुंच गए हैं। दो दिन में जय भारत मारुति के शेयरों में 35 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। पिछले 5 दिन में जय भारत मारुति लिमिटेड के शेयरों में 40 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा करीब 3 गुना बढ़ा है और इसी के बाद जय भारत मारुति के शेयरों में तेज उछाल आया है। जय भारत मारुति लिमिटेड, ऑटो कंपोनेंट्स और इक्विपमेंट बनाती है।

जय भारत मारुति लिमिटेड का कंसॉलिडेटेड मुनाफा 31 मार्च 2026 को खत्म हुई तिमाही में 287 पर्सेंट बढ़कर 79.59 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में जय भारत मारुति को 20.56 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। चौथी तिमाही में जय भारत मारुति लिमिटेड का रेवेन्यू सालाना आधार पर 25.44 पर्सेंट बढ़कर 766.01 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 610.65 करोड़ रुपये था। ऑपरेशनल लेवल पर कंपनी का इबिट्डा 57.53 पर्सेंट बढ़कर 91.90 करोड़ रुपये पहुंच गया है।

जय भारत मारुति लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 31 मार्च 2026 को खत्म हुए वित्त वर्ष के लिए हर शेयर पर 0.70 रुपये का फाइनल



डिविडेंड रिकमंड किया है। जय भारत मारुति के शेयर प्राइस ने बुलिश गैप-अप मूव के साथ एक मजबूत रेंज ब्रेकआउट कन्फर्म किया है। 50 दिन के एवरेज के मुकाबले कंपनी के शेयरों का वॉल्यूम 700 पर्सेंट से ज्यादा बढ़ा है।

जय भारत मारुति लिमिटेड पर मारुति सुजुकी का बड़ा दांव है। मारुति सुजुकी, कंपनी के प्रमोटर ग्रुप में है। मार्च 2026 तिमाही के शेयरहोल्डिंग के मुताबिक, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के पास जय भारत मारुति के 3,17,00,000 शेयर हैं। कंपनी में मारुति सुजुकी की हिस्सेदारी 29.28 पर्सेंट है। जय भारत मारुति लिमिटेड प्राथमिक रूप से पैसेंजर व्हीकल्स के लिए ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स और एसेंबलीज की मैन्युफैक्चरिंग करती है।

# दुर्घटना में घायल को कांग्रेसी नेता विनोद पाठक ने पहुंचाया अस्पताल

## सीटी स्कैन कराकर व आर्थिक मदद कर भेजा रांची रिम्स

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** कांग्रेस पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष सह पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव विनोद पाठक उर्फ सीटू पाठक व मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ने पाटन थाना क्षेत्र में हुए बाइक एक्सीडेंट में घायल पंकज कुमार सिंह को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही डॉक्टर से समन्वय करते हुए इलाज कराया। उन्होंने अपनी राशि लगाकर मरीज का सीटी स्कैन कराया। चिकित्सकों के अनुसार उसके ब्रेन में ब्लड क्लाट हो गई थी। पसली टूट गए थे व सर्वाइकल डैमेज हो गया है। चिकित्सकों ने उसे रांची रिम्स के लिए रेफर कर दिया। दोनों नेताओं ने मरीज पंकज कुमार सिंह के परिजनों को आर्थिक सहायता देकर रांची रिम्स के लिए भेजने की व्यवस्था की। इसके पूर्व दोनों नेताओं ने चिकित्सकों व चिकित्सा कर्मियों की सहायता से मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच में मरीज का बेहतर इलाज कराया। उन्होंने बताया कि अस्पताल लाने पर ना तो मरीज का ब्लड प्रेशर और ना ही पल्स की गतिविधियां स्पष्ट हो पा रही थी । आखिरकार चिकित्सकों के प्रयास से उसकी जान बचा दी गई। उन्होंने कहा कि सीटी स्कैन करवाने के क्रम में उसके परिजनों को कोई राशि खर्च नहीं होने दिया। ऊपर से आर्थिक मदद भी किया गया।

विनोद पाठक ने लोगों से कहा कि कहीं भी किसी तरह का एक्सीडेंट हो तो मरीज को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचना चाहिए। इससे मरीज की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि गोल्डन ऑवर में एक्सीडेंटल मरीज को अस्पताल पहुंचाया गया तो सरकार की ओर से सम्मानित भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि फिलहाल पलामू के उपायुक्त दिलीप सिंह शेखावत ने भी मरीज को गोल्डन आवर में पहुंचने वाले लोगों को सम्मानित किया है।

# गरीबों की मदद करने वाले दाउदनगर विधायक प्रकाश चंद्र से सीख लेने की जरूरत : राकेश सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** गरीबों की मदद करने वाले लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) दाउदनगर विधायक प्रकाश चंद्र से सीख लेने की जरूरत है। उक्त बातें लोजपा (रामविलास) पलामू जिला अध्यक्ष सह मजदूर नेता झारखंड राकेश कुमार सिंह ने कही। अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र से मिलने पहुंचे राकेश सिंह ने विधायक का कुशल क्षेम पूछा व दीर्घायु जीवन की कामना की। मिलने के क्रम में उन्होंने विधायक के गरीबों के प्रति दरियादिली से काफी प्रभावित हुए।




उन्होंने कहा कि दाउदनगर के विधायक प्रकाश चंद्र से सभी विधायकों को सीख लेनी चाहिए। मिलने के क्रम में उन्होंने देखा कि विधायक ने अपने प्रतिष्ठान में कर्मचारी से हुई गलती पर स्वयं पदाधिकारियों को सूचित कर पैनाल्टी के रूप में सरकार को राशि अदा करने का निर्णय लिया। राकेश सिंह ने कहा कि ऐसा विधायक आज की तिथि में मिलना बड़ी बात है जो स्वयं पर भी पेनल्टी लगवाने में हिचकते नहीं बल्कि स्वयं इसके लिए पहल करते हैं। ऐसे ऊर्जावान प्रतिभाशाली सर्व समुदाय लोकप्रिय दाउदनगर विधायक से सीख लेने की जरूरत है। तभी जाकर विश्व के मानचित्र के पटल पर भारत विश्वगुरु व संपूर्ण विकास की श्रेणी में अग्रणी भूमिका में निश्चित तौर पर दिखेगा।

उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को इस बात के लिए गर्व है कि प्रकाश चंद्र जैसे एक नेक, कर्मठ, बहुमुखी प्रतिभा के धनवान व ऊर्जावान विधायक मिले हैं। ऐसा देखने को मिलता है कि पीड़ित व शोषित व्यक्ति चाहे कहीं के भी हो, उनके कल्याणार्थ के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

राकेश सिंह ने कहा कि विधायक से मिलने के क्रम में जनहित व पार्टी हित समेत विभिन्न विषयों पर गंभीर चिंतन व मंथन किया गया। मौके पर प्रतिनिधि मंडल में महासचिव भरत द्विवेदी, दीपक पासवान, गोपाल शर्मा सहित अन्य शामिल थे।

# उपायुक्त ने किया एआई एवं एसटीइएम लैब का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया द्वारा गुरुवार को पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, मुरहू में आधुनिक एआई एवं एसटीइएम लैब का उद्घाटन किया गया। यह लैब जिला प्रशासन द्वारा सीएसआर अंतर्गत एलटीएस कंपनी के सहयोग एवं अंक फाउंडेशन के माध्यम से स्थापित की गई है। विद्यालय आगमन पर शिक्षकों एवं छात्राओं ने उपायुक्त का स्वागत किया। एआई लैब, जिसे एसटीइएम लैब भी कहा जाता है, का उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को विज्ञान, गणित एवं आधुनिक तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा नवाचार आधारित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है। उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय मे रोबोटिक्स एवं एआई जैसी तकनीकें भविष्य की




दिशा तय कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को इन आधुनिक तकनीकों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे आने वाले समय में तकनीकी एवं नवाचार आधारित क्षेत्रों में अपनी मजबूत पहचान बना सकें। उन्होंने छात्राओं से लैब का उपयोग कर शिक्षा ग्रहण करने एवं नई तकनीकों को सीखने का आह्वान किया।

## नदी से शव बरामद

**जमशेदपुर।** औद्योगिक नगरी जमशेदपुर की नदियों से शव मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। गुरुवार सुबह मानगो थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा रोड स्थित कालीघाट के पास स्वर्णरेखा नदी से एक अज्ञात युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

शहर में लगातार दूसरे दिन नदी से शव बरामद होने की इस घटना ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह जब स्थानीय लोग नदी में स्नान करने के लिए कालीघाट पहुंचे, तो उन्होंने पानी में एक शव को तैरते हुए देखा।

लोगों ने तुरंत इसकी सूचना मानगो थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों व लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। मृतक युवक की उम्र करीब 18 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। नदी से निकाला गया शव काफी क्षत-विक्षत अवस्था में था। घटनास्थल पर मौजूद लोग तब हैरान रह गए जब उन्होंने देखा कि मृतक के दोनों हाथों में चप्पल फंसी हुई थी। इस अजीबोगरीब स्थिति को देखकर स्थानीय लोग हत्या कर शव फेंके जाने सहित कई तरह की आशंकाएं जता रहे हैं।

# आक्सीजन की कमी से दो मरीजों की गयी जान

## दर्जन भर टाले गये ऑपरेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल (धनबाद मेडिकल कालेज) धनबाद में मरीजों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक और बिजली काटने से भारी उमस का सामना करना पड़ रहा है, तो दूसरी ओर आक्सीजन प्लांट ठप हो जाने से अस्पताल में अफरातफरी का महौल है। दो दिन में आक्सीजन की कमी के कारण दो मरीजों की मौत हो गई है। मौत के बाद स्वजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ हंगामा किया। दूसरी ओर प्राप्त बिजली और आक्सीजन नहीं होने के कारण सर्जरी रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, नाक कान गला रोग विभाग में गुरुवार को लगभग 16 आपपरेशन टाल दिए गए हैं।

बुधवार को यहां 12 आपरेशन टाले गए थे। वही, आक्सीजन प्लांट में खराबी आ जाने के कारण अस्पताल प्रबंधन में संबंधित एजेंसी को तत्काल इस ठीक करने को कहा है। इसके लिए पटना से टेक्नीशियनों की टीम धनबाद आज शाम पहुंच जाएगी। बुधवार को यहां आक्सीजन के अभाव में झरिया के रहने वाली दुलारी देवी की जान चली गई। घर वालों ने आरोप लगाया था कि उसे समय पर आक्सीजन नहीं मिल पाया। वहीं गुरुवार को बलियापुर के रहने वाले विनोद की आक्सीजन के अभाव में जान चली गई। स्वजनों ने बताया कि आक्सीजन के लिए रात भर डाक्टर और कर्मचारियों से विनती करते रहे, लेकिन मरीज को आक्सीजन उपलब्ध नहीं कराया गया।

गुरुवार को सूचना पर पूर्व विधायक तारा देवी अस्पताल पहुंची और मृतक के घरवालों से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने अस्पताल के अधीक्षक से बातचीत करके बाकी मरीजों के लिए तत्काल आक्सीजन उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि अस्पताल की स्थिति बेहद खराब है, किसी तरह मरीज अस्पताल पहुंचते हैं, तो यहां पर डाक्टर और संसाधन नहीं है। उन्होंने सरकार को इस पर ध्यान देने की बात कही।

अस्पताल में गुरुवार को आपरेशन के लिए समय दिया गया था, इसमें सर्जरी रोग के लिए 5 मरीज, हड्डी रोग के लिए 5 मरीज, स्त्री एवं स्थिति रोग विभाग के लिए चार मरीज, इएनटी के लिए एक मरीज का आपरेशन होना था। लेकिन सभी को आपरेशन थिएटर से लौटा दिया गया।

परेशान होकर सर्जरी और हड्डी रोग के चार मरीज निजी अस्पताल आपरेशन के लिए चले गए। मरीज ने काफी देर तक अस्पताल में हंगामा भी किया।

# भीषण सड़क हादसे में एक की मौत, तीन गंभीर

## घायलों को भेजा गया हायर सेंटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुरसेला।** एनएच 31 पर देवीपुर चौक के पास गुरुवार की शाम करीब पांच बजे तेज रफ्तार पिकअप और बाइक की भीषण टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरसेला पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद एक को मृत घोषित कर दिया। मृतक पोठिया निवासी करण कुमार (28) बताया जा रहा है। वहीं हादसे में घायल समेली निवासी रूपेश कुमार रविदास (30), बसंत कुमार रविदास (28) तथा पोठिया निवासी मुकेश दास (31) की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर कुरसेला से समेली जा रहे थे। इसी दौरान देवीपुर चौक के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार लोग सड़क पर दूर जा गिरे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भाग रहे पिकअप वाहन का पीछा किया। लेकिन चालक वाहन लेकर सीधे थाना पहुंच गया। सूचना मिलते ही पुलिस सीएचसी पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि देवीपुर चौक पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा घायलों का इलाज कराया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# चरमराई विद्युत व्यवस्था के विरोध में सड़क पर उतरे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड की उपराजधानी में पारा चढ़ते ही बिजली ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। दिन में कई बार बिजली जाने और घंटों बाद आने से लोगों का दिन का चैन और रात की नींद उड़ गई है। गुरुवार को लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से परेशान शहर के श्रीरामपाड़ा मुहल्ले के लोगों ने चौक को दो घंटे तक जाम कर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर जाम समाप्त कराया। लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी में घंटों बिजली गुल रहने से पेयजल संकट, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है।रात एक बजे से बिजली गायब थी। मिस्त्री को बुलाकर ठीक कराया गया, लेकिन उसके जाते ही फिर खराबी हो गई। लोगों ने कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी विभाग ने समस्या जानने के लिए फोन पर बात तक करने का प्रयास नहीं किया। सिविल सोसायटी के अध्यक्ष राधेश्याम बर्मा ने विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इलाके में लो वोल्टेज की समस्या दूर करने के लिए जल्द ही हाई क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाया जाए, ताकि बार-बार होने वाले बिजली संकट से राहत मिल सके।

बिजली की समस्या का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शहर में हर दस मिनट पर खराबी आ रही है। वोल्टेज बढ़ने या घटने पर या तो इंसुलेटर जल जाता है या फिर ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ जाता है। फ्यूज ठीक होने में करीब एक घंटा लग जाता है।




तब तक लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ता है। खराबी दूर होते ही थोड़ी देर बाद फिर फ्यूज उड़ जाता है। दिन में तो किसी तरह बिजली ठीक हो जाती है, लेकिन रात में परेशानी दोगुनी हो जाती है। बुलाने के बाद भी मिस्त्री नहीं आता।

विभाग के एसडीओ वीरेंद्र कुमार का कहना है कि तेज गर्मी की वजह से लगातार खराबी आ रही है। एसी के अधिक उपयोग से बिजली की खपत बढ़ गई है। इससे ट्रांसफार्मर पर अतिरिक्त लोड पड़ रहा है। इसी कारण कभी फ्यूज उड़ जाता है तो कभी इंसुलेटर में समस्या आ जाती है। विभाग के कार्यपालक अभियंता एबी सोरेन ने कहा कि विभाग को फिलहाल पर्याप्त बिजली मिल रही है। शहर को 60 मेगावाट बिजली की आवश्यकता है और उतनी आपूर्ति भी हो रही है। तकनीकी खराबी की वजह से लाइन काटनी पड़ती है, इसलिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# रेस्टोरेंट के संचालक की मौत से कारोबार जगत में मायूसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची के जाने-माने कावेरी रेस्टोरेंट के संचालक लव भाटिया ने गुरुवार को कथित रूप से जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस अप्रत्याशित घटना के बाद शहर के कारोबारी जगत में शोक की लहर फैल गई है। बताया जा रहा है कि घटना के समय लव भाटिया अपने रेस्टोरेंट में ही मौजूद थे।

इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वह रेस्टोरेंट परिसर में ही अचेत होकर गिर पड़े। वहां मौजूद कर्मचारियों और परिचितों ने आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद ही उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही शहर के कई गणमान्य कारोबारी और उनके परिचित बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान भेज दिया है।



मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और मामले की शुरूआती छानबीन शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला जहर सेवन कर आत्महत्या करने का प्रतीत हो रहा है, लेकिन आत्मघाती कदम उठाने के पीछे की असली वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस घटनास्थल की जांच के साथ-साथ सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर आगे की कार्रवाई कर रही है। उधर, लव भाटिया की अचानक हुई इस मौत से उनके परिवार और करीबियों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# आधुनिक भारत के निर्माता थे राजीव गांधी : हृदयानंद मिश्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर ( पलामू )।** राजीव गांधी की शहादत दिवस के अवसर पर राजीव गांधी विचार समिति पलामू के संयोजक गोपाल सिंह के नेतृत्व में पलामू क्लब, मेदिनीनगर में एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं आधुनिक भारत के निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित जनों ने सर्वप्रथम राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश राजीव गांधी विचार समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हृदयानंद मिश्र उपस्थित रहे। उनका स्वागत शिक्षा विभाग झारखंड प्रदेश के चेयरमैन श्याम नारायण सिंह एवं राजीव गांधी विचार समिति पलामू के संयोजक गोपाल सिंह ने बुके एवं माल्यार्पण कर किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि हृदयानंद मिश्र ने कहा कि राजीव गांधी दूरदर्शी एवं आधुनिक सोच वाले नेता थे जिन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, कंप्यूटर क्रांति एवं पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर भारत को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि



आज भारत जिस डिजिटल युग में आगे बढ़ रहा है, उसकी मजबूत नींव राजीव गांधी ने रखी थी।

सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए शिक्षा विभाग झारखंड प्रदेश के चेयरमैन श्याम नारायण सिंह ने कहा कि राजीव गांधी ने शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने अपने शासनकाल में इक्कीसवीं सदी के नूतन भारत की आधारशिला रखी, जिस दिशा में आज राष्ट्र आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को राजीव गांधी के लोकतांत्रिक मूल्यों एवं आधुनिक सोच से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

स्वागत भाषण देते हुए राजीव गांधी विचार समिति पलामू के संयोजक गोपाल सिंह ने कहा कि राजीव गांधी का जीवन राष्ट्रसेवा, आधुनिक चिंतन एवं युवाशक्ति को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समिति निरंतर वैचारिक एवं जनजागरण कार्यक्रमों के माध्यम से उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करती रहेगी। धन्यवाद ज्ञापन व्यास सिंह ने किया।

कार्यक्रम में पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष बिट्टू पाठक,बार एसोशिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता रामदेव यादव,अलख निरंजन चौबे,पूर्णिमा पांडेय,दीपक लाल,ईश्वरी प्रसाद सिंह,नवल पाठक,शमीम अहमद राइन,मुकेश सिंह चंदेल ,हृदयानंद मिश्र,सुरेन्द्र पांडेय, धनंजय तिवारी, मसरूर अहमद,सितारे खान,रंजीत सिंह,पंकज श्रीवास्तव,शीला श्रीवास्तव, सुरेश पाठक,गिरिजा राम,कुलदीप सिंह चेरो,अमित पांडेय,गिरिवर पांडेय,कविता देवी,नीरा देवी, कुलदीप राम,रीना देवी,सत्येंद्र तिवारी,संतोष चौबे,शिवशंकर प्रसाद,शीला श्रीवास्तव, झुबल राम,बिमला कुमारी,रिंकू सिंह,खुर्शीद आलम,मंजू देवी,पूनम देवी,राधिका देवी,सुधीर सिंह, अनिल सिंह,तुलसी पासवान,विद्या सिंह चेरो,जितेंद्र सिंह,विजय मेहता,बेबी देवी, रामजी सिंह,सहित सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े अनेक सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## समर कैंप आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कलवारा में बृहस्पतिवार को विभिन्न भाषाएँ विषय पर एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों ने बच्चों को खेल-खेल में नई भाषाओं की जानकारी दी। जिससे बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे चार्ट, पोस्टर, चित्रकला एवं अभिनय के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। कई बच्चों ने अलग-अलग भाषाओं में अभिवादन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बालमुकुंद सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि छोटी उम्र में नई भाषाओं का ज्ञान बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाता है तथा उनमें आत्मविश्वास विकसित करता है। साथ ही बच्चों को देश की विविध भाषाओं और संस्कृतियों के प्रति सम्मान की भावना भी विकसित होती है उन्होंने कहा कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे आनंदमय वातावरण में सीख सकें

# उपायुक्त ने की पेट्रोल एवं डीजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर आज उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने आइओसीएल, एचपीसीएल एवं बीपीसीएल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त द्वारा इन दिनों पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता को लेकर हो रही समस्याओं की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान आइओसीएल, बीपीसीएल तथा एचपीसीएल के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि वर्तमान में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए पेट्रोल पंप संचालकों एवं आमजनों को किसी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है।

उपायुक्त ने पेट्रोल पंप संचालकों से अपील करते हुए कहा कि वे सामान्य रूप से जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति बनाए रखें, ताकि आमजनों को किसी प्रकार की परेशानी का



सामना न करना पड़े।

वहीं उपायुक्त ने आमजनों से भी अपील की कि वे पैनिक होकर तेल की खरीदारी न करें। साथ ही तेल की जमाखोरी करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी को थाना प्रशासन के सहयोग से छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी पेट्रोल पंपों के लिए नोडल पदाधिकारी नियुक्त करने का निर्देश भी दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल की कोई कमी नहीं है तथा लोग अपनी आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल अथवा डीजल की खरीदारी करें। उन्होंने जेनसेट समेत अन्य आवश्यक उपकरणों के लिए पेट्रोल अथवा डीजल ले जाने में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पीइएसओ एप्रूव्ड जेरीकेन का उपयोग करने की अपील की, ताकि तेल ले जाते समय आवश्यक सावधानी बरती जा सके एवं आकस्मिक दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# केकेआर ने मुंबई को 4 विकेट से हराया



# प्लेऑफ की उम्मीदें रखी कायम

**नई दिल्ली।** केकेआर ने पहले शानदार गेंदबाजी और फिर दूसरी पारी में बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ केकेआर ने अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बनाए रखा है जबकि मुंबई की इस टीम में ये 13वें मैच में ये 9वीं हार रही। मनीष पांडे को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 65वां मुकाबला ईडन गार्डन स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जा रहा है। अजिंक्य रहाणे की अगुआई वाली केकेआर (कोलकाता नाइट राइडर्स) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 147 रन बनाए और केकेआर को जीत के लिए 148 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में केकेआर ने 18.5 ओवर में 6 विकेट पर 148 रन बनाकर मैच को जीत लिया।

**रोहित शर्मा ने बनाए 15 रन-** मुंबई के ओपनर रोहित शर्मा ने सिर्फ 15 रन की पारी खेली जबकि रयान रिकेल्टन ने 6 रन पर अपना विकेट गंवा दिया। नमनधीर तो खाता तक नहीं खोल पाए और पवेलियन लौट गए।

### रहाणे ने खेली 21 रन की पारी

केकेआर के कप्तान व ओपनर रहाणे ने 21 रन की पारी खेली जबकि फिन एलन 8 रन के स्कोर पर अपना विकेट गंवा बैठे। कैमरन ग्रीन ने निराश किया और 8 गेंदों पर 4 रन की धीमी पारी खेली। मनीष पांडे ने 33 गेंदों पर 45 रन की शानदार पारी खेली और बुमराह की गेंद पर आउट हुए। रोवमेन पॉवेल ने 30 गेंदों पर 40 रन की पारी खेली और आउट हुए। तेजस्वी दाहिया ने 11 रन बनाए और अपना विकेट गंवा दिया। रिंकू सिंह इस मैच में 9 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि अनुकूल रॉय 4 रन बनाकर नाबाद रहे।

# वैभव सूर्यवंशी अब अभिषेक से आगे

### रोहित शर्मा 4 नंबर पर

## आईपीएल में 200+ चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-5 भारतीय

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय युवा ओपनर बैटर वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 के 64वें मैच में चेज करते हुए 93 रन की तूफानी पारी खेली और टीम को जीत दिलाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। वैभव ने अपनी इस पारी के दौरान 10 बेहतरीन छक्के भी लगाए और वो अब आईपीएल इतिहास में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए और अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया।



**वैभव सूर्यवंशी निकले अभिषेक शर्मा से आगे-** आईपीएल में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले अभिषेक शर्मा पहले नंबर पर थे, लेकिन लखनऊ के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 10 छक्के लगाकर वैभव



सूर्यवंशी ने अब अभिषेक को पीछे छोड़ दिया। आईपीएल में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में अब वैभव पहले नंबर पर आ गए। उन्होंने अब तक इस लीग में चेज करते हुए 10 पारियों में कुल 42 छक्के लगाए हैं जबकि अभिषेक शर्मा ने 17 पारियों में 41 छक्के लगाए थे। आईपीएल में 200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर संजू सैमसन हैं जिन्होंने अब तक 15 पारियों में कुल 40 छक्के लगाए हैं जबकि रोहित शर्मा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने 25 पारियों में 38 छक्के जड़े हैं। केएल राहुल इस लिस्ट में 5वें भारतीय हैं जिन्होंने 200 या उससे ज्यादा का स्कोर चेज करते हुए इस लीग में 22 पारियों में कुल 36 छक्के लगाए हैं।

**200 या उससे ज्यादा स्कोर चेज करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले**

### टॉप-5 भारतीय

- 42 छक्के : वैभव सूर्यवंशी (10 पारी)
- 41 छक्के : अभिषेक शर्मा (17 पारी)
- 40 छक्के : संजू सैमसन (15 पारी)
- 38 छक्के : रोहित शर्मा (25 पारी)
- 36 छक्के : केएल राहुल (22 पारी

# दलीप ट्रॉफी से होगी BCCI के घरेलू सत्र की शुरुआत

## 11 अक्टूबर से रणजी ट्रॉफी का पहला चरण

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 2026-27 घरेलू सत्र के कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। नए घरेलू सीजन की शुरुआत 23 अगस्त से दलीप ट्रॉफी के साथ होगी, जबकि देश की सबसे प्रतिष्ठित घरेलू प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी इस बार भी दो चरणों में आयोजित की जाएगी। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 11 अक्टूबर से खेला जाएगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी समेत पूरे घरेलू सत्र का शेड्यूल भी सामने आ गया है। बीसीसीआई इस घरेलू सत्र में पुरुष और महिला वर्ग के अलग-अलग आयु समूहों और सीनियर स्तर पर कुल 1788 मुकाबलों का आयोजन करेगा। इसमें पुरुषों के अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 और सीनियर टूर्नामेंट शामिल हैं, जबकि महिलाओं के अंडर-15, अंडर-19, अंडर-23 और सीनियर स्तर की प्रतियोगिताएं भी खेली जाएंगी।




**दलीप ट्रॉफी फिर जोनल फॉर्मेट में-** दलीप ट्रॉफी की वापसी फिर जोनल फॉर्मेट में होगी। यह टूर्नामेंट 23 अगस्त से 10 सितंबर तक खेला जाएगा।




सभी मुकाबले बेंगलुरु स्थित क्ष्ष्ष्ट्ठ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित होंगे। इसके बाद रणजी ट्रॉफी विजेता जम्मू-कश्मीर और शेष भारत के बीच ईरानी कप एक से पांच अक्टूबर तक श्रीनगर में खेला जाएगा।

### दो चरणों में रणजी ट्रॉफी-

बीसीसीआई के घरेलू कैलेंडर की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 11 अक्टूबर से पांच नवंबर तक खेला जाएगा। इस दौरान चार राउंड के मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट का दूसरा चरण 17 जनवरी से तीन मार्च 2027 तक आयोजित होगा। इसके बीच सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी खेली जाएंगी।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 14 नवंबर से छह दिसंबर तक खेली जाएगी। लीग चरण के मुकाबले मुंबई, मोहाली, विशाखापत्तनम और कोलकाता में होंगे, जबकि नॉकआउट मुकाबले नागपुर में खेले जाएंगे। बीसीसीआई के अनुसार, इस टूर्नामेंट का समय ऐसा रखा गया है ताकि आईपीएल नीलामी से पहले टैलेंट स्काउट खिलाड़ियों पर नजर बना पाएं और अपनी सूची तैयार कर सकें। आईपीएल नीलामी दिसंबर में होने की संभावना है।

### दिसंबर में विजय हजारे ट्रॉफी

राष्ट्रीय वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी 14 दिसंबर 2026 से आठ जनवरी 2027 तक खेली जाएगी। बीसीसीआई ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी (अंडर-16) के कार्यक्रम में भी बदलाव किया है। यह टूर्नामेंट नवंबर से जनवरी के बीच खेला जाएगा। बीसीसीआई का मानना है कि इससे खिलाड़ियों को बेहतर तैयारी का समय मिलेगा। इसके साथ ही स्कूल क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को फरवरी-मार्च में होने वाली वार्षिक और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी पर्याप्त समय मिल सकेगा। बीसीसीआई की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 2026-27 घरेलू सत्र का कार्यक्रम सभी प्रारूपों और आयु वर्गों के बीच संतुलन बनाए रखते हुए मजबूत और प्रतिस्पर्धी घरेलू ढांचे को आगे बढ़ाने की दिशा में तैयार किया गया है।

# लक्ष्य सेन उलटफेर का शिकार

## प्रणय भी पहले राउंड से बाहर; मालविका और अश्मिता को मिली जीत

**नई दिल्ली।** कुआलालंपुर में जारी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में 20 मई का दिन भारत के लिए निराशाजनक रहा। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त शटलर लक्ष्य सेन उलटफेर का शिकार हुए। आठवें वरीय लक्ष्य सेन को इंडोनेशिया के दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद जकी उबैदुल्लाह ने मात दी। इसके अलावा वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एचएस प्रणय भी पहले राउंड में हारकर बाहर हो गए। भारत के लिए इन दो बड़ी निराशा के बीच मालविका बंसोड़ और अश्मिता चालिहा ही उम्मीद की किरण बनकर उभरीं जिन्होंने महिला एकल में अलग-अलग मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए दूसरे दौर में जगह बनाई। पुरुष एकल में भारत के सबसे होनहार खिलाड़ी लक्ष्य सेन को जकी उबैदुल्लाह के खिलाफ 17-21, 11-21 से हार झेलनी पड़ी। पहले राउंड में ही हार के बाद वह निराशाजनक तौर पर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।



### चोट के बाद मालविका की अच्छी वापसी

पैर की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहीं मालविका ने महिला एकल स्पर्धा में जर्मनी की दुनिया की 52वें नंबर की खिलाड़ी यवोन ली को 21-17, 16-21, 21-9 से शिकस्त दी। वहीं दूसरी अश्मिता ने इंडोनेशिया की दुनिया की 56वें नंबर की खिलाड़ी थालिता रमाधनी विरियावान पर 21-16, 21-13 से हराकर आसान जीत दर्ज की। अब मालविका डेनमार्क की आठवीं वरीय लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट से भिड़ेंगी जबकि अश्मिता का सामना मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा।

### प्रणय समेत अन्य शटलर्स ने भी किया निराश

2023 एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय के हाथ भी पहले राउंड में निराशा लगी। वह जापान के छठे वरीय कोदाई नाराओका के खिलाफ 80 मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 22-20, 22-24 से हार गए। इसके अलावा किरण जॉर्ज फ्रांस के सातवें वरीय एलेक्स लानियर के खिलाफ 15-21, 1-6 से पिछड़ने के बाद रिटायर हो गए। भारत के तरुण मन्नेपल्ली ने एक गेम की बढ़त गंवा दी और चीनी ताइपे के वांग पो-वेई से 21-17, 14-21, 8-21 से हार गए। महिला एकल में अनमोल खरब कड़ा संघर्ष करने के बावजूद डेनमार्क की आठवीं वरीय लाइन क्रिस्टोफरसेन कजर्सफेल्ट से 21-13, 16-21, 19-21 से हार गईं। भारत के आशिथ सूर्या और अमृता प्रमुतेश की मिश्रित युगल जोड़ी शुरुआती दौर में इंडोनेशिया के बॉबी सेतियाबुदी और मेलाती देवा ओक्ताविियांती से 13-21, 18-21 से हार गईं।



# प्लेऑफ का गणित: राजस्थान की किस्मत अपने हाथ

## 3 टीमें दूसरों पर निर्भर, दिल्ली का बाहर होना तय



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लीग स्टेज में पांच मैच बाकी हैं और 5 टीमें प्लेऑफ की में जगह बनाने की रेस में हैं। हालांकि,असलियत में केवल चार टीमों के पास ही प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना है। दिल्ली कैपिटल्स का रनरेट इतना खराब है कि वह शायद ही प्लेऑफ में पहुंच पाए। बाकी चार टीमों में राजस्थान रॉयल्स की किस्मत अपने हाथ में है। पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स की किस्मत अन्य मुकबालों पर निर्भर है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की जीत का मतलब यह भी है कि लीग स्टेज के आखिरी दिन 24 मई से पहले प्लेऑफ की जगह तय नहीं होगी।

### आइए जानते हैं प्लेऑफ में पहुंचने का गणित

- **राजस्थान रॉयल्स : मैच -14, अंक-14-** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत के बाद राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अन्य



मुकाबलों पर निर्भर नहीं रहना है। अगर राजस्थान रविवार को मुंबई इंडियंस को हरा देती हैं तो वह दूसरे 16 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। अगर गुजरात टाइटन्स और सनराइज़र्स हैदराबाद आखिरी मुकाबला हार जाती हैं तो राजस्थान टॉप-2 में भी पहुंच सकता है। हालांकि, रनरेट को देखते हुए इसकी संभावना बहुत कम है।

- **पंजाब किंग्स : 13 मैच में 13 अंक-** पंजाब किंग्स को न सिर्फ अपने आखिरी मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को हराना है, बल्कि उन्हें यह भी उम्मीद करनी है



कि राजस्थान रॉयल्स से मुंबई इंडियंस जीत जाए और कोलकाता नाइट राइडर्स बेहतर रनरेट के साथ 15 अंक तक न पहुंचे। अगर पंजाब किंग्स शनिवार को जीतती है। राजस्थान अपना आखिरी गेम हार जाती है, और कोलकाता आखिरी मैच जीत जाती है तो पंजाब किंग्स और केकेआर दोनों 15 अंक पर होंगी, इससे रनरेट पर मामला आ जाएगा।

- **चेन्नई सुपर किंग्स : मैच-13, अंक-12-** चेन्नई सुपर किंग्स को चाहिए कि पहले वह गुजरात टाइटंस को हराए। राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और



कोलकाता नाइट राइडर्स आखिरी मैच हार जाएं। वह रनरेट के मामले में राजस्थान रॉयल्स को पीछे छोड़ सकती है। दिल्ली कैपिटल्स का रनरेट बहुत खराब है। वह शायद ही चेन्नई सुपर किंग्स से आगे निकल पाए।

- **कोलकाता नाइट राइडस: मैच-13, अंक-13-** कोलकाता नाइट राइडर्स को रनरेट पर निर्भर रहे बिना प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आखिरी मैच जीतना होगा। यह उम्मीद करनी होगी कि राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स आखिरी मैच हार जाएं। राजस्थान रॉयल्स जीती तो कोलकाता नाइट राइडर्स बाहर होगी। अगर पंजाब किंग्स जीती तो दोनों के 15-15 अंक होंगे।
- **दिल्ली कैपिटल्स : मैच-13, अंक 12-** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की जीत से दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं। पंजाब किंग्स, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स 14 अंक तक न पहुंच पाएं तो भी राजस्थान रॉयल्स से रनरेट के मामले में दिल्ली कैपिटल्स को आगे निकलने के लिए 230 रनों से जीत दर्ज करने की जरूरत होगी।

संक्षिप्त समाचार

## हमारी सरकार में दिल्ली वाले भूल चुके थे पावर कट, बंद हो गए थे इनवर्टर...

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि दिल्ली में लोग पिछले साल की



तरह इस बार भी भीषण गर्मी में पावर कट की मार झेलने को मजबूर हैं। आप ने कहा है कि एक तरफ दिल्ली का तापमान 45 डिग्री के पार चले जाने के कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है तो दूसरी तरफ भाजपा सरकार ने पूरी दिल्ली में बार-बार पावर कट करके लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पावर कट की शिकायतों को लेकर इंटरनेट मीडिया के कुछ स्क्रीनशॉट साझा कर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पावर कट से दिल्लीवाले बेहाल हैं और भाजपा सरकार कुछ नहीं कर रही है। केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि 45 डिग्री की भीषण गर्मी में पूरी दिल्ली में पावर कट लग रहे हैं। दिल्लीवाले बेहाल हैं।कभी भी लाइट कट जा रही है। कहा कि हमारी सरकार में दिल्ली में लोग पावर कट भूल चुके थे। इनवर्टर बिकने बंद हो गए थे। भाजपा ने सत्ता में आते ही दिल्ली को 15 साल पीछे धकेल दिया है।

## अभिजीत अय्यर मित्रा को झटका, एफआईआर पर रोक का आदेश दिल्ली एचसी से रद्द

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाई कोर्ट ने डिफेंस एनालिस्ट अभिजीत अय्यर मित्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने पर लगी रोक को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए सत्र अदालत के आदेश को रद कर दिया। अदालत ने कहा कि बिना कारण दिया गया रोक का आदेश टिक नहीं सकता और इस तरह की रोक संतोषजनक नहीं है। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने ऑनलाइन मीडिया पोर्टल न्यूजलांड्री की एडिटोरियल निदेशक मनीषा पांडे की याचिका पर सुनवाई करते हुए चार मई 2026 के सत्र अदालत के आदेश को निरस्त कर दिया और मामले को दोबारा सुनवाई के लिए वापस भेज दिया। वहीं, मित्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने भी स्वीकार किया कि बिना कारण वाला आदेश टिक नहीं सकता। 22 मई को अदालत में पेश होने का आदेश हाई कोर्ट ने निर्देश दिया कि सत्र अदालत दोनों पक्षों को सुनकर एक कारणयुक्त आदेश पारित करे। अदालत ने पक्षकारों को 22 मई को सत्र अदालत में पेश होने को कहा है। दरअसल, 23 अप्रैल को मजिस्ट्रेट अदालत ने मित्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मनीषा पांडे समेत न्यूजलांड्री की नौ महिला पत्रकारों के खिलाफ आपत्तिजनक यौन टिप्पणियां की थीं।

## क्या आप 'बापू' से कुछ पूछना चाहते हैं? तो चले आइए प्रधानमंत्री संग्रहालय

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री संग्रहालय में आने वाले आगंतुक अब महात्मा गांधी के कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संचालित 3डी अवतार से बातचीत कर सकते हैं। संग्रहालय ने बुधवार को एआई-संचालित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया, जो अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से बापू की आत्मा को जीवंत करती है। एआई-संचालित इंटरैक्टिव होलोबाक्स इंस्टालेशन प्रधानमंत्री संग्रहालय में इस प्रकार की तीसरी प्रदर्शनी है। 25 मार्च को दी थी कि संग्रहालय ने मई के अंत में एआई आधारित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के होलोबॉक्स को शुरू करने की योजना बनाई थी। तीसरा होलोबॉक्स लॉन्च किया गया एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बेहतर संवाद और आगंतुकों की संतुष्टि के लिए संग्रहालय ने प्रौद्योगिकी के उपयोग को मजबूत किया है। उन्होंने बताया कि संग्रहालय ने आज अपना तीसरा एआई-संचालित इंटरैक्टिव होलोबॉक्स लॉन्च किया।

# दिल्ली-एनसीआर में कैब-ऑटो की हड़ताल, 68 से ज्यादा यूनियन 'चक्का जाम' में शामिल

### बेहतर वेतन और एप पॉलिसी की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआइएमटीसी) के आह्वान पर व्यावसायिक वाहनों की तीन दिवसीय हड़ताल आज गुरुवार (21 मई) से शुरू हो गई है। इस हड़ताल में कैब-ऑटो और ट्रक सहित व्यावसायिक गाड़ियां शामिल हैं। 68 से ज्यादा यूनियन ने 21 मई से 23 मई तक 'चक्का जाम' में शामिल होने का एलान किया है। हड़ताल के चलते एनसीआर के लाखों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यूनियनों की मांग है कि ईंधन (पेट्रोल-डीजल और सीएनजी) की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बाद दिल्ली-एनसीआर में किराए में संशोधन किया जाए। साथ ही एप पॉलिसी की मांग की है। हड़ताल का आह्वान कमर्शियल वाहन यूनियनों ने किया है, जिसमें 'चालक शक्ति यूनियन' भी शामिल है। इस यूनियन ने दिल्ली के उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और पुलिस कमिश्नर को लेटर लिखकर उन्हें इस आंदोलन के संबंध में जानकारी दी है। इस पत्र में यूनियन ने तर्क दिया है कि दिल्ली-एनसीआर में टैक्सी और कमर्शियल वाहनों




का किराया पिछले लगभग 15 सालों से नहीं बदला है, जबकि सीएनजी, पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इसमें कहा गया है कि ईंधन की कीमतों में बार-बार हुई बढ़ोतरी के कारण ड्राइवरों के लिए अपने खर्चों का प्रबंधन करना मुश्किल होता जा रहा है।

**गुरुग्राम में ट्रांसपोर्ट यूनियन की हड़ताल का असर नहीं:** ट्रांसपोर्ट यूनियन की हड़ताल से गुरुग्राम में कोई असर नहीं है। यहां की गाड़ियां दिल्ली नहीं जायेंगी। ट्रांसपोर्ट यूनियन के लोग इन्हें बॉर्डर पर रोकेंगे। दिल्ली से गुरुग्राम आने पर कोई रोक नहीं है। गुरुग्राम की गाड़ियां गुरुग्राम में चलती रहेंगी।

**क्या है यूनियनों की मांगें?**= टैक्सी और ऑटो के किराए में तुरंत बदलाव किया जाए। कमर्शियल गाड़ियों पर लगाए गए एनवायरनमेंट कंपनसेशन चार्ज में बढ़ोतरी को वापस लिया जाए। नवंबर 2026 से दिल्ली-एनसीआर में क्र्स-4 और उससे पुरानी कमर्शियल गाड़ियों के आने पर लगाए जाने वाले प्रस्तावित बैन पर फिर से विचार किया जाए। एप-बेस्ड कैब एग्रीगेटर्स पर और सख्त नियम लागू किए जाएं। बढ़ते ऑपरेशनल खर्च और ईंधन की कीमतों से राहत दी जाए। ट्रांसपोर्टरों ने हाल ही में हुई बढ़ोतरी पर भी आपत्ति जताई है, जिसके तहत दिल्ली में आने वाली हल्की कमर्शियल गाड़ियों और ट्रकों के लिए चार्ज में भारी बढ़ोतरी की गई थी।

## गाजियाबाद में नहीं दिखा हड़ताल का असर, सड़कों पर दौड़ रहे ऑटो-टैक्सी और कैब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रांसपोर्ट यूनियन की ओर से अपनी मांगों को लेकर तीन दिन (21 मई से 23 मई) तक चक्का जाम की अपील की है। इसका असर फिलहाल गाजियाबाद में कम दिख रहा है। ऑटो और कैब सड़क पर चल रही हैं, सिर्फ लोडिंग वाहनों के लिए चक्का जाम की अपील की गई है। हालांकि, हाईवे पर लोडिंग वाहन भी चलते दिख रहे हैं। गाजियाबाद ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी सौदान सिंह गुर्जर ने बताया कि अभी वाहन चालकों को समझाया जा रहा है, जो वाहन बाहर गए थे वह वापस आ रहे हैं। बताया कि जो वाहन जिले में आए हैं।



# एक्सीडेंट में घायल 8 साल के बच्चे को मुआवजे से इनकार, कोर्ट ने दावा खारिज कर बोला- सिर्फ चार्जशीट ही काफी नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुंदर नगरी में सड़क हादसे में घायल आठ साल के बच्चे को मुआवजा देने से इनकार करते




हुए कड़कड़डूमा अदालत ने कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि केवल चार्जशीट के आधार पर जिम्मेदारी तय नहीं की जा सकती। अदालत ने साफ कहा कि दावों को साबित करने के लिए विश्वसनीय और ठोस साक्ष्य अनिवार्य हैं। ऐसा नहीं करने पर हर मामले में बिना जांच के मुआवजा देना पड़ेगा। दिल्ली मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूरल ने 2023 के एक सड़क हादसे से जुड़े मामले में यह फैसला सुनाया।

पीठासीन अधिकारी विजय कुमार झा ने कहा कि याचिकाकर्ता यह साबित करने में असफल रहे कि बच्चे को गंभीर चोटें लापरवाह और तेज रफ्तार ड्राइविंग के कारण लगी थीं। मामला सुंदर नगरी का है, जहां मार्च 2023 में आठ वर्षीय आतिफ अपने पिता के साथ सड़क पार कर रहा था। आरोप था कि एक मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मारी। साक्ष्यों और गवाहियों में सामने आए विरोधाभाष इस मामले में नंद नगरी थाने में केस दर्ज कर चार्जशीट भी दायर की गई थी। ट्रिब्यूनल को साक्ष्यों और गवाहियों में कई विरोधाभास मिले। अस्पताल के रिकॉर्ड में यह नहीं पाया गया कि बच्चे के पिता उसे अस्पताल लेकर गए थे।

अदालत ने कहा कि यदि केवल चार्जशीट के आधार पर मुआवजा दिया जाए, तो न्यायिक प्रक्रिया का उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा। साथ ही जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि महत्वपूर्ण गवाहों और परिस्थितियों की ठीक से जांच नहीं की गई। ट्रिब्यूनल ने यह भी पाया कि हादसे में शामिल बताए गए वाहन की पहचान संदिग्ध है और संभावना है कि उसे बाद में मामले में प्लांट किया गया हो। इसके बाद मुआवजे की मांग को खारिज कर दिया गया।

# दिल्ली में बिजली की मांग ने बनाया नया रिकॉर्ड, न्यूनतम डिमांड भी पहुंची 5000 एमडब्ल्यू के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले कई दिनों से तापमान बढ़ने के साथ ही लू की स्थिति बनी हुई है। इससे बिजली की खपत बढ़ गई है। मई माह में ही मांग आठ हजार मेगावाट से ऊपर पहुंच गई है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार



मांग अधिक है। अधिकतम मांग के साथ ही न्यूनतम मांग में भी वृद्धि देखी जा रही है। इससे पहले मई में बिजली की मांग आठ हजार मेगावाट से अधिक वर्ष 2024 में पहुंची थी। उस वर्ष भी 29, 30 व 31 मई को मांग आठ हजार मेगावाट से अधिक पहुंची थी। इस बार 20 मई को ही मांग आठ हजार से ऊपर दर्ज की गई है। वहीं, न्यूनतम मांग भी पांच हजार मेगावाट से ऊपर पहुंच गई है।

मई के शुरू में न्यूनतम मांग चार हजार मेगावाट के आसपास रहती थी। पिछले सप्ताह यह लगभग 45 सौ मेगावाट के आसपास थी। बुधवार को यह 5174 मेगावाट दर्ज हुई थी। बृहस्पतिवार को यह बढ़कर 5211 मेगावाट पहुंच गई। बिजली वितरण अधिकारियों का कहना है कि तापमान अधिक बढ़ने व लू के कारण एयर कंडीशनर, कूलर सहित अन्य उपकरण अधिक प्रयोग किए जा रहे हैं जिससे बिजली की मांग बढ़ रही है। कुछ स्थानों पर लोड बढ़ने से ट्रिपिंग की समस्या भी हो रही है।

# दिल्ली में दो अंतरराज्यीय बदमाश गिरफ्तार, नोएडा की 12 वारदातों का हुआ खुलासा; चोरी की 6 बाइक बरामद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पूर्वी जिले में एएटीएस टीम ने दो शातिर अंतरराज्यीय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से छह चोरी के दोपहिया वाहन और झपटमारी के पांच मोबाइल बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान राजबीर कॉलोनी निवासी मनोज उर्फ विनय उर्फ टिल्लू और अनुराग उर्फ अंकित के रूप में हुई है। जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार रावल ने बताया कि पुलिस टीम इलाके में गश्त, बदमाशों पर निगरानी और तकनीकी सर्विलांस का सहारा ले रही है। इसी दौरान 19 मई को सूचना मिली कि नोएडा में मोबाइल स्नैचिंग की वारदात में शामिल दो बदमाश चोरी की बाइक पर न्यू अशोक नगर इलाके में आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जाल बिछाया। कुछ देर बाद काले रंग की हीरो स्प्लेंडर बाइक पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे, लेकिन टीम ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार जांच में पकड़ी गई बाइक थाना मंडावली से चोरी की निकली।

पूछताछ के बाद पुलिस ने उनकी निशानदेही पर गढ़ोली स्थित गोशाला रोड के पास छिपाकर रखी गई 4 और चोरी की मोटरसाइकिल, एक स्कूटी तथा 5 मोबाइल फोन बरामद




किए। नोएडा के 12 मामलों का हुआ खुलासा पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी वाहन चोरी, मोबाइल स्नैचिंग और लूट की कई वारदातों में शामिल रहे हैं। इस कार्रवाई से ईस्ट डिस्ट्रिक्ट और नोएडा के कुल 12 मामलों का खुलासा हुआ है। फिलहाल पुलिस इनके अन्य साथियों और चोरी का सामान खरीदने वाले नेटवर्क की जांच कर रही है।

# क्यूबा पर बढ़ते तनाव के बीच कैरेबियन सागर पहुंचा यूएसएस निमित्ज, अमेरिका ने बढ़ाई सैन्य मौजूदगी

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव ने अब सैन्य मोर्चे पर भी हलचल बढ़ा दी है। अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस निमित्ज अपने स्ट्राइक ग्रुप के साथ कैरेबियन सागर में पहुंच गया है। यह जानकारी 'द हिल' की एक रिपोर्ट में सामने आई है। यह तैनाती ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा के प्रति अपनी बयानबाजी तेज कर दी है और इस द्वीपीय राष्ट्र के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी है। रिपोर्ट के अनुसार,



इस तैनाती का उद्देश्य क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को मजबूत करना है। अमेरिकी नौसेना के इस शक्तिशाली स्ट्राइक ग्रुप में एफ/ए-18ई सुपर हॉर्नेट लड़ाकू विमान, ईए-18जी ग्रोवलर इलेक्ट्रॉनिक युद्धक विमान और सी-2 ग्रेहाउंड सपोर्ट एयरक्राफ्ट शामिल हैं। इसके साथ यूएसएस ग्रिडली विध्वंसक युद्धपोत और स्हस-पटक्सेंट ईंधन आपूर्ति पोत भी मौजूद हैं। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यूएसएस निमित्ज ने ताइवान जलडमरूमध्य से लेकर अरब की खाड़ी तक, स्थिरता सुनिश्चित करते हुए और लोकतंत्र की रक्षा करते हुए दुनिया भर में अपनी युद्ध क्षमता साबित की है। 1975 में कमीशन किए गए इस एयरक्राफ्ट कैरियर ने हाल ही में रियो डी जनेरियो के तट पर ब्राजील की नौसेना के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग लिया था। यह जानकारी ब्राजील में अमेरिकी दूतावास द्वारा दी गई थी।

# न्यू मैक्सिको में रहस्यमयी पदार्थ के संपर्क में आने से तीन लोगों की मौत, कई राहतकर्मी प्रभावित

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** न्यू मैक्सिको के माउंटेनएयर इलाके में एक संदिग्ध ड्रग ओवरडोज मामले में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, राहत और बचाव कार्य में शामिल कई आपातकर्मी एक अज्ञात पदार्थ के संपर्क में आने के बाद बीमार पड़ गए। न्यू मैक्सिको स्टेट पुलिस के अनुसार, अल्बुकर्क के पूर्व में स्थित एक ग्रामीण घर में चार लोग बेहोशी की हालत में मिले थे। इनमें से तीन की मौत हो गई, जबकि चौथे व्यक्ति का इलाज अल्बुकर्क के एक अस्पताल में चल रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि राहत अभियान के दौरान 18 आपातकर्मी भी उस अज्ञात पदार्थ के संपर्क में आ गए। इसके बाद उनमें मतली और चक्कर आने जैसे लक्षण दिखाई दिए। सभी को यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू मैक्सिको हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी निगरानी की जा रही है।

स्टेट पुलिस के अधिकारी विल्सन सिल्वर ने बताया कि दो राहतकर्मियों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटनास्थल पर अल्बुकर्क फायर रेस्क्यू की टीम भी मौजूद है, जो उस पदार्थ की पहचान करने की कोशिश कर रही है। विल्सन सिल्वर ने कहा



कि शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि यह पदार्थ संपर्क के जरिए फैल सकता है और फिलहाल इसे हवा के जरिए फैलने वाला नहीं माना जा रहा है। जांच जारी रहने के बीच माउंटेनएयर के मेयर पीटर निएतो ने सोशल मीडिया पर कहा कि शुरुआती संकेत नशीले पदार्थों की ओर इशारा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आम लोगों के लिए फिलहाल कोई खतरा नहीं है और घर के आसपास सुरक्षा घेरा बना दिया गया है। हालांकि, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया पर समुदाय में बढ़ते नशे के इस्तेमाल को लेकर चिंता और नाराजगी जाहिर की। मेयर निएतो ने कहा कि स्थानीय पुलिस और राहतकर्मी रोजाना समुदाय की सुरक्षा और कठिन परिस्थितियों से निपटने के लिए काम करते हैं, लेकिन नशे और मादक पदार्थों की लत पूरे राज्य और देश की बड़ी समस्या बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का कोई आसान या त्वरित समाधान नहीं है और स्थायी बदलाव के लिए परिवार का सहयोग, जवाबदेही, शिक्षा और मदद स्वीकार करने की इच्छा जरूरी है।

# सिर्फ जन्मजात अमेरिकी ही संभालें सत्ता: अमेरिकी संसद में प्रस्ताव पेश; जमकर हो रहा विरोध

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में प्राकृतिक रूप से नागरिकता हासिल करने वाले लोगों के अधिकारों को लेकर नई बहस छिड़ गई है। रिपब्लिकन सांसद नैन्सी मेस ने एक संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें प्राकृतिक रूप से अमेरिकी नागरिक बने लोगों को कांग्रेस सदस्य, संघीय न्यायाधीश और सीनेट की पुष्टि वाले महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त होने से रोकने की मांग की गई है। इस प्रस्ताव को लेकर डेमोक्रेटिक नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और इसे नस्लवादी, घृणित और विदेशी मूल के लोगों के खिलाफ बताया है। साउथ कैरोलिना की सांसद मेस ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि उन्होंने लंबे समय से लंबित संवैधानिक संशोधन पेश किया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति बनने के लिए पहले से ही नेचुरल बॉर्न सिटिजन यानी जन्म से अमेरिकी नागरिक होना जरूरी है, इसलिए यही



नियम कांग्रेस, संघीय अदालतों और सीनेट से मंजूर होने वाले पदों पर भी लागू होना चाहिए। मेस ने अपने पोस्ट में डेमोक्रेटिक सांसदों इल्हान उमर, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार की तस्वीरें भी साझा कीं।

# कौन बनेगा अमेरिका का अगला राष्ट्रपति, जेडी वेंस, मार्को रुबियो में ट्रंप की पसंद कौन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उत्तराधिकारी और साल 2028 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार को लेकर अंदरूनी राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। वाइट हाउस का प्रेस ब्रीफिंग रूम इन दिनों इस आगामी मुकाबले के लिए एक अनौपचारिक ऑडिशन स्टेज में तब्दील हो चुका है। दो हफ्ते पहले विदेश मंत्री मार्को रुबियो के पोडियम संभालने के बाद अब उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस भी मीडिया के सामने मोर्चा संभालते नजर आते हैं। वाइट हाउस की नियमित प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट के मैटरनिटी लीव पर होने के कारण दोनों बड़े नेताओं को बैक-टू-बैक प्रेस ब्रीफिंग की जिम्मेदारी दी गई, जिसे विशेषज्ञ 2028 की दावेदारी के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देख रहे हैं। मंगलवार को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने लगभग एक घंटे तक पत्रकारों के तीखे और उलझाते सवालों का सामना किया। इस दौरान पत्रकारों के एक साथ चिल्लाने और सवाल पूछने की होड़ पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मार्को रुबियो बिल्कुल सही कह रहे थे, यह जगह वाकई किसी अराजकता से कम नहीं है। वेंस ने पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था पर भी हल्के-फुल्के अंदाज में मजाक किया। हालांकि, नीतिगत सवालों के जवाब देते समय उनका लहजा काफी नपा-तुला और संयत था। यह



राष्ट्रपति ट्रंप की सीधी और आक्रामक शैली से अलग छाप छोड़ रहा था। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जेडी वेंस ने ट्रंप प्रशासन की नीतियों का पुरजोर समर्थन किया। वेंस ने ईरान के खिलाफ उठाए गए कदमों को सही ठहराते हुए प्रशासन के फैसले का बचाव किया। वहीं, राजनीतिक उत्पीड़न के शिकार होने का दावा करने वाले ट्रंप के सहयोगियों को मुआवजा देने के लिए बनाए गए नए 1.7 अरब डॉलर के फंड को उन्होंने जायज ठहराया। ब्रीफिंग के दौरान जब एक पत्रकार ने वेंस को संभावित भावी उम्मीदवार कहकर संबोधित किया, तो वेंस ने तुरंत स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा, मैं कोई संभावित भावी उम्मीदवार नहीं हूं। मैं अभी देश का उपराष्ट्रपति हूं। मुझे अपना काम बेहद पसंद है और मैं इस जिम्मेदारी को जितनी अच्छी तरह से हो सके इसे निभाने की कोशिश कर रहा हूं। भले ही जेडी वेंस और मार्को रुबियो दोनों ही 2028 की अपनी राष्ट्रपति बनने की महत्वाकांक्षाओं को सार्वजनिक रूप से तवज्जो नहीं दे रहे हैं, लेकिन खुद डोनाल्ड ट्रंप इस रेस को हवा देने में पीछे नहीं हैं। पिछले हफ्ते वाइट हाउस के रोज गार्डन में आयोजित एक डिनर के दौरान ट्रंप ने मेहमानों का मूड भांपने के लिए पूछा, जेडी वेंस किसे पसंद हैं? और मार्को रुबियो किसे पसंद हैं? दोनों ही नामों पर मेहमानों ने लगभग बराबर उत्साह के साथ तालियां बजाईं। ट्रंप ने कहा कि अगर ये दोनों नेता एक साथ चुनावी मैदान में उतरें तो यह एक परफेक्ट टिकट होगा।

# लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैंबर तोड़े जाने के विरोध में बोकारो के अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने लखनऊ में वकीलों के चैंबर को बर्बरता पूर्ण करवाई कर तोड़े जाने का विरोध करती है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बोकारो के अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लखनऊ में अधिवक्ताओं के साथ घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना तथा अधिवक्ताओं के चैंबरों को तोड़े जाने की घटना के विरोध में बोकारो के तमाम अधिवक्ता विरोध प्रकट कर रहे है। बोकारो कोर्ट परिसर में बोकारो के अधिवक्ताओं ने एक स्वर से इस घटना की निंदा की है और सरकार से जल्द अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। बोकारो के तमाम अधिवक्ता लखनऊ के अधिवक्ताओं के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शित कर सरकार तक यह संदेश पहुंचाया कि बोकारो समेत देश भर के अधिवक्ता लखनऊ के अधिवक्ताओं के साथ मजबूती से खड़ा है तथा इस घटना में संलिप्त दोषी व्यक्तियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी मांग की है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने हेतु अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को अविलंब झारखंड सहित पूरे भारत में लागू किया जाए, ताकि भविष्य में अधिवक्ताओं के साथ इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। यह विरोध कार्यक्रम अधिवक्ता समाज की एकता, गरिमा एवं अधिकारों की रक्षा हेतु शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता राम लाल गोप, शंकर कुमार महतो, प्रवीण कुमार पांडेय, राजीव कुमार, संजय कुमार, अशोक कुमार श्रीवास्तव, अतुल कुमार, दीप्ति कुमारी, दीपिका सिंह,सबिता, उत्तम, राज बब्बर, वंशिका सहाय, दीप्ति सिंह, संजीत कुमार सिंह, हसनैन आलम, संपूर्ण चंद्र लायक, ज्योति प्रकाश चौधरी, फटीक चंद्र सिंह, रंजन कुमार मिश्रा, सुनील चांडक, राणा प्रताप शर्मा समेत सैकड़ों अधिवक्ता शामिल थे।



# तीन पुलिस अधिकारियों ने संभाला अपना पदभार





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में आज तीन नए पुलिस अधिकारियों ने अपना योगदान दिया। इनमें एएसपी चास वेदांत शंकर, डीएसपी मुख्यालय पवन कुमार और सिटी डीएसपी राजीव रंजन शामिल हैं। पदभार संभालते ही अधिकारियों ने बेहतर कानून व्यवस्था और मजबूत पुलिसिंग का भरोसा दिलाया। पत्रकारों से बातचीत में अधिकारियों ने कहा कि आम जनता का पुलिस पर विश्वास मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी। अपराध नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई और जनता से बेहतर समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पुलिस और आम लोगों के बीच बेहतर संवाद स्थापित कर शहर में शांति और सुरक्षा का माहौल कायम रखा जाएगा। एएसपी चास वेदांत शंकर ने कहा कि चास घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान मौजूद हैं। पुराने लंबित मामलों के निष्पादन और आर्थिक अपराधों पर तकनीकी सहायता से लगाम लगाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए उनका कार्यालय हमेशा खुला रहेगा। डीएसपी पवन कुमार और सिटी डीएसपी राजीव रंजन ने भी प्रभावी पुलिसिंग और जनता के सहयोग से बेहतर कानून व्यवस्था कायम रखने की बात कही।



## संक्षिप्त समाचार

### बकरीद को लेकर चास थाना में शांति समिति की बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में बकरीद सम्पन्न करने को लेकर बोकारो पुलिस तैयारियों में जुट गई है। सभी थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर समाज के प्रबुद्ध लोगों से विचार विमर्श कर रही है। इसी क्रम में चास थाने में भी शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद मनाने को लेकर आपस में चर्चा की गई। इस दौरान सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई करने की भी बात कही गई।बैठक की अध्यक्षता चास थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि जो भी बकरीद के त्यौहार में खलल डालने का काम करेंगे उन पर सख्त कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया में किसी भी तरह का भड़काऊ पोस्ट अगर किसी भी व्यक्ति को देखने को मिलता है तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। संवेदनशील जगह को भी चिन्हित करने का काम किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस फोर्स की भी तैनाती इलाके में रहेगी।



### जीत दर्ज करने वाले प्रतिभागियों को डालसा ने किया सम्मानित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 90 दिवसीय आउटरीच एवं अवेयरनेस अभियान के तहत गुरुवार को झारखंड बालीका आवासीय विद्याल धनबाद में वाद - विवाद, निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



जिसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि प्रतियोगिता में विजयी पायल, वीणा बासुकी, रुपाली कुमारी, जयंती कुमारी, बेबी मोदी, प्रिया किसकु, मोना भंडारी, राखी कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया और साथ ही छात्राओं को बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज उत्पीड़न एवं मौलिक अधिकार और कर्तव्य की विशेष जानकारी दी गई इस दौरान सहायक एलएडीसीएस सुमन पाठक ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जा रही निशुल्क विधिक सहायता के विषय में जानकारी दी' कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्डन -सह शिक्षिका मीरा कुमारी,सहायक शिक्षिका कुमारी पुष्पा, शिक्षिका शांति कुमारी, कविता मण्डल, नीतू कुमारी, सना नदीम, आरती कुमारी, पूनम कुमारी, सारिका कुमारी।डालसा कि और से राजेश कुमार सिंह , रिचा प्रसाद , जितेंद्र नाथ पांडे उपस्थित रहे ।

### धनसार पुलिस ने 5 किलो गांजा के साथ 2 तस्करों को किया गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनसार थाना पुलिस ने रेलवे यार्ड, काठपुल बरमसिया के पास छापेमारी कर गांजा तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी:मुकेश राम पिता-स्व. रामजी राम, निवासी- बरमसिया, थाना- धनसार और दुसरा राहुल कुमार मोदी पिता- स्व. राजेंद्र मोदी, निवासी- बरमसिया, थाना- धनसार का रहने वाला है। धनसार थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि रेलवे यार्ड के पास गांजा की खरीद-बिक्री हो रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। तलाशी में उनके पास से प्लास्टिक की थैली में रखा 5 किलो गांजा मिला। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने गांजा तस्करी में शामिल अन्य लोगों के नाम भी बताए हैं, जिस पर पुलिस आगे जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में नशा के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



### दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि मनाई गई

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की तेतुलमारी वेस्ट मोदीडीह में पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में झामुमो सदस्य सह पूर्व विधायक प्रत्याशी बाघमारा विशाल बाल्मीकि उपस्थित हुए। इस मौके पर सुनील पासी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य में स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की बहुत बड़ी भूमिका रही थी। आज स्वर्गीय दुर्गा सोरेन हमारे बीच नहीं है पर हम सब को मिल कर उनके अधूरे सपनों को पूरा करना है।



झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता विशाल वाल्मीकि ने कहा की स्वर्गीय दुर्गा सोरेन झारखंड के एक महान नेता थे। कहा, स्वर्गीय दुर्गा सोरेन मन में बसते हैं और वो झारखंड में गरीबों के मसीहा थे। उनकी कमी हमेशा रहेगी। मौके पर दीपक राय, बब्लू रवानी, राजकुमार बाल्मीकि, जुगलू पासी, शंकर दास सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर धनबाद के कांग्रेसियों द्वारा गांधी सेवा सदन में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लेकर स्वर्गीय राजीव गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश्वर सिंह यादव ने की। मंच संचालन हुमायूँ रजा ने किया। सभा की शुरूआत स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने का कार्य किया। सूचना क्रांति, कंप्यूटर तकनीक, दूरसंचार विस्तार, पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने तथा युवाओं को राजनीति में भागीदारी देने जैसे ऐतिहासिक निर्णयों के माध्यम से उन्होंने भारत के विकास की नई नींव रखी। आज देश जिस डिजिटल और तकनीकी प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसकी आधारशिला राजीव गांधी ने ही रखी थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक प्रकाश लाल, अवधेश पासवान , श्रीराम चौरसिया ,वैभव सिन्हा, प्रसाद निधि, अनवर शमीम , डी. के. सिंह, माधो सिंह, लखन बेसरा, राजीव रंजन चौबे, मनोज सिंह , बबलू दास , मोइन अंसारी, शाहीर खान, कमता पासवान, प्रीतम रवानी सहित धनबाद जिले के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# बाल संस्कार केंद्र के बच्चों के बीच दूध और पाठ्य सामग्री का वितरण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सक्षम के कोषाध्यक्ष एवं सेवा भारती के पूर्व सचिव राम वचन सिंह की छोटी बहु शालिनी कुमारी की प्रथम पुण्यतिथि पर बोकारो महानगर के सेवा भारती के रानी पोखर स्थित श्रीराम बाल संस्कार केंद्र पर वात्सल्य दुग्ध योजना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ राम वचन सिंह द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। बाल संस्कार केन्द्र के बच्चों ने दीप मंत्र,.ब्रह्मनाद, गायत्री मंत्र एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। दिवंगत आत्मा की शांति और सद्गति के लिए दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बच्चों के बीच बिस्कुट का पैकेट,दूध,कलम आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित करने में निरीक्षक कृष्णा कुमार, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षिका नमिता देवी, केन्द्र की शिक्षिका सोनी कुमारी एवं अन्यान्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। धन्यवाद ज्ञापन कृष्णा कुमार द्वारा ज्ञापित किया गया।



# बांसजोड़ा गोलीकांड में 9 गिरफ्तार, देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोयाबाद थाना क्षेत्र स्थित बांसजोड़ा बस्ती में बीते बुधवार को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, पत्थरबाजी और गोलीबारी हुई। घटना में दो लोगों को गोली लगी जबकि कई अन्य घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं घटनास्थल से एक देशी पिस्टल, तीन जिंदा गोली और छह क्षतिग्रस्त चारपहिया वाहन जब्त किया हैं। इस संबंध में गुरुवार को ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस को बुधवार दोपहर करीब तीन बजे सूचना मिली थी कि बांसजोड़ा बस्ती में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प और फायरिंग हो रही है। सूचना मिलते ही लोयाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान घटनास्थल पर भारी भीड़ जुटी हुई थी और छह चारपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हालत में मिले, जिनके शीशे टूटे हुए थे। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। देखते ही देखते मामला मारपीट, पत्थरबाजी और गोलीबारी तक पहुंच गया। इस घटना में किशुन रवानी और विष्णु प्रमाणिक को गोली लगी है, जबकि कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में रजनी कुमारी, राजेश कुमार महतो, धर्मेंद्र महतो, मेराज अंसारी, अमीत महतो समेत अन्य शामिल हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।



# उप विकास आयुक्त ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**महुदा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने गुरुवार को बाघमारा प्रखंड के कांड्रा पंचायत का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पीसीसी पथ निर्माण, तालाब निर्माण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया गया। उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने मुखिया रिंकू देवी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास योजनाओं को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि आम लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की बात कही।



# बीएसएल के परियोजना विभाग में सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के परियोजना विभाग में एक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में परियोजना विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, इंजीनियर इन्चार्ज तथा ठेका श्रमिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान सभी को सर्वप्रथम सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई गई तथा सभी प्रतिभागियों को टी.बी.टी. के माध्यम से बनाए गए सुरक्षा संबंधी कार्यों की जानकारी दी गई. इसके साथ ही उन्हें गर्मी से बचाव के तरीके, हाउसकीपिंग, ऊँचाई पर कार्य करने के दौरान सावधानियाँ, पी.पी.ई. के उपयोग एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के पालन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई. कार्यक्रम के दौरान दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान, सुरक्षा संबंधी पहलु तथा उनके समाधान पर भी चर्चा की गई. कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने अपने उद्बोधन में श्रमिकों को सुरक्षित कार्य संस्कृति अपनाने और सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दस श्रमिकों को सुरक्षा के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए पुरस्कृत भी किया गया. पुरस्कार प्राप्त करने वाले श्रमिकों ने भी इस अवसर पर अपने सुझाव दिए और सुरक्षा, सतर्कता, संभावित खतरों व समाधानों जैसे विषयों विचार रखे. कार्यक्रम के अंत में परियोजना विभाग की ओर से सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया.




# सेल ने एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रोग्राम के लिए एमडीआई के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यू और मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुड़गांव ने 20 मई, 2026 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. कंपनी के नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में हुआ यह समझौता, सेल में भविष्य की कमान संभालने वाले लीडर्स को तैयार करने के उद्देश्य से एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रोग्राम्स पर मिलकर काम करने के लिए किया गया है. यह साझेदारी अकादमिक ज्ञान को व्यावहारिक इस्तेमाल के साथ जोड़ेगी. इसके तहत कस्टमाइज्ड लीडरशिप प्रोग्राम्स, रणनीति और इनोवेशन पर आधारित लर्निंग इंटरवेंशन, मापने योग्य व्यावसायिक प्रभाव के लिए 'एक्शन लर्निंग', ओवरसीज लर्निंग प्रोग्राम, संयुक्त रिसर्च व कंसल्टिंग और कंपनी के अधिकारियों की जरूरतों के हिसाब से तैयार किए गए केस स्टडीज शामिल होंगे. इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिसेज के साथ तालमेल बिठाते हुए संगठनात्मक क्षमता को मजबूत करना है. इस समझौता ज्ञापन पर सेल के एमटीआई के कार्यपालक निदेशक (एचआर - एलएंडडी) संजय धर और एमडीआई, गुड़गांव की प्रोफेसर सुमिता राय ने हस्ताक्षर किए. इस अवसर पर सेल के निदेशक (कार्मिक) के. के. सिंह और सेल तथा एमडीआई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे.



# 1984 सिख विरोधी दंगा पीड़ितों के लंबित मुआवजा मामलों की उपायुक्त ने की समीक्षा





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने वर्ष 1984 सिख विरोधी दंगा से प्रभावित पीड़ितों के मुआवजा भुगतान से संबंधित लंबित आवेदनों की समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी,अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल डांढा, डीसीएलआर चास श्री प्रभाष दत्ता, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा शालिनी खालको, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, पीड़ितों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान बताया कि वर्ष 1984 सिख विरोधी दंगा से प्रभावित 71 पीड़ितों के मुआवजा भुगतान का सत्यापन आयोग द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में जिले में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित फाइलों को देखने, एक इंडेक्स पंजी तैयार करने तथा सेक्टर-9 एवं माराफारी थाना में सिख दंगों से संबंधित सभी अभिलेखों की जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित रखने एवं व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने को भी कहा। उपायुक्त ने पीड़ितों को नियमित पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने तथा इसकी नियमित समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

# सारंडा-कोल्हान के सक्रिय नक्सलियों पर दर्ज हैं कई गंभीर केस

**चाईबासा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिमी सिंहभूम और सारंडा क्षेत्र में वर्षों तक सक्रिय रहे कई नक्सलियों के खिलाफ हत्या, लेवी वसूली, पुलिस बल पर हमला, विस्फोटक अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मामले दर्ज रहे हैं. सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार इन नक्सलियों ने जंगल क्षेत्रों में संगठन का नेटवर्क मजबूत करने, ग्रामीणों को प्रभावित करने और हथियारबंद दस्तों के संचालन में अहम भूमिका निभाई थी. नीति माई उर्फ नीति हेंब्रम का संबंध सारंडा जंगल क्षेत्र के एक आदिवासी परिवार से बताया जाता है. उसके पिता का नाम नापो उर्फ गुमिदा हेंब्रम है. ग्रामीण इलाकों में गरीबी, प्रशासन की कमजोर पहुंच और नक्सली प्रभाव के कारण वह कम उम्र में ही माओवादी संगठन से जुड़ गई थी. शुरूआती दौर में निति दस्ते के लिए राशन पहुंचाने, संदेश देने और ग्रामीण नेटवर्क तैयार करने का काम करती थी.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK